फाल्गुन, कृष्ण पक्ष 4, वर्ष 11, अंक 291, पृष्ठ 12, मूल्य: 5.00

प्रयागराज, शुक्रवार, 10 फरवरी, 2023

# जनसंदेश टाइम्स

परख सच की

प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित

नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news



अंदर - गांधी का वह 'आचार्य' शिष्य



अन्दर : अश्विन ने रचा इतिहास, टेस्ट क्रिकेट में पूरे किए 450 विकेट

# नेहरू, इंदिरा का नाम लेकर पीएम मोदी ने बोला कांग्रेस पर हमला

## पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 50 बार अनुच्छेद 356 का किया दुरुपयोग

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर कई दिनों तक चली चर्चा का गुरुवार को जवाब देते हुए पीएम मोदी ने कांग्रेस पार्टी पर नाम को लेकर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों को सरकार की योजनाओं के नाम और नामों में संस्कृत शब्दों से दिक्कत थी। मैंने एक रिपोर्ट में पढ़ा कि 600 सरकारी योजनाएं गांधी-नेहरू परिवार के नाम पर थीं। मुझे समझ नहीं आता कि उनकी पीढ़ी के लोग नेहरू को अपना उपनाम क्यों नहीं रखते, डर और शर्म की क्या बात है?

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि किस पार्टी और सत्ता में बैठे लोगों ने अनुच्छेद 356 का दुरुपयोग किया? 90 बार चुनी हुई सरकारें गिराई गईं, कौन थे वो लोग? एक प्रधान मंत्री ने अनुच्छेद 356 का 50 बार उपयोग किया और वह नाम है इंदिरा गांधी। केरल में कम्युनिस्ट सरकार चुनी गई जिसे पंडित नेहरू ने पसंद नहीं किया और उसे गिरा दिया गया। प्रधानमंत्री ने विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने अपने भाषण के दौरान कहा कि कांग्रेस ने साठ सालों में देश में मजबूत बुनियाद रखी और मोदी उसका श्रेय ले रहे हैं। मोदी ने कहा कि जब 2014 में वह देश के प्रधानमंत्री बने तो उन्हें नजर आया कि 60 साल में कांग्रेस के परिवार ने गड्ढे ही गड्ढे कर दिए हैं।

उन्होंने कहा, हो सकता है कि उनका इरादा नेक होगा, लेकिन उन्होंने गड्ढे ही गड्ढे कर दिए हैं। जब वह गड्ढे खोद रहे थे। छह-छह दशक बर्बाद कर दिये थे, उस समय दुनिया के छोटे-छोटे देश भी सफलता के शिखरों को छू रहे थेड्ड आगे बढ़ रहे थे। प्रधानमंत्री के भाषण के दौरान विपक्षी सदस्य अडाणी समूह से जुड़े मामले की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति गठित किए जाने की मांग को लेकर नारेबाजी कर रहे थे।

**किया कटाक्ष**

**बोले पीएम- 90 बार गिराई गईं चुनी हुई सरकारें**

**मोदी बोले- कांग्रेस ने देश के छह दशक बर्बाद कर दिये**



## हंगामे से राज्यसभा की बैठक स्थगित

**नई दिल्ली।** सत्ता पक्ष और विपक्षी सदस्यों के हंगामे की वजह से बृहस्पतिवार को राज्यसभा की बैठक दो बार के स्थगन के बाद शाम पांच बज कर 25 मिनट पर कल तक के लिए स्थगित कर दी गई। उच्च सदन में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का आज भोजनावकाश के बाद पीएम मोदी ने जवाब दिया। उस दौरान सदन में कांग्रेस सहित कुछ विपक्षी दलों के सदस्य अडाणी समूह पर हिंडनबर्ग रिपोर्ट में लगाए गए आरोपों की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति गठित किए जाने की मांग को लेकर नारेबाजी कर रहे थे। हंगामे के बीच ही प्रधानमंत्री ने चर्चा का जवाब दिया। इसके बाद कुछ विपक्षी सदस्यों द्वारा लाए गए संशोधनों को ध्वनिमत से खारिज कर दिया गया तथा राष्ट्रपति के अभिभाषण पर कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए धन्यवाद प्रस्ताव को ध्वनिमत से मंजूरी दे दी गई।

इसी बीच सत्ता पक्ष के सदस्यों ने मोदी मोदी के नारे लगाने शुरू कर दिये। सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन में वर्ष 2023-24 के बजट पर चर्चा शुरू करने के लिए कांग्रेस सदस्य शक्ति सिंह गोहिल का नाम पुकारा। गोहिल ने कहा कि सदन में व्यवस्था नहीं है और ऐसे में वह अपनी बात नहीं रख सकते। उन्होंने कहा कि पहले सदन में व्यवस्था बनाई जानी चाहिए। सभापति ने सदस्यों से शांत रहने और कार्यवाही चलने देने की अपील की। लेकिन अपनी बात का असर न होते देख उन्होंने तीन बज कर करीब 57 मिनट पर बैठक साढ़े चार बजे तक के लिए स्थगित कर दी। एक बार के स्थगन के बाद साढ़े चार बजे बैठक पुनः शुरू होने पर सदन में वही नजारा था।

सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्यों के हंगामे के बीच सभापति ने सदन के नेता और नेता प्रतिपक्ष को अपने कक्ष में आने के लिए कहा तथा बैठक पांच बज कर पंद्रह मिनट तक के लिए स्थगित कर दी। दो बार के स्थगन के बाद जब सवा पांच बजे बैठक पुनः शुरू हुई तब कांग्रेस सदस्य शक्तिसिंह गोहिल ने 2023-24 के बजट पर चर्चा शुरू की। लेकिन सत्ता पक्ष के कुछ सदस्यों ने मोदी मोदी के नारे शुरू किए और विपक्षी सदस्य मोदी अडानी भाई-भाई के नारे लगाने लगे। इस पर अप्रसन्नता जाहिर करते हुए सभापति ने कहा कि बार बार समझाने के बावजूद सदन की कार्यवाही बाधित की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि विपक्ष में बैठे एक वरिष्ठ सदस्य नियमों की जानकारी होने पर भी सदन में तख्ती दिखा रहे हैं जो ठीक नहीं है।

**नारेबाजी**

**विपक्ष ने सदन में लगाए सरकार विरोधी नारे**









# न्याय नहीं, बल्कि वोट के लिए चलता है बुलडोजर : अखिलेश

**शोक जताया**

**मृत गन व्यवसायी के परिजनों से मिले सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष**

**बलिया।** गन व्यवसायी स्व. नंदलाल गुप्त के परिजनों से मिलकर गुरुवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बातचीत की। उसके बाद स्व. गुप्त की पत्नी मोनी देवी से लगभग 20 मिनट तक वार्ता की। इसके बाद जैसे ही वे घर से बाहर निकले तो मीडिया कर्मियों ने उन्हें घेर लिया। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मीडिया के सवालों के जवाब पर कहा कि जिस तरह से पैसों का कारोबार चल रहा है, वह सीधे गैरकानूनी है।

कहा कि भाजपा और भाजपा के लोगों ने नोटबंदी की थी। बैंकों में पैसा भरा पड़ा हुआ है। इसके बावजूद भी व्यापरियों को सूदखोरों से पैसा लेना पड़ रहा है। सूदखोरों का हिसाब-किताब जो है, बहुत ही अलग है। पता नहीं कितना पैसा वसूलते हैं। पैसा नहीं मिलने पर धमकाते हैं। समय-समय पर प्रताड़ित करेंगे। स्व. नंदलाल के परिवार के लोगों की मांग थी कि पत्नी को सरकारी नौकरी और 50 लाख रुपये की मदद मिले। इनकी प्रापर्टी जो रजिस्ट्री हुई है, उसे कैंसिल किया जाए। यह तो सरकार के हाथ में है कि जब चाहे तब रजिस्ट्री कैंसिल कर सकती है। जो दोषी है, भाजपा का बुलडोजर जाए और उनको वही सजा दे, जो औरों को देती है। यदि भाजपा की सरकार दावा करती है कि बुलडोजर न्याय दिलाता है तो नंदलाल की पत्नी और परिवार को बुलडोजर न्याय कब दिलायेगा। कहा कि बुलडोजर न्याय के लिये नहीं, बल्कि वोट के लिये चलता है।



## मुकदमे में गवाही के लिए कोर्ट में पेश हुए आजम खां

**लखनऊ।** शाहजहांपुर में 28 साल पुराने एक मुकदमे में गवाही के लिए पूर्व मंत्री मोहम्मद आजम खां गुरुवार को सीजेएम कोर्ट में पेश हुए। गवाही की प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद आजम खां के विरुद्ध जारी जमानती वारंट अदालत ने समाप्त कर दिया। आजम खां अपने बेटे पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम के साथ न्यायालय पहुंचे थे। इस दौरान आजम खां ने मीडिया से कोई बातचीत नहीं की। आजम खां के अधिवक्ता फिरोज हसन खां और शालिनी ने बताया कि वर्ष 1995 में वह सहकारिता मंत्री थे। 28 अप्रैल 1995 को लखनऊ से रामपुर जाते समय मीरानपुर कटरा की किसान सेवा सहकारी समिति लिमिटेड के यूरिया स्टाक का निरीक्षण करने पहुंच गए थे। निरीक्षण में चार कट्टा यूरिया कम पाया गया। इसके अलावा भी अन्य अनियमितताएं मिलीं थीं। आजम खां ने अधिकारियों को जांच कर वैधानिक कार्रवाई के निर्देश दिए थे।

**मीडिया से बनाई दूरी, मुस्कुराकर चल दिए**

# फाइलेरिया की दवा खाने पर नौ बच्चों की तबियत बिगड़ी

## तीन से चार घण्टे में स्वस्थ होकर घर लौटे बच्चे

जनसंदेश न्यूज

**ज्ञानपुर।** जनपद के समस्त विद्यालयों में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत फाइलेरिया दूध अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें दो दिन में 820 स्कूलों काक आच्छादित किया गया, जिसमें कुल 19829 विद्यार्थियों को मिड मिल के बाद दवा का सेवन कराया गया। कुछ ग्राम सभाओं में कुछ बच्चों में दवा खाने के बाद प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। ग्राम सभा सिंहपुर, ज्ञानपुर में 325 बच्चों को तथा ग्राम सभा मल्लूपुर, ब्लॉक भदोही में 135 बच्चों को दवा का सेवन कराया गया। जिसमें कुल नौ बच्चों की प्रतिकूल प्रभाव मिचली, चक्कर आना, पेट दर्द, उल्टी हल्का बुखार दिखाई पड़ा, तभी कक्ष में बैठे अन्य छात्र इनको देख करके घबरा गए। बच्चों की तबियत खराब होने पर विद्यालय में हड़कम्प मच गया।





**बची जान**

**सीएमओ ने कहा- घबराने की कोई बात नही, दस प्रतिशत लोगों पर पड़ सकता हैं कुछ समय के लिए प्रतिकूल प्रभाव**

सूचना मिलने पर तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ज्ञानपुर एवं भदोही से रेडिरिस्पांस टीम ग्राम सभा सिंहपुर तथा मल्लूपुर में भेजी गयी। प्रभावित छात्रों को प्राथमिक उपचार हेतु जिला अस्पताल महाराजा चेतसिंह जिला चिकित्सालय ज्ञानपुर में लाया गया। गुरुवार की शाम तक सभी बच्चों को उपचार के उपरान्त घर भेज दिया गया। सभी बच्चे स्वस्थ हैं। सीएमओ डॉ. सन्तोष कुमार चक ने बताया कि सामान्यतया दस प्रतिशत लोगों में फाइलेरिया की दवा खाने के बाद इस तरह के प्रतिकूल प्रभाव दिखाई पड़ते हैं जो फाइलेरिया के छिपे रोगी हैं। ये प्रभाव तीन से चार घंटे के बाद स्वतः समाप्त हो जाते हैं। इसमें घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है।

# लखनऊ समेत बड़े शहरों में कहीं न बिगड़े यातायात व्यवस्था : योगी

## जीआईएस 2023 के दौरान सीएम योगी के सख्त निर्देश

**लखनऊ।** यातायात प्रबंधन को लेकर पूर्व में कई बड़े मौकों पर हुई चूक ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट व जी-20 सम्मेलन के दौरान कहीं न हो, इसके लिए विशेष सतर्कता बरती जा रही है। लखनऊ समेत अन्य बड़े शहरों में यातायात प्रबंधन को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विस्तृत कार्ययोजना के तहत कदम बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। प्रमुख सचिव, गृह संजय प्रसाद ने अधीनस्थों को निर्देश दिया है कि यह सुनिश्चित किया जाए कि देश-विदेश से आ रहे निवेशकों को आवागमन में किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो। लखनऊ समेत अन्य प्रमुख शहरों में यातायात संचालन के ऐसे बेहतर प्रबंध किए जाए कि निवेशकों के साथ ही लोगों को भी आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। कहा है कि कहीं भी जाम लगने की दशा में संबंधित क्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारी की जिम्मेदारी तय कर उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

प्रमुख सचिव, गृह ने कहा कि प्रदेश में बेहतर यातायात व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए संभावित ट्रैफिक को ध्यान में रखते हुए विस्तृत योजना बनाकर यातायात का संचालन कराया जाए। कहा कि लखनऊ में कुछ प्रमुख मार्गों में ट्रैफिक जाम की सूचनाएं प्राप्त हो रही हैं, जो कतई उचित नहीं है।

बेहतर यातायात संचालन के लिए आवश्यकता के अनुरूप रूट डायवर्जन का प्लान बनाने का निर्देश भी दिया है। कहा कि देश-विदेश से आ रहे निवेशकों को लखनऊ में स्वच्छ वातावरण का आभास कराने के लिए नियमित रूप से सफाई व्यवस्था भी सुनिश्चित कराई जाए। कहा कि किसी भी मार्ग में किसी भी स्थान पर गंदगी अथवा कूड़ा एकत्रित न होने पाए। प्रमुख मार्गों पर प्रकाश की समुचित व्यवस्था समय से सुनिश्चित कराने का निर्देश भी दिया है। कहा कि आयोजन स्थल, हैलीपैड, एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन सहित प्रमुख मार्गों व प्रमुख स्थानों में पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात करते हुए असामाजिक तत्वों पर भी कड़ी नजर रखी जाए। जिससे कहीं कोई अप्रिय घटना न हो। कहा कि पुलिसकर्मी अपने शासकीय दायित्वों के दौरान अतिथियों व लोगों से मित्रवत व्यवहार कर अपनी अच्छी छवि बनाए।

राजधानी लखनऊ में आयोजित होने जा रहे इंवेस्टर्स समिट में देश-विदेश से कई वीवीआईपी शिरकत करने वाले हैं। ऐसे में पुलिस विभाग की ओर से व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद रखने के लिए पुरजोर तैयारियां की जा रही हैं। आगंतुकों को शहर में आगमन पर जाम का सामना न करना पड़े, इसके लिए इंवेस्टर्स समिट के दौरान 10 से 12 फरवरी तक शहर के 15 प्रमुख मार्गों पर रूट डायवर्जन रहेगा। यह रूट डायवर्जन प्रतिदिन सुबह 7:00 बजे से लेकर कार्यक्रम समाप्ति तक प्रभावी रहेगा। ट्रैफिक डीसीपी रईस अख्तर ने बताया कि केवल विशेष परिस्थिति में अनुमति प्राप्त करने के बाद स्कूल वाहनों, अग्निशमन वाहनों, एम्बुलेंस और शव वाहनों को ही नो इंट्री मार्ग पर आवागमन की अनुमति प्रदान की जाएगी। यातायात से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या या सुझाव के लिए ट्रैफिक कंट्रोल रूम के नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।



**इन्वेस्टर्स समिट**

**कहीं भी जाम लगने की दशा में संबंधित क्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारी की जिम्मेदारी तय कर उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी**

**लखनऊ में स्वच्छ वातावरण का आभास कराने के लिए नियमित रूप से सफाई व्यवस्था भी सुनिश्चित कराई जाए**

### योगी ने नोएडा सड़क हादसे पर जताया शोक

सीएम योगी ने ग्रेटर नोएडा में हुए सड़क हादसे में जनहानि पर गहरा दु:ख प्रकट किया है और दिवंगत लोगों की आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। बादलपुर कोतवाली इलाके क्षेत्र के जीटी रोड स्थित हीरो मोटर्स कंपनी के सामने सड़क पार कर रहे कर्मचारियों को रोडवेज डिपो की बस ने टक्कर मार दी। जिसमें चार कर्मचारियों की मौत हो गई। जबकि तीन कर्मचारी घायल हो गए। घायलों को दिल्ली के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। योगी ने डीएम और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को मौके पर जाकर राहत कार्य कराने के निर्देश दिए हैं साथ ही घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं।

## रक्षा मंत्री ने लक्ष्मण की प्रतिमा का किया अनावरण

### 50 लाख की लागत से तैयार हुई प्रतिमा, सीएम योगी भी रहे मौजूद

**लखनऊ।** जी-20 शिखर सम्मेलन और इन्वेस्टर्स समिट से पहले गुरुवार को राजधानी लखनऊ स्थित चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट के बाहर वीरवर लक्ष्मणजी की प्रतिमा का गुरुवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अनावरण किया। इस दौरान सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यानाथ और सांसद कौशल किशोर और सरोजनी नगर के विधायक राजेश्वर सिंह समेत कई नेता और अधिकारी मौजूद रहे।

बता दें कि चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट के बाहर वीरवर लक्ष्मणजी की प्रतिमा को सोमवार को स्थापित कर दी गई थी। लखनऊ के एयरपोर्ट पर आए स्थापित होने वाली ग्वाल राम के अंदर लक्ष्मण की प्रतिमा 12 फीट ऊंची और 1200 किलो वजन की है। नोएडा के प्रसिद्ध मूर्तिकार राम सुतार ने ये प्रतिमा बनाई है। करीब 50 लाख की लागत में तैयार की गई। इस प्रतिमा कुछ जी-20 रोड के जीरो पॉइंट पर स्थापित किया जा रहा है। लखनऊ की पौराणिक पहचान को बेहद खूबसूरती से उकेरा गया है।




# 30 एकड़ जमीन और 5 हजार गाय मुफ्त

## गौवंश पालन का शौक रखने वालों के लिए योगी सरकार की नई योजना

**लखनऊ।** गौवंश पालन के लिए योगी सरकार लोगों को जमीन लीज पर और गाय मुफ्त में बांटेगी। पशुधन तथा दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने गुरुवार को संभल में कहा कि अगर कोई उद्यमी गाय पालना चाहता है तो उसे सरकार की ओर से 30 एकड़ जमीन 40 साल के लिए लीज पर दी जाएगी। इसके अलावा उन्हें पांच हजार गाय भी मुफ्त दी जाएंगी। इसके साथ ही सरकार किसानों से दो रुपये प्रति किलो की दर से गाय का गोबर खरीदेगी। प्रभारी मंत्री ने गाय पालने के आध्यात्मिक लाभ भी गिनाए। कहा कि गाय के मूत्र में गंगा बसती हैं तो गोबर में लक्ष्मी जी का वास है, इसलिए गाय पालने से सुख तथा संपदा आती है।

संभल के पीडब्लूडी गेस्ट हाउस में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में देश के ही नहीं बल्कि विश्व भर से निवेशक बुलाए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कारण पूरे विश्व में भारत की अलग पहचान बनी है तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के चलते पूरे देश में उत्तर प्रदेश का मान बढ़ा है। अब लोग प्रदेश में निवेश करने से नहीं डरते हैं, क्योंकि यहां पर सुरक्षा व्यवस्था बहुत अच्छी हो गई है। इस समय प्रदेश में रामराज्य है। पूरे प्रदेश में एयरपोर्ट बन रहे हैं तो लोगों को 24 घंटे बिजली मिल रही है। इस समय देश और प्रदेश में योगियों की सरकार है। उन्होंने कहा कि हाल ही आया केंद्रीय बजट सर्वहितकारी है। इस बजट में सभी का हित रखा गया है। विश्व में ऐसा पहला देश भारत है जहां पर किसानों को पेंशन मिलती है। उन्होंने बैलेंटाइन डे को काऊ हग डे के रूप में मनाने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि इस मौके पर गाय से गले मिलें और गौशालाओं में जाकर गायों को कुछ खिलाएं। 14 फरवरी को जहां भी गाय मिले तो उसे प्रणाम करें और गाय को कुछ अवश्य खिलाएं।



**गौवंश पालन**

**किसानों से दो रुपये प्रति किलो की दर से गाय का गोबर खरीदेगी सरकार**

# अब लक्ष्मण पर स्वामी प्रसाद मौर्य ने दिया विवादित बयान

## कहा- वह कौन सी लड़ाई लड़ने आए थे?

**लखनऊ।** रामचरितमानस पर सवाल उठाने के बाद अब पूर्व मंत्री व सपा के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य ने लखनऊ का नाम बदलकर लक्ष्मण पर किए जाने की मांग पर भगवान श्रीराम के छोटे भाई लक्ष्मण पर विवादित बयान दिया है। स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि लक्ष्मण कौन सी लड़ाई लड़ने आए थे? इसके साथ ही उन्होंने कहा कि यह सब कपोल कल्पना करना और मुंगेरीलाल के सपने देखना है, जब भी कोई चुनाव नजदीक आता है तो भाजपा के लोग इसी तरह बेलगाम होकर अनाप-शनाप मांग रखते हैं, झूठी वाहवाही लूटने की कोशिश करते हैं। पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा, 'लखनऊ क्यों बुरा है, भाजपा के लोग भी कहते हैं कि यह लखनऊ गंगा-जमुनी तहजीब का केंद्र है,



लखनऊ हमारी संस्कृति की विरासत है। उन आक्रमणकारियों से लक्ष्मण का क्या वास्ता, वह कौन सी लड़ाई लड़ने आए थे। लक्ष्मण कहीं फ्रीडम फाइट में कहीं दिखाई पड़े थे क्या?' सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा, 'लखनऊ का नाम बदलना है तो पासी समाज की महिला वीरांगना देवी के नाम पर क्यों नहीं रख देते हैं, लाखन पासी लखनऊ के राजा थे उनके नाम पर रख दे, नाम बदलना बच्चों के घरौंदे का खेल नहीं है।'



## संक्षेप

### गुमटी का ताला तोड़कर नकदी समेत हजारों का सामान उड़ाया

**नैनी।** नैनी थाना क्षेत्र के एडीए कॉलोनी पाठक मार्केट के समीप बुधवार की रात बदमाशों ने गुमटी का ताला तोड़कर नकदी समेत हजारों रुपए कीमती पान मसाला उठा ले गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस जांच- पड़ताल कर वापस लौट गई। मिली जानकारी के अनुसार ए.डी.ए कॉलोनी निवासी राजू पाल पुत्र श्री कृष्ण पाल जोकि पाठक मार्केट के समीप पान की गुमटी चला कर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। बताते हैं, कि बुधवार की रात में वह गोमती में ताला बंद कर घर चला गया। रात में चोरों ने ताला तोड़कर गल्ले में रखा 500 रुपए नकदी समेत हजारों रुपए कीमती पान मसाला उठा ले गए। सुबह होने पर घटना की जानकारी मिली। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस जांच- पड़ताल कर वापस लौट गई। इसी क्रम में कॉलोनी में ही पाठक मार्केट के समीप कैलाश नाथ केसरवानी के यहां चोरों ने चोरी करने के इरादे से दुकान का शटर उठाया। किसी के आने की आहट पर वह लोग भाग गए। सूचना पर पहुंची पुलिस आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगाल रही है। एक ही रात 100 मीटर की दूरी के अंदर हत्या, चोरी एवं चोरी करने का प्रयास की घटना पर कॉलोनी वासियों में जबरदस्त दहशत का माहौल व्याप्त है।

# आधा दर्जन मवेशियों से लदा वाहन पलटा, सभी मवेशियों की मौत

**हादसा**

**मवेशियों को घटना स्थल के पास गड्ढा खोदवा कर क्रेन से पुलिस ने दफन करवाया**

**प्रतापगढ़ जनपद की ओर से मवेशियों को लाद कर आ रहे थे गौ तशकर**



घटनास्थल पर मौजूद पुलिस

**मऊआइमा।** आधा दर्जन मवेशियों को पिकअप पर लाद कर प्रयागराज की ओर जा रहे गौ तस्करों का वाहन पलट जाने से सभी पशुओं की मौत हो गई। उक्त घटना बीती रात की है। पुलिस सुबह पहुंच कर पिकअप को क्रेन से सीधा करा कर सभी पशुओं को जमीन में गड़वा दी। तथा आरोपी फरार हो गए।

मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम जोगीपुर नहर से सटी सडक पर प्रतापगढ़ की ओर से आ रही एक पिकअप जिसपर आधा दर्जन सांड लदे थे। पिकअप पलट गई। जिसमें दब कर सभी सांड की मौत हो गई। पिकअप चालक और उसके साथी पिकअप छोड कर भाग गए। गुरूवार को सुबह ग्रामीणों ने देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर इंस्पेक्टर सुरेश सिंह हमराही पुलिसकर्मियों और सहायक पुलिस आयुक्त मनोज कुमार पहुंच गए। क्रेन मंगवा कर पिकअप को सीध करा कर सभी मरे हुए मवेशियों को गड्ढा खोदवाकर दफनवा दिए। पुलिस ने पिकअप को थाने में खडी करा कर अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश में लग गयी है। बताते हैं कि पिकअप मवेशी लाद कर प्रतापगढ़ जिले से आ रही थी और मऊआइमा के जोगीपुर नहर सडक पर पलट गई। पुलिस ने मवेशियों को दफनवा कर अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### राम कथा से पूर्व निकाली गई भव्य कलश शोभायात्रा

**सहसों।** क्षेत्र के हेतापट्टी गांव में समाजसेवी चन्द्रभान सिंह के संयोजन में चलने वाली संगीतमय नव दिवसीय रामकथा से पूर्व बुधवार को कथा स्थल से भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई। कथा व्यास रामायण कुटी चित्रकूट धाम से पधारे श्री श्री 108 श्री राम हृदय दास जिज्ञासु महाराज के अगुवाई में कलश यात्रा को भक्त नर नारियों के साथ कलश शोभा यात्रा को पूरे गांव, गली, कस्बे में घुमाते हुए वापस कथा स्थल पर विश्राम दिया गया। इस दौरान कलश यात्रा में शामिल महिला भक्तों ने आधुनिक वाद्य यंत्रों द्वारा मंगल गीत गाती हुई कलश यात्रा के साथ चल रहीं थीं । कलश शोभायात्रा में भक्त नर नारियों एवं बच्चे बूढ़े लोगों ने बहुत ही हर्षोल्लास के साथ रास्ते भर जय श्रीराम के उद्घोष करते रहे। कलश यात्रा के उपरांत मुख्य यजमान अवधराजी देवी एवं आयोजक चन्द्रभान सिंह सहित परिजनों ने व्यासपीठ एवं मानस भगवान की पूजन आरती किया। तत्पश्चात भक्तों में मिष्ठान का वितरण कराया। इस अवसर पर प्रमुख रुप से भानु प्रकाश सिंह, विपिन सिंह, विनय सिंह, विकास सिंह, वैभव सिंह, प्रान्शू सिंह, हिमांशू सिंह, गौरव सिंह, ग्रजेश सिंह सहित आदि श्रद्धालु भक्त नर नारी उपस्थित रहे।

# असवां गांव में अंडर पास रास्ते के लिए ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



अंडर पास रास्ते की मांग करते ग्रामीण

**जंघई।** जंघई प्रयागराज रेलवे रुट पर स्थित असवा गाँव के निवासियों ने अंडर पास रास्ते के निर्माण की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों का कहना है कि पहले लोग इस तरफ से उस तरफ आ जा पा रहे थे रेलवे के विस्तारीकरण के कारण लोगो को गांव के इस छोर से उस छोर के बीसों किमी का चक्कर लगाना पड़ता है।

जंघई -प्रयागराज रेलवे रुट असवां गांव के बीचों बीच सैकड़ों वर्ष से गया हुआ है। पहले लोग इधर से उधर हो लेते थे लेकिन जब से जंघई रेलवे के सौन्दर्यीकरण व विस्तारिकरण शुरू हुआ है यार्ड बनने के कारण 20 सी फाटक तक जाने का रास्ता बंद हो गया है जिससे लोगो को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है गांव के इस छोर से उस छोर जाने के लिए लोगों को बीस किमी चक्कर लगाना पड़ता है। यहां तक इस रास्ते से गरियांव, सरायखेम, चीतापुर, करकोली, अहमदपुर, मुड़ाव, महेन्द्रु, करौर, टिकरा, जमुनीपुर, नडार, काछीडिह गांव के लोग भी इस रास्ते से आते जाते हैं लेकिन रास्ता बंद होने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है लोगो ने प्रदर्शन करते हुए मांग की है कि 20 सी फाटक को या तो स्थान्तरित कर दिया जाय या अंडर पास रास्ता बनाया जाय। लोगों का कहना है कि हम लोग कई बार स्थानीय सांसद के माध्यम से रेल मंत्री से मांग कर चुके है लेकिन अंडर पास रास्ता एवं रेलवे फाटक नही बन सका है जो कि आवागमन हेतु बहुत जरुरी है। प्रदर्शन करने वालों में कृष्ण कुमार मिश्रा बाबा मिश्रा, विनय कुमार मिश्रा मुन्ना कबिसा, विजय शंकर मिश्रा, रतन मिश्रा, विनोद कुमार मिश्रा पूर्व प्रधान, प्रमोद मिश्रा, कल्लू गौतम, पप्पू गौतम, अरविन्द कुमार मिश्र, अशोक कुमार मिश्र, पारस मिश्रा, कृष्ण कुमार यादव, राजकुमार यादव, हरिनाथ, पंकज पांडेय, श्याम यादव, महेंद्र कुमार आदि लोग शामिल रहे।

# टौंस के किनारे के गावों में भी होगी जैविक खेती : योगेश शुक्ल




कृषि मेले में सूर्य प्रताप शाही व योगेश शुक्ल

**प्रयागराज।** प्रयागराज में बुधवार से आयोजित 9 दिवसीय विराट कृषि मेला में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने अपने उद्घाटन भाषण में ज़िले के आला अधिकारियों से टौंस के किनारे के गाँवों में भी गंगा के किनारे गाँवों की तरह जैविक खेती के विस्तार की योजना का प्रस्ताव शासन को भेजनें का निर्देश दिया है ।

श्री शाही जी ने अपने भाषण में हाल में ही बीजेपी नेता योगेश शुक्ल की संपन्न हुई टौंस परिक्रमा का ज़िक्र करते हुए टौंस के तटीय गाँवों में जैविक खेती के विकास के सुझाव को स्वीकार किया।

श्री शुक्ल अपने लखनऊ प्रवास के दौरान श्री शाही से मुलाकात करके सुझाव दिया था कि सरकार जिस प्रकार गंगा तटीय गाँवों में कृतिम रसायन युक्त खेती को बढ़ावा दे रही है वैसी ही योजना गंगा की टौंस जैसी सहायक नदियों के किनारे के गाँवों में भी लागू की जानी चाहिए। विराट कृषि मेले के उद्घाटन अवसर योगेश शुक्ल दर्जनों भाजपा नेता मौजूद रहे।

### नवयुवती ने कुएं में लगायी छलांग, जान देने प्रयास

**बहरिया।** स्थानीय थाना के अन्तर्गत एक प्रेमी युगल का गांव मे ही युवक और युवती के बीच प्रेम प्रसंग काफी दिनों से चल रहा था बृहस्पतिवार की सुबह प्रेमिका ने अपने प्रेमी युवक के घर पहुंचकर अचानक षोर-षराबा करने लगी। षोर सुनकर पास-पड़ोस के लोग एकत्रित हो गए। पड़ोसियों के काफी समझाने के बाद युवती अपने घर की तरफ वापस जा रही थी कि रास्ते में स्थित एक कुएं में छलांग लगा दिया और जान देने का प्रयास किया । वहां आस-पास मौजूद ग्रामिणो ने षोर मचाया जिससे कुएं पर काफी भीड़ जमा हो गई और लोंगो ने काफी प्रयास करने के बाद युवती को कुएं से बाहर निकाला ग्रामीणो के सूझ-बूझ के कारण युवती की जान बच गयी उक्त घटना की सूचना पाकर बहरिया थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और युवती के प्रेमी को पूंछताछ के लिये थाने उठा लायी। युवती को प्राथमिक उपचार के लिये एक नजदीक के नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है। थानाप्रभारी से बात करने पर बताया गया कि अभी मै बाहर हॅू उपरोक्त घटना की जानकारी हमें नही है। जानकारी होने पर आपको अवगत कराया जायेगा।

# श्मशान घाट पर लकड़ी वालों ने की हड़ताल, नारेबाजी





श्रृंगवेरपुर श्मशान घाट पर प्रदर्शन करते लकड़ी व्यापारी व अंतिम संस्कार के लिए श्रृंगवेरपुर पुलिस चौकी पहुंचा अमेठी से आया शोकाकुल परिवार

**चौकी प्रभारी ने अपने निजी स्त्रोतों से श्मशान घाट पर आए सभी लाशों के लिए निःशुल्क लकड़ी उपलब्ध करा कर कराया अंतिम संस्कार**

**श्रृंगवेरपुर धाम।** श्रृंगवेरपुर श्मशान घाट पर लकड़ी व्यापारियों ने पुलिस पर धन उगाही का आरोप लगाते हुए हड़ताल कर दिया। शव के अंतिम संस्कार को लकड़ियां नहीं मिली तो लोग पुलिस चौकी पहुंच गए। बाद में चौकी प्रभारी ने अपने निजी स्त्रोतों से परिजनों को लकड़ी उपलब्ध कराकर लाशों का अंतिम संस्कार करवाया है।

बृहस्पतिवार को श्रृंगवेरपुर श्मशान घाट पर उस समय समस्या उत्पन्न हो गई, जब घाट पर लकड़ी की दुकान लगाए व्यापारियों ने अंतिम संस्कार के लिए लकड़ी बेचने से इनकार कर दिया। प्रतापगढ़, सुल्तानपुर, अमेठी आदि जनपदों से लाश पहुंची तो उन्हें अंतिम संस्कार को लकड़ी नहीं मिली। अंतिम संस्कार में आए परिजन पुलिस चौकी पहुंच गए। चौकी प्रभारी ने मौके पर जाकर व्यापारियों को समझाया, परंतु वह नहीं माने। बाद में चौकी प्रभारी ने अपने निजी स्त्रोतों से श्मशान घाट पर आए सभी लाशों के लिए निःशुल्क लकड़ी उपलब्ध करा कर उनका अंतिम संस्कार कराया। लकड़ी व्यापारी दीपू पांडेय, मंगलभवन त्रिपाठी, सुरेश त्रिपाठी, संजय सरोज, धीरज सरोज, भोला निषाद, देवेश पांडेय आदि ने आरोप लगाया है कि पुलिस अंतिम संस्कार के लिए आने वाली लकड़ी पर पैसा मांग रही है। वही चौकी प्रभारी राकेश मिश्र का कहना है कि आरोप निराधार है, मेला की जमीन पर अवैध कब्जा कर लकड़ी की दुकान लगाई जा रही है, दुकानदारों में विवाद की भी शिकायत मिलने पर लकड़ी व्यापारियों को हिदायत दी गई है। सन 2020 में लकड़ी व्यापार को लेकर मारपीट, हत्या हुई थी। इसलिए भी वहां पुलिस की सक्रियता जरूरी है।

### एसीपी थरवई व प्रभारी निरीक्षक की मौजूदगी में शांति व्यवस्था बनाये रखने को लेकर किया पैदल गस्त

**थरवई।** बृहस्पति को सहायक पुलिस आयुक्त थरवई जंग बहादुर यादव प्रभारी निरीक्षक लोकेन्द्र त्रिपाठी सहित पुलिस टीम द्वारा पैदल गस्त किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य है की शांति व्यवस्था को बनाये को लेकर। गस्त के दौरान सार्वजानिक स्थानों संदिग्ध व संदिग्धों पर भी विशेष नजर रही किसी प्रकार की कहीं भी अनियमिततायें उत्पन्न न हों जिसका विशेष ध्यान रहा। भ्रमण के दौरान सर्वजानिक स्थानों प्रमुख चौराहों पर गस्त करते हुए यातायात के प्रति लोगों को जागरूक भी किया गया व संदिग्ध लग रहे वाहनों की भी सघनता के साथ चेकिंग की गई। भीड़- भाड़ वाले स्थानों को प्रमुखता के ध्यान देते हुए भीड़ व जाम की समस्या उत्पन्न न हो जिसका विशेष ध्यान रहा। किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना होने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें साथ ही मार्ग पर गुजरने वाले दुपहिया व चार पहिया वहनों को नियंत्रित दिशा में नियमित स्पीड के साथ चलने का दिशा निर्देश दिया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम में एसएसआई राजीव कुमार श्रीवास्तव, उपनिरीक्षक सोहराब अहमद, बृजेश कुमार यादव, अखिलेश कुमार, हरिओम, अमित कुमार आदि पुलिस टीम में मौजूद रहे।

# इन्वेस्ट यूपी एवं ग्लोबल इन्वेस्टर समिट 2023 के समर्थन में निकाला रोड शो



रोड शो में शामिल उद्यमी

**नैनी।** उत्तर प्रदेश औद्योगिक कल्याण संघ ने इन्वेस्ट यूपी एवं ग्लोबल इन्वेस्टर समिट 2023 के समर्थन में रोड शो आयोजित किया, जिसमें बड़ी संख्या में उद्यमी शामिल हुए। रोड शो औद्योगिक क्षेत्र से शुरू होकर एडीए मोड़ पर पहुंचकर समाप्त हुआ।

इस मौके पर संघ के अध्यक्ष आशुतोष तिवारी ने पत्रकारों से कहा कि उद्यमी आज प्रदेश के इस बदले हुए माहौल पर प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं प्रशासन के ऊपर अपने जीवन भर की कमाई पूंजी, अनुभव, कार्यक्षमता और भविष्य को दांव पर लगाकर ना सिर्फ वोट दे रहा है, बल्कि इन सब के साथ इस साफ नियत सरकार के ऊपर अपने विशवास एवं समर्थन की मोहर भी लगा रहा है। पहली बार औद्योगिक संगठन के तौर पर उत्तर प्रदेश शासन की नीति एवं नियत पर अपना भरोषा जताया है। प्रदेश के विकास विशेष तौर पर औद्योगिक, स्वरोजगार, मध्यम एवं सूक्षम उद्यम को जिस साफ नियत से और बढ़ावा देने वाली नीति से पोषित किया जा रहा है। आज से पहले प्रदेश में ऐसा माहौल नहीं था, ना ही उद्यमियों में ऐसा विशवास था की उत्तर प्रदेश भी विश्व अर्थव्यवस्था का भागीदार बन सकेगा। ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा की यह समिट सिर्फ नए उद्यमियों को आकर्षित करने की पहल नहीं है, बल्कि जो उद्यम प्रदेश में चल रहे हैं, उनकी समस्या के समाधान की भी है। साथ ही प्रदेश सरकार ने पुरे विश्व के निवेशकों एवं उद्यमियों को एक मंच पर ला कर प्रदेश के उद्यमियों को एक अवसर दिया है, जिससे उद्यमियों के साथ, बैंकों के साथ, इन्वेस्टर्स के साथ बैठ कर अपने चलते हुए व्यापार को और गति दे सके। इस कार्यक्रम में अविनाश द्विवेदी, डीएन मिश्रा, मनीष केशरवानी, संजय पांडेय, जसबीर सिंह बिरदी, सचिन वैश्य, वंश केसरी, अतुल मिश्रा, जगतार सिंह, अरविंद सिंह आदि उपस्थित रहे।

### महिला की पिटाई पर प्रधान सहित चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** नींव खोदवाने के विवाद को लेकर महिला को मार पीट कर निर्वस्त्र कर दिया गया। जब वह घर में भागी तो उसे दोबारा मारा पीटा गया।जान से मारने की धमकी दी गई। महिला ने थाने में तहरीर दे कर ग्राम प्रधान सहित चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी एक महिला का आरोप है कि वह अपने जमीन पर नींव खोदवा रही थी। आरोप है कि ग्राम प्रधान कतिपय लोगों के साथ आ कर नींव गिरा कर कहे कि तुम रास्ते में बना रही हो।महिला का आरोपी है कि उसके विरोध पर ग्राम प्रधान ने लोगों से कहा कि इस साली को मारो। आरोप है कि इतने में उसे जमकर पीटा गया और निर्वस्त्र कर दिया गया जब वह इज्जत बचा कर घर में भागी तो कतिपय लोग उसे गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी भी दिए। महिला का आरोप है कि उक्त घटना चार फरवरी को है । कई दिनों तक थाने का चक्कर काटने के बाद मऊआइमा पुलिस ने महिला की तहरीर पर ग्राम प्रधान राम सजीवन पुत्र भगौती प्रसाद ,शिव बहादुर पुत्र भाई लाल ,राजनाथ पुत्र माता प्रसाद ,विनोद कुमार पुत्र पुन्नवासी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया है।

# नम आँखो से छात्र-छात्राओं की हुई विदाई



विदाई समारोह में उपस्थित छात्र-छात्राएं व शिक्षकगण

**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के निमिथरिया बाजार स्थित के. डी. पब्लिक इंटर मीडियट कालेज मे छात्र छात्रा की हुई नम आँखो से विदाई। आप को बताते चले की पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी के.डी.इंटर कालेज मे विदाई का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कालेज मे कक्षा 10 व कक्षा 12 के छात्र छात्रा रंग गुलाल लगाकर खुशी खुशी एक दूसरे से गले मिले।वहीं छात्र छात्राओं द्वारा भक्ति व राष्ट्रीय गीत और विदाई गीत गाया गया। विदाई कईसे करी अन्नपूर्णा कक्षा12 की,जीना है तो पापा शराब मत पीना अंजली यादव कक्षा 10छात्रा ने गीत प्रस्तुत कर खूब तालिया बटोरी। विदाई कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि इंद्रासेन सरोज जिलापिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी प्रयागराज रहे।मुख्य अतिथि अपने सम्बोधन मे कहा विदाई का पल बहुत ही दुःखद होता है लेकिन विदाई भी जरूरी है। आप लोगो ने पढ़ा भी होगा शिक्षर्थ आइये सेवार्थ जाइये।कालेज के प्रधनाचार्य विनय कुमर सिंह ने उपस्थित सभी छात्र छात्राओं को कहा आप लोगो की विदाई करना बहुत दुख हो रहा है ।आगे कभी भी हमारा मार्गदर्शन व समर्थन की जरूरत पड़े तो आप सब लोग जरूर आये।कालेज के समस्त स्टाप छात्र छात्राओं को नम आँखो से खुशी खुशी विदाई की। इस मौके पर उपेंद्र कुमार, राजेन्द्र शर्मा, एकांत बहादुर, मुनाईलाल, बीरेंद्र कुमार, सोनम पटेल, तैयबा, जगदीश, सरिता आदि अध्यापक और अध्यपिका मौजूद रही। कालेज के प्रबंधक सभी छात्र छात्राओं को जलपान कराया और नम आँखो से विदाई किया और उज्जवल भविष्य की कमाना की।

# बाल विकास विभाग की टीम ने किया एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम



प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित लोग

**बहरिया।** स्थानीय विकास खण्ड के परिसर में बाल विभाग की तरफ से एक द्विवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी ने भी भाग लिया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता बाल विकास विभाग के अधिकारी अशोक चौहान ने की । उन्होने ने बैठक में उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं विभाग की सुपरवाइजर को बाल विकास विभाग द्वारा षुरु की गई पोशण ट्रैकर एप के विषय में जानकारी दिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बहरिया के अधीक्षक डा0 पंकज पवन ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा किये जा रहे टीकाकरण एवं एवं एन.डी.डी. के विशय में जानकारी दिया। उक्त कार्यक्रम में डा0 एस.के. सिंह, अर्चना सिंह, सी.एम (फेलाषिप), डब्लू एच.ओ. के षुभम्, मनोज कुमार, मीनाक्षी (भेंट वाला), अर्चना मिश्रा, कुसुम साहू, नूरजहां मुख्य सेविका आदि लोग मौजूद रहे।

# उरुवा में शिक्षकों का एफएलएन प्रशिक्षण पूर्ण

**प्रशिक्षण**

**शिक्षक प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान का उपयोग कर शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाए : एआरपी**



प्रशिक्षण लेते शिक्षकगण

**मेजा।** विकास खण्ड उरुवा के बीआरसी प्रशिक्षण सभागार में 6 फरवरी से बेसिक शिक्षा विभाग उ.प्र. तथा प्रथम संस्था द्वारा सँयुक्त रूप से प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों के लिए प्रारम्भ हुए दो दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण कक्षा चार व पांच के बच्चों को निपुण बनाने के लिए दूसरे बैच के शिक्षकों का कल विधिवत समापन हुआ। दो दिवसीय प्रशिक्षण में प्रथम दिवस में भाषा तथा द्वितीय दिवस में गणित के रिमीडियल शिक्षण हेतु विभाग द्वारा प्रेषित 24 सप्ताह की कार्ययोजना पर विकास खण्ड के एआरपी द्वारा सभी 94 (73 प्राथमिक + 21 संविलियन) विद्यालयों के कक्षा चार व पांच में पढ़ाने वाले एक-एक शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया। दूसरे बैच में ब्लॉक के कुल 94 शिक्षकों ने प्रतिभाग कर प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस प्रशिक्षण के उपरांत कक्षा चार व पांच के उन बच्चों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा,जिनका शैक्षिक स्तर कक्षा के अनुरूप नही है। प्रशिक्षण का मूल उद्देश्य कक्षा चार एवं पांच के छात्रों में कोविड-19 के कारण भाषा एवं गणित विषय में उत्पन्न अधिगम रिक्तता को भरने हेतु अपेक्षित प्रयासों को सुनियोजित तरीके से करने के तरीके बताना था। ताकि सभी बच्चे आधारभुत साक्षरता और संख्या ज्ञान प्राप्त कर आगे बढ़ सकें। इस हेतु सर्वप्रमुख कार्य बच्चों को उनके स्तर के अनुसार सिखाने की जरूरत को महसूस करना और स्तर के अनुसार समुहिकारण कर रिमीडियल शिक्षण करने की विधा को बताना था। प्रशिक्षण सन्दर्भदाता,एआरपी सुनील शुक्ला ने कहा कि प्रशिक्षण लेने वाले सभी शिक्षक प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान का उपयोग कक्षा में कर शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाएंगे। सरकार बच्चों का शैक्षिक स्तर सुधारने के लिए तरह-तरह के प्रशिक्षण दे रही है। वहीं एआरपी सन्दर्भदाता राजेश मिश्रा ने कहा कि शिक्षक मनोयोग से समयावधि में दक्षताएं पूर्ण करने, कौशल विकसित करने एवं गुणवत्ता लाने के लिए कार्यशील रहें। विभाग द्वारा बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान में बच्चों को मजबूत करना विभाग का प्रमुख लक्ष्य है। इसलिए प्रशिक्षण के माध्यम से नवीन अवधारणा के विषय बिंदुओं के प्रति शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रशिक्षण में शिक्षकों ने बच्चों को एक्टिविटी के माध्यम से पढ़ाने के लिए शैक्षिक चार्ट भी बनाए और समूह बनाकर उसका प्रस्तुतीकरण भी किया। सभी प्रशिक्षकों ने 24 सप्ताह की कार्ययोजना केवल विस्तृत रूप से प्रतिभागियों को बताया। प्रशिक्षण के अंतिम दिन पहुँचे प्राथमिक शिक्षक संघ उरुवा के अध्यक्ष विनोद कुमार शुक्ला ने कहा कि प्रतिभागी शिक्षकों ने पूर्ण मनोयोग से न केवल प्रशिक्षण प्राप्त किया बल्कि विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अपने सीखे गए ज्ञान की प्रस्तुति भी बहुत अच्छे ढंग से प्रस्तुत की है। उक्त अवसर पर प्रथम संस्था से सहयोग हेतु शैलेश यादव, बीआरसी उरुवा प्रभारी रोहित त्रिपाठी, ब्लॉक के एआरपी सन्दर्भदाता प्रीतम दास, विमलेश यादव, अजीत मिश्रा, अल्का शुक्ला, ममता द्विवेदी, बृजेश यादव, चेतना तिवारी, आशीष पांडेय, रुकमणी पांडेय, अशोक कुमार, हरिकेश त्रिपाठी, सुषमा शुक्ला, शादमा, शिवाकांत सिंह, अतुलिका रॉय, रुचि पुरवार, शुभम, प्रेम नारायण, इंदु सिंह, पंकज, स्वाती व संतोष कुमार आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

# गाँव-गाँव चौपाल लगाकर भीम सेना ने की स्थापना दिवस में आने की अपील



लोगों से अपील करती भीम सेना

**माण्डा।** भारतीय भीम सेवा समिति भीम सेना की बैठक ग्राम सभा अलमागंज विधानसभा मेजा इलाहाबाद में सम्पन्न हुआ। जिसमें उपस्थित भीम सेना पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए सनाउल्ला खान संस्थापक भीम सेना ने कहा कि भीम सेना का दसवाँ स्थापना दिवस समारोह माण्डा खास दशमियहवा पहाड़ी मैदान पर 26 फरवरी रविवार को आयोजित किया गया है। जिसमें भीम सेना के तमाम वरिष्ठ कनिष्ठ पदाधिकारी शामिल होंगे तो सभी भीम सैनिक समारोह को सफल बनाने के लिए तन मन धन से जुड़े जिससे कि बहुजन समाज की शैक्षिक आर्थिक सामाजिक व राजनैतिक स्थित को मजबूत किया जा सके। आगे संस्थापक भीम सेना ने कहा कि वर्तमान सरकार देश के गरीबों मजदूरों की समस्या का समाधान न करके सभी देशवासियों को मंदिर मस्जिद में उलझा दिया है। जबकि बाबा साहब डा०भीम राव अम्बेडकर ने कहा था तथा संविधान में उल्लेखित किया है कि सभी भूमिहीन गरीबों मजदूरों को जमीन का पट्टा आवंटित किया जाना चाहिए! भीम सेना सरकार से मांग कर रहा है कि सरकारी जमीनों पर सामंतवादी मानसिकता के लोगों ने कब्जा कर रखा है सरकार उसे कब्जा मुक्त कराकर गरीबों मजदूरों को जमीन का पट्टा आवंटित करे। मिटिंग में विशेष रूप से सुरेश चंद्र राव,हरि प्रताप गौड़, बेचन लाल, रामचंद्र वर्मा, भारत लाल गौड़, हिरा लाल गौतम, विश्वनाथ रविदासिया, राम जी सहित तमाम पदाधिकारी उपस्थित रहें।



गुरूवार को औचक निरीक्षण करने निकले नगर आयुक्त

# प्रयागराज

## मौसम



| | |
|---|---|
| अधिकतम : | 24.00 |
| न्यूनतम : | 12.00 |
| सूर्योदय : | 06.50 |
| सूर्यास्त : | 05.27 |

### धारदार हथियार से नारियल पानी विक्रेता की हत्या

**प्रयागराज।** बरेली जिले के वार्ड संख्या नौ निवासी सारिक (20) वर्षीय पुत्र मासूम और उसका बहनोई शान पुत्र यासीन थाना क्षेत्र के पाठक मार्केट के समीप फुटपाथ पर नारियल पानी की दुकान लगाते थे। बुधवार की रात दोनों भोजन करके दुकान के अंदर ही सो रहे थे। रात में ही सारिक की धारदार हथियार से कत्ल कर दिया गया। सुबह जब सफाई कर्मी सड़क किनारे झाड़ू लगा रही थी, उसी ने खून से लथपथ शव देखा। शोर मचाया तो पास सो रहा उसका बहनोई शान उठा। वह भी चीखने लगा। वहां काफी खून फैला हुआ था।

## नगर आयुक्त ने अपने अधीन विभागों का किया औचक निरीक्षण

**प्रयागराज।** नगर आयुक्त, नगर निगम प्रयागराज द्वारा अपने अधीन विभिन्न विभागों का औचक निरीक्षण गुरूवार को प्रातः 10:45 बजे किया गया। निरीक्षण के दौरान कई विभागों के कुल 24 कर्मचारी अनुपस्थित पाये गये। नगर आयुक्त द्वारा कहा गया कि सम्बन्धित विभागाध्यक्ष/विभागीय अधिकारियों का अपने नियंत्रणाधीन विभागों में कार्यरत कर्मचारियों पर प्रभावी नियंत्रण नही है। इसी क्रम में नगर आयुक्त द्वारा सम्बन्धित विभागाध्यक्ष/विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि अनुपस्थित कर्मचारियों को भविष्य के सचेत करें तथा अपने अधीनस्थ कर्मचारियों पर प्रभावी नियंत्रण रखते हुए शत-प्रतिशत उपस्थिति कराना सुनिश्चित करायें। साथ ही कार्यालयों/ विभागो की साफ-सफाई की व्यवस्था हेतु सम्बन्धित विभागाध्यक्ष को निर्देशित किया गया। नगर आयुक्त द्वारा छतिग्रस्त कई विभागों को नई बिल्डिंग में स्थानान्तरित किये जाने के भी निर्देश कार्यालय अधीक्षक श्रीमती अनुपमा श्रीवास्तव तथा नाजिर राम सक्सेना को दिये गये। स्वास्थ विभागों में रखी हुई पत्रावलियों के रख-रखाव के सम्बन्ध में समस्त विभागों के समबन्धित लिपिकों को निर्देशित किया गया कि कार्यालयों/विभागों की आलमारियों में रखी गयी पत्रावलियों का संक्षिप्त विवरण एवं समबन्धित पटल सहायक का नाम आलमारियों पर चस्पा होना चाहिये। जिससे कि पत्रालियों को खोजने में सहूलियत हो। भविष्य में पुनः निरीक्षण के दौरान इस तरह की लापरवाही हेतु कड़ी कार्यवाही अमल में लाये जाने के निर्देश दिये गये। नगर निगम प्रेस विभाग में वर्षो पुरानी मशीनों पर छपाई कार्य जारी था नगर आयुक्त द्वारा कर्मचारी से छपाई कास्ट आदि के सम्बन्ध में पूछे जाने पर नगर आयुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि इस मशीनों से छपाई कास्ट पर अधिक व्यय हो रहा है उचित होगा कि प्रेस विभाग में समस्त छपाई कार्य आउटसोर्स/बाजार के माध्यम से कराया जाना कम खचीर्ला होगा।



निरीक्षण करते नगर आयुक्त नगर निगम प्रयागराज

### गृहकर विभाग द्वारा की गयी वसूली

**प्रयागराज।** नगर निगम प्रयागराज द्वारा गुरूवार को चलाये गये जोनवार कुर्की अभियान में सभी जोनों में कुल 20 बकायेदारों की तिथि निर्धारित की गयी थी जिसमें सभी बकायेदारों द्वारा कुल रू0-53,95,661.00 के सापेक्ष सभी बकायेदारों से अधिक धनराशि 14,89,000.00 जमा कर दिया गया है। अन्य बकाया धनराशि के सापेक्ष सम्पूर्ण भुगतान करने हेतु सभी भवन स्वामियों द्वारा प्रत्यावेदन के माध्यम सें माह फरवरी एवं मार्च में नगर निगम प्रयागराज में प्राप्त करा दी जायेगी। नगर निगम प्रयागराज द्वारा 04 टेलीकॉलर के माध्यम द्वारा प्रतिदिन 06 घंटें 600 बकायेदारों को अपने गृहकर की धनराशि जमा कराने हेतु निरन्तर प्रयास किया जा रहा है।

## दो दिन से लापता बालक का शव तालाब में मिला हत्या की आशंका

**प्रयागराज ।** हंडिया थाना क्षेत्र के ग्राम सदरेपुर में 2 दिन से गायब बच्चे की आज तीसरे दिन लाश तालाब में मिली। लाश मिलने से गांव में हड़कंप मच गया, वहीं परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। मंगलवार के दिन भानु प्रताप यादव का छोटा लड़का आर्यन उर्फ गोलू (4) अपने दरवाजे पर खेल रहा था जो अचानक गायब हो गया। परिजनों ने तत्काल बच्चे की खोजबीन करने लगे आसपास वह अगल-बगल ढूंढा जब बच्चा नहीं मिला तो परिजनों में शक जाहिर होने लगा कि अभी बच्चा दरवाजे पर खेल रहा था अचानक गायब हो गया। जबकि मां राजकुमारी ने शंका जाहिर किया कि गांव का ही व्यक्ति मेरे बच्चे को गायब कर दिया।जिसकी सूचना हंडिया थाने पर दी गई तो हंडिया पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर परिजनों को अस्वस्थ किया लेकिन बच्चे के मां को संतुष्टि नहीं मिल रही थी वह बार-बार यही कह रही थी मेरे बच्चे को गांव के ही व्यक्ति ने ही गायब कर दिया। जब आज तीसरे दिन बच्चे की लाश मिली तो पूरा गांव एकत्रित हो गया इसकी सूचना हंडिया पुलिस को मिली तो मौके पर पहुंचकर लाश अपने कब्जे में लेना चाहा, परंतु परिजनों ने लाश को उठाने नहीं दे रहे थे लगभग 3 घंटे तक पुलिस व परिजनों की बातचीत होती रही। किसी तरह से एसीपी हंडिया ने समझा-बुझाकर बच्चे की लाश की पंचनामा कराकर पीएम के लिए प्रयागराज भेज दिया। पीड़ित परिजनों का कहना था कि मेरे साथ न्याय हो ऐसी हरकत करने वाले व्यक्ति को सजा मिले।

## निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का हो रहा प्रयोग, लोगों में आक्रोश

**कोहड़ार।** क्षेत्र के करछना ,कोहड़ार होते हुए ड्रमंडगंज रोड के चौड़ीकरण का कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया जा रहा है । उक्त रोड लगभग 40 किलोमीटर है । चौड़ीकरण कार्य मे शुरू से ठेकेदार और विभागीय अधिकारियों द्वारा घटिया कार्य कर लूट खसोट शुरू हो गई है ।

गौरतलब हो कि चौड़ीकरण के पहले रोड में बनी पुलिया को पहले चौड़ा किया जा रहा है जिसके लिए आवागमन बाधित न हो इसके लिए बाई पास रोड बनाई जा रही है । चौड़ीकरण में कार्य कर रहे ठेकेदारों द्वारा बाईपास बनाने में घोर लापरवाही बरती जा रही है जिसके कारण आये दिन दो पहिया, चार पहिया वाहन धंस जा रहे हैं और पलट भी जा रहे हैं । मेसर्स हमारा पम्प कोहड़ार के सामने पुलिया निर्माण हो रहा है वहाँ पर बाईपास रोड बनाया गया जो बहुत घटिया किस्म से बनाया गया है आये दिन वाहन धंस जा रहे हैं जिसके कारण जाम लगा रहता है । इसी तरह से बाजार से कोरांव रोड पर रेलवे अंडर पास के पास बाईपास रोड बनाया गया जहाँ कईबार चारपहिया वाहन व ट्रैक्टर पलट चुका है । ठेकेदार द्वारा घटिया तरीके से कार्य करने से क्षेत्रीय लोगों और राहगीरों में गहरा आक्रोश व्याप्त है ।

सूत्रों पर गौर करें तो बाईपास रोड पूरी तरह जैसे सड़क में मटेरियल डाल कर बनाई जाती है वैसे ही बाईपास रोड भी बनाई जाती है और उसका सरकार भुगतान करती है लेकिन ठेकेदार और विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से लूट खसोट की जा रही है ।



निर्माण कार्य का दृश्य

### सिविल लाइंस बस स्टैंड पर आला अधिकारियों के पहुंचते ही हड़कंप

**प्रयागराज।** सिविल लाइन्स बस स्टैंड पर लगातार दो दिनों से चार पहिया वाहन का चालान किया जा रहा है। गुरुवार को बस स्टैंड पुलिस विभाग के आला अधिकारी के पहुंचते ही हड़कंप मच गया। अनावश्यक रूप से बस स्टैंड के आस-पास खड़ी चार पहिया वाहनों का चालान किया गया। लगातार प्रकाशित खबरों को देखते हुए पुलिस प्रशासन हरकत में आई ,कुछ दिनों से अवैध वसूली को लेकर बस स्टैंड की खबर चल रही थी सूत्रों की माने तो इस वसूली के मामले में कई उपनिरीक्षक के नाम भी सामने आ रहे हैं हालांकि इस मामले में सत्यता क्या है जांच के बाद पता चलेगा। हालांकि कई मुंह में कई बातें तिराहे चौराहे पर सुनने को मिल रही है इतना तो जरूर है कि इस वसूलीकी चर्चा जोरों पर है।

## मनुष्य के अंतःकरण व चतुर्दिग व्याप्त सभी परेशानियों का कारण है अज्ञानता : योगी सत्यम्

**समापन**

**क्रियायोग ध्यान शरीर व मन के बीच दूरी घटाने का वैज्ञानिक अभ्यास है। जैसे-जैसे दूरी घटती है वैसे-वैसे आत्मज्ञान प्रकाशित होता है**



क्रियायोग गुरु योगी सत्यम् महाराज

**प्रयागराज।** माघ मेला त्रिवेणी मार्ग स्थित क्रियायोग शिविर का गुरुवार को समापन हो गया । इस अवसर पर क्रियायोग गुरु योगी सत्यम संगम की रेती से सभी श्रद्धालुओं को सुख, समृद्धि, ऐश्वर्य पूर्वक जीवन जीने का आशीर्वाद प्रदान कर झूंसी स्थित क्रियायोग आश्रम के लिए रवाना हो गए। इस अवसर पर विश्व के कई देशों तथा भारत के विभिन्न प्रदेश के आए साधकों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान क्रियायोग गुरु योगी सत्यम महाराज ने सभी श्रद्धालुओं को बारी-बारी से प्रसाद ग्रहण करने के लिए कहते नजर आए उनका यह सरल स्वभाव देखकर श्रद्धालु भी एकटक देखते रहे वहीं दूसरी तरफ गुरु के साथ फोटो खिंचवाने के लिए लोग बेताब दिखे क्रियायोग गुरु ने किसी को भी निराश नहीं किया सभी शिष्यों के साथ फोटो भी खिंचवाई। क्रियायोग गुरु योगी सत्यम ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया कि ऋषियों व मुनियों ने सर्वश्रेष्ठ आध्यात्मिक राष्ट्र भारत के आनन्दमय, ज्ञानमय अस्तित्व को पूरे विश्व में प्रकाशित करने की अनिवार्य आवश्यकता के लक्ष्य को पूरा करने के लिए क्रियायोग जो एक उच्चतम एवं पूर्ण शिक्षा का विश्वव्यापी एवं प्रभावशाली प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इस आवश्यक सेवा कार्य को सफलतापूर्वक संपादित करने के लिए क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान/ सेल्फ-रियलाइजेशन फेलोशिप, लॉस एंजेलिस / योगदा सत्संग सोसाइटी, रांची के पूज्य स्वामीगण एवं सहयोगी निरन्तर सेवारत हैं।

मनुष्य के अंतःकरण व चतुर्दिग व्याप्त सभी परेशानियों का कारण मनुष्य में समझ की कमी (अज्ञानता) है। आत्मासाक्षात्कारी ऋषियों व मुनियों ने अन्वेक्षण किया है कि ज्ञान की पूर्णावस्था प्राप्त करने के लिए सामान्यतः 10 लाख वर्षों की व्याधिरहित विकास की आवश्यकता होती है। सचरित मानव अपने सद्कर्मों से 100 वर्षों में इस ज्ञान की अनुभूति करता है परन्तु क्रियायोग साधक 50 मिनट के क्रियायोग अभ्यास से 100 वर्ष का सवार्गीण विकास प्राप्त करता है।

क्रियायोग ध्यान शरीर व मन के बीच दूरी घटाने का वैज्ञानिक अभ्यास है। जैसे-2 दूरी घटती है वैसे-2 आत्मज्ञान प्रकाशित होता है। शरीर व मन के बीच दूरी शून्य होने पर अनुभव होता है कि हमारे व परब्रह्म के बीच दूरी शून्य है। इसी अवस्था को मोक्ष (कैवल्य) कहा गया है एवं मानव जीवन का यही लक्ष्य है।

क्रियायोग ध्यान से मनुष्य को सर्वभौमिक एवं व्यवहारिक ज्ञान की अनुभूति होती है जिससे वह सभी धर्मों में सारभूत एकता का अनुभव करता है और जातिगत एवं संप्रदायिक भेदभाव से मुक्त हो जाता है। यह बताना भी अति आवश्यक है कि क्रियायोग के अभ्यास से मानव बुद्धि ईश्वरोन्मुख हो जाती है जिससे वह आंतिरक व बाह्य गरीबी से मुक्त हो जाता है। यह भी सिद्ध हो चुका है कि क्रियायोग के अभ्यास से सभी प्रकार की असाध्य बिमारियाँ जैसे कैंसर, मधुमय, हाई बल्ड प्रेशर, गठिया, पेट से संबंधित समस्या, मानसिक रोग, चिंता, भय, घृणा आदि से पूरी तरह निदान प्राप्त हो जाता है।

क्रियायोग के आध्यात्मिक स्पंदन से आकर्षित होकर पावन गंगा के तट पर स्थित क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान, प्रयागराज में पूरे वर्ष भारत से सभी प्रदेशों के साथ- साथ युरोप, अमेरिका, कनाडा, ब्राजिल, सिंगापुर, नेपाल आदि देशों से साधक आते हैं। जिसमें से कुछ अमेरिका व कनाडा से डाक्टरस एवं इंजीनियरस अपनी नौकरी से इस्तीफा देकर क्रियायोग संस्था में पूर्णकालिक सेवारत हैं।

## विपक्षीगण के विरुद्ध कार्यवाही नहीं तो 24 को पीड़िता बैठेगी आमरण अनशन पर

**प्रयागराज।** करछना की ग्रामसभा सेमरी तालुका ताल का पुरवा की निवासिनी अनुसूचित जाति की असहाय विधवा महिला चंदो देवी पत्नी स्व० राम अभिलाष को 1994 में भूमि प्रबंधक समिति द्वारा आराजी संख्या 1534 रकबा 0.0800 हेक्टे. का कृषि कार्य हेतु पट्टा हुआ था। पट्टा धारिणी पट्टे के समय से ही पट्टे वाली भूमि पर काबिज दाखिल रहते हुए जोतते बोते रही चली आ रही थी और वर्तमान समय में पीड़िता बतौर खतौनी भूमिधर दर्ज है। पीड़िता के गाँव के ही शोरेपुस्त दबंग सवर्ण जाति के लोग पीड़िता की पट्टे वाली भूमि पर बने मकान और शेष जमीन को जबरन कब्जा करने की नियत से लामबन्द होकर 29 सितम्बर 2022 को समय पूर्वाह्न करीब 11:30 बजे पीड़िता के घर में घुस कर उसे लात-घूसों से जमीन पर गिराकर मारे-पीटे तथा जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए माँ-बहन को भद्दी-भद्दी गालियाँ भी दिये। पीड़िता के चिल्लाने पर जब गाँव के लोग इकट्ठा होने लगे तो विपक्षीगण जान से मारने की धमकी देते हुए भाग खड़े हुए जिससे पीड़िता की जान किसी तरह बची। पीड़िता ने इसकी सूचना 112 नम्बर डायल कर पुलिस को दी तथा थानाध्यक्ष करछना को भी लिखित तहरीर दी लेकिन विपक्षीगण के विरूद्ध कौन कहे कार्यवाही करने की कोई कार्यवाही नहीं की गयी। पीड़िता ने तत्कालीन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस महानिदेशक जोन प्रयागराज को भी तहरीर दी किन्तु विपक्षीगण के विरूद्ध अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई। कमिश्नरी बनने पर पीड़िता बुद्धवार को पुलिस उपायुक्त यमुनानगर को एक सप्ताह के अन्दर विपक्षीगण के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की मांग की है अन्यथा की स्थिति में कार्यालय पुलिस उपायुक्त यमुनानगर के समक्ष 24 फरवरी को सपरिवार आमरण अनशन करने की चेतावनी दी है।

### प्रयागराज की सड़कों पर दौड़ेंगी सीएनजी बसें

**प्रयागराज।** संगम नगरी प्रयागराज की सड़कों पर मई से सीएनजी से संचालित होने वाली बसें चलेंगी। शासन की ओर से इसके लिए हरी झंडी भी मिल गई हैं। महाकुंभ के पहले यहां 150 सीएनजी की बसें संचालित होंगी। फिलहाल अभी मई तक 20 बसों के आने की संभावना है। बता दें कि परिवहन निदेशालय की ओर से 15 बड़े शहरों में सीएनजी की बसें संचालित करने के लिए हरी झंडी पहले ही दी जा चुकी है।पहले चरण यानी मई माह में इन शहरों में बसें भेजी जाएंगी। इसमें प्रयागराज का भी नाम शामिल है। यहां पहले 20 बसें संचालित की जाएंगी। इसके बाद अलग अलग चरणों में 130 और बसें महाकुंभ 2025 के पहले भेजी जाएंगी।

## अयोध्या मंडल के कार्यसमिति की बैठक सम्पन्न



बैठक में शामिल लोग

**कोरांव।** विधानसभा कोरांव के अयोध्या मंडल के कार्यसमिति की एक आवश्यक बैठक गुरुवार को प्रकाश उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सम्पन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता रवि दुबे ने की।बतौर मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष राजेश्वरी तिवारी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्ता ही भारतीय जनता पार्टी की रीढ़ है।केंद्र व प्रदेश में भाजपा की सरकार है इसलिए कार्यकताओं की भूमिका बढ़ जाती है।सरकार द्वारा ले आई गई जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदो को जरूर मिले यह भी कार्यकताओं की ही जिम्मेदारी है।भाजपा कार्यकर्ता राष्ट्र व समाज हित के लिए समर्पित रहता है।कार्यकताओं को जो भी जिम्मेदारी मिले उसका निर्वहन निष्ठा पूर्वक करे।कार्यसमिति में उत्तम दुबे,सुरेश दुबे रामबाबू यादव, श्यामलाल पाल जयपाल सिंह पटेल समेत मंडल, शक्ति केंद्र व बूथ स्तर के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सपा के राष्ट्रीय महासचिव का लालगोपालगंज में स्वागत

**स्वागत**

**लखनऊ से प्रयागराज की ओर निजी कार्यक्रम में जा रहे थे**

**कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव की तैयारियों का किया आह्वान**



लालगोपालगंज में सपा के राष्ट्रीय महासचिव का स्वागत करते पार्टी कार्यकर्ता

**लालगोपालगंज।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव का जनपद की सीमा लालगोपालगंज में जोरदार स्वागत किया गया। पार्टी कार्यकताओं ने पूर्व कैबिनेट मंत्री को फूल मालाओं से लाद दिया। उन्होंने लोगों का अभिवादन स्वीकार कर 2024 की लोकसभा और निकाय चुनाव की तैयारियों में सक्रिय होने का आह्वान किया। लालगोपालगंज के वरिष्ठ सपा कार्यकर्ता मोहम्मद दानिश रंगरेज की अगुवाई में दर्जनों कार्यकर्ता कस्बा के अंधियारी टोल प्लाजा के पास जमा हुए थे। उधर जिला कार्यकारिणी के निवर्तमान जिला अध्यक्ष योगेश यादव पूर्व मंत्री अंसार अहमद, पूर्व सांसद धर्मराज पटेल, सोरांव विधायक गीता पासी आदि भी पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकताओं के साथ पहुंचे थे। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव का काफिला जैसे ही जनपद की सीमा लालगोपालगंज के अंधियारी टोल प्लाजा पर पहुंचा, पार्टी कार्यकताओं ने गाजे-बाजे के साथ उनका जोरदार स्वागत किया। जनप्रतिनिधियों निवर्तमान पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने उन्हें फूल मालाओं से लादकर पार्टी पक्ष में गगनभेदी नारे लगाए। पूर्व कैबिनेट मंत्री ने लोगों का अभिवादन स्वीकार करते हुए आने वाले निकाय चुनाव एवं 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारियों में सक्रिय होने के लिए कार्यकताओं से आवाहन किया। स्वागत के दौरान वरिष्ठ सपा नेता अतहर हुसैन फारुकी, मुजाहिद हुसैन फारुकी, तुफैल अहमद, मोहम्मद वसीम, मोहम्मद आरिफ, लालबाबू, मोहम्मद इरशाद, गोरे लाल यादव, सुफियान अहमद आदि लोग उपस्थित रहे।



सम्मानित होते अनूप सिंह परिहार

### देवदूत वानर सेना के राष्ट्रीय संगठन मंत्री अनूप सिंह परिहार हुए सम्मानित

**लालापुर।** लालापुर क्षेत्र के मानपुर गांव निवासी,अनूप सिंह परिहार को उनके समाज के प्रति कुशल कार्य बढ़ चढ़ कर करने पर भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने सम्मानित किया। परिहार के सम्मानित होने पर उनके गांव से लेकर क्षेत्र के लोगों ने खुशी जाहिर की। बचपन से अनूप सिंह की सोच सबसे मानवता के प्रति अलग रही,हमेशा बड़ो का सम्मान देकर आशीर्वाद लेना,अपने से छोटो को प्यार देना,दीन दुखियों की मदद करना उनका मुख्य उद्देश्य रहा। गरीब व असहाय के प्रति किये गए कार्य पूरे भारत मे लगभग तीन हजार यूनिट ब्लड की मदद किये,कोरोना काल मे अपने जान की परवाह न करते हुए,बीमार ब्यक्तियो को अस्पताल पहुँचाकर बेड दिलवाना इलाज की भरपूर ब्यवस्था कराना।वही अन्मय बचाओ अभियान चलाकर दो करोड़ नब्बे लाख का इंजेक्शन की ब्यवस्था कराई,जिससे बच्चे की जिंदगी बच पाई, गरीबो को पी जी आई व दिल्ली के अस्पताल में एडमिट करवाना,वही असहाय परिवार की बेटियों की शादी करवाना,ऐसे ही सामाजिक मानवता के प्रति कार्य देवदूत बानर सेना करती चली आ रही है।ऐसे कार्य को बिरले लोग ही आज के समय मे कर पाते हैं।इनके कार्य की जितनी प्रसंशा की जाय उतनी कम है।इन्ही कार्यो को देखकर भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम जाजू ने देवदूत वानर सेना के राष्ट्रीय संगठन मंत्री अनूप सिंह परिहार को सम्मानित किया।

## गंगा दूतों को समझाया नदियों का महत्व

**प्रयागराज।** नमामि गंगे में युवाओं की सहभागिता परियोजना के अंतर्गत 2 दिवसीय ग्रामस्तरीय 50 गंगा दूतो का प्रशिक्षण का आयोजन इसराजि देवी ओंकार गिरि इंटरमीडिट कॉलेज प्रयागराज में किया गया। कार्यक्रम में जिला परियोजना अधिकारी एषा सिंह ने युवाओ नमामि गंगे परियोजना मे युवाओ की सहभागिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी और कहा जीवनदायनी नदियों का महत्व सभी को समझना बेहद जरूरी है। कोई भी देश, राज्य, गाँव, शहर बिना जल के महत्व के किसी भी प्रकार का सफर तय नहीं कर सकता। मौके पर प्रधानाचार्य स्नेह गिरि ने कहा गंगा भारतीय जनमानस की आस्था का जीवन्त प्रतीक है। गंगा सदियों से हमारी सभ्यताझ्रसंस्कृति एवं आध्यात्मिकता का केन्द्र रही। भारतीय वन्य जीव संस्थान के सामुदायिक अधिकारी के पी उपाध्याय ने गंगा के प्रदूषण, समस्या, और दुष्प्रभाव पर चर्चा की साथ ही जैव विविधता एवं उसके संरक्षण पर चर्चा की और बताया पानी में रहने वाले जीव-जन्तुओं की एक विशेषता यह है कि ये जल प्रदूषण को भी रोकते हैं। ट्रेनर अनुज ने घड़ियाल,गंगा जलीय जैव विविधता का समुदाय आधारित संरक्षण पर चर्चा करी। दूसरे दिवस नदियों के महत्व और संरक्षण कार्यक्रम पर वन विभाग के समन्वय में क्विज प्रतियोगिता आयोजित कराई गयी। गंगा में प्रशिक्षक नुक्कड़ नाट्य अभिनय संस्थान से नीतीश कुशवाहा ने नुक्कड़ नाटक, कहानी वचन के माध्यम से गंगा स्वच्छता के विषय पर बहुत ही रचनात्मक तरीके से गंगा दूतों को बताया। राम अवध कुशवाह ने नेहरू युवा केंद्र का कार्य, युवा मंडल गठन और सक्रिय करने का तरीके पर चर्चा करी। वन विभाग से जेरएफ श्वेता ने कचरा प्रबंधन पर व्याख्यान दिया गया। समापन में सभी गंगा दूतों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे स्पीयर हेड लीडर कुलदीप एवं दारा ने गंगा स्वछता शपथ एवं रैली निकली तथा इनका आयोजन में अहम योगदान रहा।



कार्यक्रम में उपस्थित गंगादूत

## संक्षेप

### बस की टक्कर से बाइक सवार दंपती घायल

**कौशांबी।** पश्चिमशरीरा निवासी तरुण केसरवानी गुरुवार सुबह पत्नी मंजीता देवी के साथ दवा लेने मंझनपुर जा रहा था। ओसा चौराहा के समीप पीछे से आई बस ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दंपती घायल हो गए। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों का कहना है कि घायलों की हालत खतरे से बाहर है।

### पड़ोसी ने पानी भरने गई महिला को पीटा

**कौशांबी।** नगर कोतवाली इलाके के सेलरहा पश्चिम गांव की सुनैना देवी पत्नी जगमोहन ने बताया कि गुरुवार सुबह वह घर के पास लगे हैंडपंप पर पानी भरने गई थी। तभी पड़ोसी दबंग वहां पहुंच गया और नम्बर को लेकर गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर पिटाई कर दी। पीड़िता ने आरोपित के खिलाफ नामजद तहरीर पुलिस को दे दी है।

# पेड़ की डाल से लटकती मिली युवक की लाश

**वारदात**

**पिपरी कोतवाली के शेरगढ़ गांव के बाहर स्थित जंगल में हुई वारदात**

**पूरामुफ्ती, कौशाम्बी।** पिपरी कोतवाली क्षेत्र के शेरगढ़ गांव के बाहर स्थित जंगल में पेड़ के सहारे फंदे पर अधेड़ का शव लटकता हुआ मिला है। अधेड़ दो दिन पहले मार पीट के मुकदमा की पैरवी के लिए प्रयागराज कचहरी निकाला था। उसके बाद से वह घर नहीं लौटा। अनहोनी की आशंका करते हुए परिजन उसकी खोज बीन कर रहे थे। पुलिस को शव लटकने की सूचना मिली। घटना की जानकारी होने पर रोते बिलखते परिजन थाना पहुंचे। शव की शिनाख्त की। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

प्रयागराज जनपद के लालापुर थाना क्षेत्र के बेला मुंडी निवासी ५२ वर्षीय विनोद सिंह पटेल पुत्र स्वर्गीय गुलाब सिंह खेती किसानी करते थे।



घटना के बाद थाना पहुंचे परिजन

उनके बेटे अरुण सिंह के मुताबिक उन्होंने ने गांव के ही राम औतार के खेतों की जोताई अपने ट्रैक्टर से किया था। करीब दस हजार रही जोताई मांगने को लेकर उनका विवाद हुआ था। जिसमें हुई मार पीट मामले में मुकदमा प्रयागराज जिला न्यायालय में विचाराधीन है। मुकदमा की पैरवी करने के लिए मंगलवार को विनोद सिंह घर से निकले थे। इसके बाद घर नहीं लौटे। परेशान होकर परिजन उसकी खोज बीन सगे संबंधियों व रिश्तेदारों के घर तलाश कर रहे थे, कि पुलिस द्वारा पिपरी के शेरगढ़ के जंगल में सूखे पेड़ से शव लटकने की सूचना मिली। थाना पहुंचे तो शव पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया गया था। घटना को लेकर मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर किया। इस संबंध में पिपरी इंस्पेक्टर श्रवण कुमार सिंह का कहना प्रथम दृष्टि आत्महत्या घटना को माना जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारण का पता चलेगा। जिसके बाद आगे की कारर्रवाई की जाएगी।

## संदिग्ध हालातों में युवक की हुई मौत

**पूरामुफ्ती,कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के कादिलपुर गांव में बुधवार की रात संदिग्ध परिस्थितियों में 45 वर्षीय एक युवक की मौत हो गई। हादसे को लेकर परिजनों में रोना पिटना मचा रहा। परिजनों ने बिना पोस्टमार्टम कराए शव का अंतिम संस्कार कर दिया है।

कादिलपुर गांव निवासी 45 वर्षीय राजकमल साहू पुत्र स्वर्गीय राजा अमीर साहू मेहनत मजदूरी करके स्वजनों का भरण.पोषण करते थे। बुधवार को वह पत्नी और दो बच्चों को लेकर बाइक से प्रयागराज क्षेत्र के गंगा पार में रिश्तेदार के घर रहे निमंत्रण में शामिल होने के लिए गए हुए थे। वहां से लौटते समय करीब १२ बजे वह घर पहुंचे। इसी बीच उनकी अचानक तबियत खराब हो गई। उन्हें उल्टी दस्त आने शुरू हो गए। जानकारी होने पर आनन-फानन में परिजनों ने उसे प्रयागराज के मुंडेरा स्थित नारायण स्वरूप अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद से मृतक के परिजन रोने बिलखने लगे। अस्पताल से शव लेकर लौट स्वजनों ने बिना पोस्टमार्टम कराए गुरुवार की दोपहर बाद शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

## किशोरी को किया अगवा, केस दर्ज

**कौशांबी।** संदीपनघाट थाना क्षेत्र की एक किशोरी को बुधवार की दोपहर गांव के युवक ने अगवा कर लिया। किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्जकर लिया है।

संदीपनघाटथाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी बुधवार की दोपहर खेत की ओर गई थी। बताया जा रहा है कि इसी दौरान गांव का युवक ने किशोरी को अगवा कर लिया। जानकारी होने पर पीड़िता के पिता ने आरोपित युवक को कॉल कर बेटी को सकुशल घर छोड़ने का दबाव बनाया तो आरोपित युवक ने किसी से कुछ बताने पर बेटी के साथ पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। देर शाम पीड़ित पिता थाने पहुंचा और नामजद तहरीर दी। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी अभिषेक गुप्ता ने बताया कि किशोरी प्रेम संबध में भागी है। पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है। जांच पड़ताल के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# नाबालिक छात्र की पड़ोसी दबंग ने नशे में धुत हो किया पिटाई

**चायल कौशांबी।** पिपरी थाना क्षेत्र के बराव गांव में पड़ोस के दबंगों ने 7 साल के बच्चे को लाठी से पीठ पर नशे में धुत होकर जमकर पीटा। जिससे 7 वर्ष के बच्चे को गहरी चोट आई है।



पिटाई से घायल छात्र

जानकारी के मुताबिक निवासी तेरसिया पत्नी तेरस के पुत्र जितेंद्र को पड़ोस के दबंग व्यक्ति अभिनंदन पुत्र मेवालाल ने 7 साल के बच्चे को बेरहमी से पीठ पर लाठियों से बौछार कर दिया है जिसमे काफी चोट आई है। बताया जा रहा है की दबंग व्यक्ति बीती रात को 9 बजे जितेंद्र रामाश्रय घर पर शराब पीकर नशे में धुत होकर 7 साल के बच्चे को मारने पीटने लगे मारपीट सुनकर पड़ोस के आधा दर्जन लोग इकट्ठा हो गए और बीच बचाओ कर मामले को शांत करवाया गया। पीड़ित ने बताया कि आए दिन शराबी दबंग द्वारा लड़ाई झगड़ा पर आमदा रहते है। जिसकी सूचना पुलिस को दे कर पीड़ित ने न्याय की गुहार गई है।

## घर में घुसकर की मारपीट और तोड़फोड़

**कौशांबी।** संदीपनघाट थाना क्षेत्र के जीवनगंज गांव में दबंगों ने घर में घुसकर तोड़फोड़ की। विरोध करने पर अधेड़ को पीट दिया। ग्रामीणों के बीच-बचाव करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पीड़ित का प्राथमिक उपचार कराने के बाद पुलिस ने छह आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जीवनगंज निवासी अमर सिंह का पड़ोसी पप्पू से जमीन का विवाद चल रहा है। आरोपित जबरन उसकी भूमिधरी से रोड निकलवाने की बात कर रहे थे। इस पर अमर ने विरोध किया तो आरोपितों ने घर में घुसकर तोड़फोड़ की। विरोध करने पर आरोपितों ने अमर सिंह को पीट दिया। ग्रामीणों ने बीच-बचाव करते हुए मामला शांत कराया। सूचना पर गांव पहुंची पुलिस ने घायल का प्राथमिक उपचार कराने के बाद आरोपित पप्पू, गंगा समेत आधा दर्जन हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# टेंगाई गांव में आयोजित हुई प्रभारी मंत्री की चौपाल

**चौपाल**

**सरकार की मंशा सिर्फ गरीबों की मदद एवं उनका कल्याण करना : प्रभारी मंत्री**

**कौशांबी।** प्रभारी मंत्री ने ग्राम पंचायत टेंगाई में आयोजित चौपाल कार्यक्रम में प्रतिभाग कर केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओ के लाभार्थियों से संवाद किया तथा गर्भवती महिलाओ की गोद भराई एवं बच्चों को अन्नप्राशन कराया एवं प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभार्थियों को आवास की चाभी व स्वीकृत प्रमाण पत्र, मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को आवास स्वीकृत प्रमाण-पत्र एवं स्वयं सहायता समूह को आरएफ, सीआईएफ व सीसीएल के तहत रू0-14 लाख 95 हजार का चेक भी वितरित किया।



चौपाल कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओ की गोद भराई कराते प्रभारी मंत्री व जिलाधिकारी सहित अन्य

प्रभारी मंत्री ने ग्राम पंचायत में केन्द्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं द्वारा कराये गये विभिन्न कार्यों-खड़ंजा, गौशाला व प्राथमिक विद्यालय में मरम्मत का कार्य एवं हैण्डपम्प रिबोर आदि की जानकारी प्राप्त करते हुए कार्यों का सत्यापन किया। उन्हांने ग्राम पंचायत में कितने लोगां को राशन कार्ड, आवास, पेंशन, पीएम सम्मान निधि आदि मिल रहीं हैं, की भी जानकारी प्राप्त की। मा0 प्रभारी मंत्री द्वारा ग्रामवासियों से ग्राम में विद्युत आपूर्ति एवं वरासत के लम्बित प्रकरण की जानकारी प्राप्त करने पर बताया गया कि विद्युत आपूर्ति शासन द्वारा निर्धारित अवधि तक की जा रहीं है तथा वरासत का कोई भी प्रकरण लम्बित नहीं है। प्रभारी मंत्री ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार की मंशा समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित तथा सरकार की मंशा सिर्फ गरीबों की मदद एवं उनका कल्याण करना है। उन्हांने सम्बन्धित अधिकारियों को केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से गरीबों को लाभान्वित करने के निर्देश देते हुए कहा कि ग्राम पंचायत टेंगाई में कैम्प लगाकर शेष रह गये सभी पात्र व्यक्तियां को पेंशन, आवास सहित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जाय तथा सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक किया जाय। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सरकार की एक-एक योजना पात्र व्यक्ति तक पहुँचें, इस पर विशेष ध्यान दिया जाय, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाय। उन्होंने विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति पर भी विशेष ध्यान दिये जाने के निर्देश दियें। उन्होंने ब्लॉक स्तर पर भी कैम्प लगाकर पात्र व्यक्तियां को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने क निर्देश दियें।

# पशु पालन करने वाले किसानों को एक स्वर्णिम अवसर



योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी देते हुए

**कौशांबी।** नेशनल लाइवस्टाक मिशन अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा वर्ष 2021-22 से पशुपालन सेक्टर में उद्यमिता विकास के माध्यम से 50 प्रतिशत सबसिडी के आधार पर भेड़, बकरी, सूकर, मुर्गी एवं चारा विकास की निम्न योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। जिसका मुख्य उदेश्य इस प्रकार है।

- उद्यमितता विकास के माध्यम से भेड़-बकरी, सूकर, मुर्गी एवं फोडर सेक्टर में रोजगार का सृजन किया जाना ।
- नस्ल सुधार के माध्यम से
- हैचरी स्थापित किया जाना ।

ब्रूडर कम मदर यूनिट स्थापित किया जाना

**2. भेड़, बकरी ब्रीडर फार्म स्थापित किया जाना-**

- 500 बकरी + 25 बकरा - अधिकतम सबसिडी 50.00 लाख तक।
- 400 बकरी + 20 बकरा - ड्ड अधिकतम सबसिडी 40.00 लाख
- 300 बकरी + 15 बकरा - ड्ड अधिकतम सबसिडी 30.00 लाख
- 200 बकरी + 10 बकरा- अधिकतम सबसिडी 20.00 लाख
- 100 बकरी+ 05 बकरा- अधिकतम सबसिडी 10.00 लाख

**3. सूकर फार्म स्थापित किया जाना**

- 100 सूकरी + 10 सूकर अधिकतम सबसिडी 30.00 लाख
- 50 सूकरी + 05 सूकर- अधिकतम सबसिडी 15.00 लाख

**4. चारा विकास अन्तर्गत स्थापित योजनाएं**

- साईलेज मेकिंग यूनिट :- 2000 से 2400- मीट्रिक टन प्रति वर्ष ड्ड फाडर ब्लाक मेकिंग यूनिट:- 30 मीट्रिक टन प्रति दिन।

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस आज

**कौशाम्बी।** जनपद में 10 फरवरी को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया जा रहा है। इस दिवस पर एक वर्ष से 19 वर्ष तक आठ लाख बच्चों एवं किशोर किशोरियों को कृमि मुक्ति की दवा यानि पेट से कीड़े निकालने की दवा खिलाई जाएगी। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के नोडल डॉ हिमांशु भूषण ने बताया कि जनपद में स्थानीय आंगनबाड़ी कार्यकत्री की मदद से एक वर्ष से पांच वर्ष तक के पंजीकृत बच्चों और 6 वर्ष से 19 वर्ष तक के स्कूल न जाने वाले बालक-बालिकाओं को दवा खिलाई जाएगी। वहीं 6 वर्ष से 19 वर्ष तक के छात्र-छात्राओं को उनके शिक्षकों के माध्यम से दवा सेवन सुनिश्चित करना है। किशोर जुबेनाइल होम में प्रभारी अधीक्षक के माध्यम से किशोरों को दवा खिलाई जाएगी। यह दवा चबाकर खानी है। किसी गंभीर बीमारी से ग्रस्त बच्चे या किशोर को दवा नहीं खिलाई जाएगी। इस दिवस पर दवा सेवन से छूटे बच्चों एवं किशोर किशोरियों के लिए 13 -15 फरवरी को मापअप राउन्ड आयोजित होगा। अभियान के दौरान कोविड-19 प्रोटोकाल का पालन करना आवश्यक है। यह दवा तत्काल सामने ही खानी है। किसी भी बच्चे या परिजन को बाद में खाने के लिए नहीं दी जाएगी। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष जुलाई में कृमि मुक्ति अभियान के दौरान जनपद के सभी आठ ब्लॉकों एवं शहरी क्षेत्रों में दवा खिलाई गई। इस दौरान आठ लाख बच्चों एवं किशोर किशोरियों को दवा खिलाने के लिए लक्षित किया गया था। वहीं अभियान के दौरान कुल छ लाख लोगों को दवा खिलाई गई। यानि 75 % प्रतिशत लक्षित बच्चों एवं किशोर किशोरियों को कृमि मुक्ति की दवा खिलाई गई थी।

## निःशुल्क शुगर जॉच कैंप का आयोजन आज

**पूरा मुफ्ती, कौशांबी।** पूरामुफ्ती स्थित आर.डी.मेमोरियल हास्पिटल में शुक्रवार को निशुल्क शुगर मरीजों को कैंप के माध्यम से जांच की जाएगी। जानकारी देते हुए डॉ विजय कुमार ने बताया कि उनके नेतृत्व में शुक्रवार को निशुल्क शुगर मरीजों के जांच हेतु कैंप का आयोजन किया गया है।उन्होंने कहा कि जो भी व्यक्ति शुगर रोग से पीड़ित हैं वे शुक्रवार को सुबह से शाम तक निशुल्क जांच की सुविधा उपलब्ध रहेगी। जिससे शुगर जैसी बीमारी का सही समय पर इलाज किया जा सके।

# 10 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज

**कौशांबी।** महेवाघाट थाना क्षेत्र के निगहा गांव के एक युवक की जमीन को जालसाज फरेबियों ने अभिलेखों में हेराफेरी कर अपने खाते में दर्ज करवा लिया। पीड़ित ने मामले की शिकायत एसडीएम के साथ पुलिस से की लेकिन सुनवाई नहीं हुई। बुधवार को अदालत के आदेश पर पुलिस ने 10 आरोपितों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दिया है।

निगहा निवासी राजेश कुमार ने बताया कि साल भर पहले उसने गांव में एक भूखंड खरीदा था। गांव के ही बृजेश, मुन्नी देवी ने जालसाजों के साथ मिल अभिलेखों में हेराफेरी कर फर्जी दस्तावेज को असली बताते हुए भूखंड को अपने खाते में दर्ज करा लिया। खरीदी गई जमीन पर कब्जा देख पीड़ित को मामले की जानकारी हुई। इसकी शिकायत पीड़ित ने एसडीएम के साथ थाना पुलिस से की। आरोप है कि नामजद शिकायत के बाद भी फरेबियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद पीड़ित अदालत पहुंचा। अदालत के आदेश पर बुधवार को पुलिस ने आरोपित मुन्नी देवी, बृजेश कुमार, सतीश, राकेश समेत दस लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर लियाहै। इंस्पेक्टर रोशन लाल ने बताया कि अदालत के आदेश पर जालसाजों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है जांच के बाद जो सच्चाई सामने आएगी पुलिस वैसी कार्रवाई करेगी।

## घर में घुसकर युवक को पीटा

**कौशांबी।** सरायअकिल थाना क्षेत्र के फकीराबाद मोहल्ले में दबंगों ने युवक को घर में घुसकर पीट दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। फकीराबाद मोहल्ले की रेशमा पत्नी आबिद ने बताया कि पड़ोसी से उसका विवाद चल रहा है। बुधवार की शाम बाजार से घर लौटे रेशमा के बेटे शीलू को आरोपितों ने घर में घुसकर पीट दिया। देर शाम पीड़ित मां बेटे को लेकर थाने पहुंची और मामले की नामजद शिकायत पुलिस से की। जख्मी युवक का उपचार कराने के बाद पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपित गुलफाम, सोनू, मोनू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही सरकारी योजनाएं

**चायल,कौशाम्बी।** चायल व मूरतगंज के अंर्तगत दर्जनों ग्राम पंचायतों में सरकारी योजनाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है। ग्राम पंचायतों के विकास के लिए मिलने वाली भारी भरकम सरकारी रकम में पंचायत सचिव और प्रधान सरकारी खजाना खाली करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। कही नाली निर्माण कार्य में धांधली की गई हैं तो कही इंटरलॉकिंग खड़ंजा लगाने में घोटाले हुए हैं। हैंडपंप की मरम्मत एक बार कराने के बाद कई कई बार सरकारी रकम खजाने से निकाली गई है। सरकारी विकास योजनाओं में ग्राम प्रधान वा पपंचायत सचिव की मिली भगत से बड़ा खेल खेला जा रहा है। लगातार हो रहे भ्रष्टाचार के बाद भी खंड विकास अधिकारी चायल व मूरतगंज और एडीओ पंचायत चायल व मूरतगंज मूकदर्शक बने हुए हैं। अगर एक बार भी बड़े अधिकारियों की नजर चायल वा मूरतगंज ब्लाक के विकास योजनाओं की ओर पड़ी तो कई ग्राम प्रधानों व पंचायत सचिवो के ऊपर कार्यवाही की गाज गिरनी तय है। हालांकि इलाकाई बुद्धिजीवी जनता योजनाओं के बंदरबांट को लेकर अफसरों से भी शिकायत करने का मन बना रही है।वही लगों ने जिलाधिकारी सुजीत कुमार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए योजनाओं की निष्पक्ष जांच करा कर दोषी पाए जाने वाले जिम्मेदारों के खिलाफ कार्यवाही कराए जाने की मांग की है।

## बंद कमरे में प्रेमी युगल को देख भड़के रिश्तेदार

**कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र के चौराडीह गांव अपने जीजा के घर आई एक बालिका अपने प्रेमी के साथ बंद कमरे में रासलीला रचा रही थी रहे थे प्रेमी युगल द्वारा रासलीला रचाए जाने की जानकारी बालिका के जीजा के परिजनों को लग गई जिस पर बालिका के रिश्तेदार भड़क गए और जिस कमरे में प्रेमी युगल रासलीला रचा रहे थे उस कमरे में रिश्तेदारों ने बाहर से ताला बंद कर मामले की सूचना पुलिस को दे दी सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंची और बाहर का ताला खुलवाने के बाद पुलिस ने जब प्रेमी युगल से कमरा खुलवाने का प्रयास किया तो प्रेमी युगल ने अंदर से कमरा बंद कर रखा था पुलिस के पहुंचने के बाद भी प्रेमी युगल कमरा खोल कर बाहर निकलने को तैयार नहीं थे काफी देर तक हाईवोल्टेज ड्रामेबाजी चली काफी देर समझाने बुझाने के बाद प्रेमी युगल ने अंदर से कमरा खोला कमरा खोलने के बाद प्रेमी युगल को पुलिस ने बाहर निकाला कमरे से बाहर निकालने के बाद प्रेमी युगल को पुलिस थाने लेकर आई है जहां पंचायत चल रही है बताया जाता है कि जीजा के घर जाने वाली बालिका कोखराज थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली है और कोखराज थाना क्षेत्र का ही उसका प्रेमी बालिका से मिलने चरवा थाना क्षेत्र के चौराडीह गांव बालिका के जीजा के घर मिलने गया था जहां काफी देर तक हाई वोल्टेज ड्रामा चलता रहा।

# प्रभारी मंत्री ने प्राथमिक विद्यालयों का किया निरीक्षण

**निरीक्षण**

**विशेष प्रयास कर बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के निर्देश**

**कौशाम्बी।** प्रभारी मंत्री ने प्राथमिक विद्यालय हजरतगंज, मंझनपुर एवं एवं प्राथमिक विद्यालय पाता के निरीक्षण के दौरान विद्यालय में कितने बच्चें हैं आदि की जानकारी प्राप्त करते हुए बच्चों से श्यामपट पर लिखें वाक्यों को पढ़ाकर शिक्षा की गुणवत्ता को परखा तथा बच्चों से कहा कि मन लगाकर पढ़ाई करें। उन्होंने बच्चों की उपस्थिति कम पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए अध्यापकों को बच्चों की उपस्थिति अधिक से अधिक करने के लिए विशेष प्रयास करने के भी निर्देश दियें। उन्होंने मध्यान्ह भोजन योजना के तहत बनाये जा रहें भोजन का अवलोकन करते हुए कहा कि बच्चों को शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार गुणवत्तापूर्ण भोजन प्रदान किया जाय, इस कार्य में किसी भी प्रकार लापरवाही न बरती जाय।



बच्चों से बातचीत कर शिक्षा की गुणवत्ता को परखते प्रभारी मंत्री

तत्पश्चात प्रभारी मंत्री ने निमार्णाधीन सार्वजनिक शौचालय, डायट मैदान मंझनपुर के निरीक्षण के दौरान शौचालय शीट (कमोड) व्यवस्थित तरीके से न लगा हुआ पाये जाने एवं टाइल्स लगाये जाने के कार्य में भी लापरवाही पाये जाने पर ठेकेदार के प्रति नाराजगी प्रकट करते हुए ठीक प्रकार से कार्य कराने तथा सम्बन्धित अधिकारियां को कार्यों का नियमित रूप से पर्यवेक्षण करने के निदेश दियें निरीक्षण के दौरान भाजपा जिलाध्यक्षा श्रीमती अनीता त्रिपाठी, जिलाधिकारी सुजीत कुमार, मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी एवं अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय पूर्व विधायक संजय कुमार गुप्ता सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## संक्षेप

### मोबाइल चोरी के आरोप में युवक को पीटकर पुलिस को सौंपा

**प्रतापगढ़।** मेडिकल कॉलेज के सर्जिकल वार्ड में भर्ती महिला मरीज ने युवक पर मोबाइल फोन चोरी करने का आरोप लगाया। अस्पताल में तैनात गार्ड ने युवक को पकड़कर अस्पताल चैकी पुलिस को सौंप दिया। नगर कोतवाली के रूपापुर निवासी एक महिला मेडिकल कॉलेज के सर्जिकल वार्ड में भर्ती है। बुधवार शाम महिला का मोबाइल फोन गायब हो गया। गुरुवार सुबह करीब 5 बजे उसे एक युवक शौचालय के पास मिला और कहने लगा कि वह महिला का गायब हुआ मोबाइल फोन लाकर दे सकता है। विश्वास दिलाने के लिए महिला मरीज को उसने अपना मोबाइल फोन भी दे दिया। युवक पर महिला को शक हुई तो उसने सुरक्षा गार्ड को बताया। युवक गुरुवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे फिर महिला मरीज के पास पहुंचा तो उसे सुरक्षा गार्डों ने पकड़ लिया। इस दौरान जुटी भीड़ ने युवक को पीटते हुए महिला के गायब हुए मोबाइल के बारे में पूछा। पूछताछ में युवक ने अपने को विकासभवन के पास का रहने वाला बताया। मेडिकल कॉलेज के सुरक्षा गार्डों ने उसका डिटेल नोट कर अस्पताल चैकी पुलिस को सौंप दिया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# धारदार हथियार से पति ने पत्नी का गला काट उतारा मौत के घाट

**हत्या**

### पति ने खुद के हाथ का नस ब्लेट से काटकर किया आत्महत्या का प्रयास


अस्पताल मं मृतका का पति


मृतका की फाइल फोटो

**प्रतापगढ़।** अपने एक बेटे के नाम जमीन का बैनामा व ई रिक्शा का बाकी पैसा देने से पत्नी से नाराज पति ने रात को सोते समय पत्नी का गला काटकर मौत के घाट उतार दिया। घटना की खबर लगते ही क्षेत्र में हड़कम्प मच गया। जिले के संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के किंधौली गाव निवासी आभा उर्फ सावित्री मिश्रा पत्नी बिनोद कुमार मिश्रा (50) के दो बेटे दीपेंद्र मिश्रा व अरविंद मिश्रा है। पत्नी आभा उर्फ सावित्री के पिता घनश्याम तिवारी व माता द्रोपदी ने अपने बड़े नाती दीपेंद्र के नाम पिछले साल जुलाई में ढाई बीघेजमीन का बैनामा कर दिया था। विनोद दोनों बेटों के नाम आधी-आधी जमीन बैनामा करवाना चाहता था। पत्नी ने ही अपने पिता से बड़े बेटे के नाम पूरी जमीन का बैनामा करवाया इससे विनोद नाराज हो गया। इसी बात को लेकर दोनों पति पत्नी में अक्सर विवाद होता रहा। बताते है कि बिनोद को ससुराल की गद्दी मिली थी जो रक्षा बंधन पर घर आया था और ई रिक्शा खरीदकर परिवार का खर्च चलाता था। ई-रिक्शा का 18 हजार बकाया देने के लिये भी रोज पति पत्नी दोनों में कहासुनी होती थी। रोज रोज की कहा सुनी से तंग आकर पति से नाराज आभा उर्फ सावित्री अपने मायके जाकर रहने लगी। अचानक बुधवार को विनोद भी ससुराल पहुँच गया जहां दोनों पति पत्नी खाना खा पीकर रात में कमरे में सोने चले गये। आभा के माता पिता दूसरे मकान में सोने चले गये। गुरुवार की सुबह जब दोनों नहीं उठे तो आभा के माता पिता अपने बेटी व दामाद को जगाने पहुँचे। बिस्तर पर दोनों को खून से लथपथ देख शोर मचाने लगे। मौके पर पँहुचे लोगों ने अंदर का नजारा देख हस्त प्रभ रह गए। पत्नी आभा मरणासन्न हालत में बिस्तर पर पड़ी रही जिसके गले में धारदार हथियार के चोट से खून बह रहा था। उधर पति विनोद कुमार मिश्रा अपने हाथ की नस काटकर फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास कर रहा था। जिसे ग्रामीणों ने पकड़ लिया। इस दर्दनाक घटना को देखने के लिए ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गयी। घटना की जानकारी मिलते ही संग्रामगढ़ प्रभारी सत्येन्द्र राय दल बल के साथ मौके पर पहुचे। मामले की जानकारी सीओ लालगंज रामसुरत सोनकर को दी गई।मौके पर पँहुचे सी ओ लालगंज ने गम्भीर रूप से घायल विनोद मिश्रा को उपचार के सीएचसी संग्रामगढ़ भेजा जहां चिकित्सकों ने मेडिकल कालेज प्रयागराज के लिए रिफर कर दिया। पुलिस ने मृतका आभा उर्फ सावित्री के शव की लिखा पढ़ी करके पीएम को भेजा। मृतका के माता पिता व दोनों बेटों का रोरोकर बुरा हाल है। सात्वना देने वालो का तांता लगा हुआ है। सभी विनोद की हरकत पर धिक्कार रहे हैं। इस बाबत सीओ लालगंज रामसूरत सोनकर ने बताया कि विनोद मिश्रा लुधियाना में रहता था जो रक्षाबंधन के त्योहार पर घर आ गया था। वापस नही गया। यही रहकर ई रिक्शा खरीदकर चलाता था। रिक्शा का बकाया पैसा देने के लिए दोनो के बीच 15 दिनों से विवाद चल रहा था। जिससे सनकी पति विनोद ने गड़ासे से गर्दन काटकर अपनी पत्नी आभा उर्फ सावित्री की बेरहमी से हत्या कर दी। पुलिस ने मौके पर ब्लेड और बांका बरामद किया है। मृतका के बेटे से पूछताछ की जा रही है। घटना की तहरीर मिलते ही पुलिस जांच में जुटी हुई है।जल्द ही घटना का सही खुलासा किया जाएगा।


शिवपाल यादव का माला पहनाकर स्वागत करते सपाई

# सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव का सपाईयों ने किया स्वागत

**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव गुरुवार को दोपहर में एक शादी समारोह में शामिल होने कुण्डा के रास्ते बाई कार लखनऊ से प्रयागराज जा रहे थे। इसकी भनक लगते ही सपा पूर्व जिलाध्यक्ष छविनाथ यादव की अगुवाई में दर्जनों समर्थक कालालाकांकर के नवाबगंज चैराहे पर एकत्र होकर उनको रोक लिया। शिवपाल की गाड़ी रुकते ही सपाइयों ने माला पहनाकर स्वागत किया। शिवपाल यादव सपा कार्यकर्ता मोबीन खान के आवास पर रुके, चाय नाश्ता करने के दौरान सपा कार्यकताओं से बात किया। पार्टी की मजबूती के लिए कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया।

# पीडब्लूडी के कर्मचारियों ने समाप्त किया धरना, मानी गई मांगे


एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर करते पीडब्लूडी के कर्मचारी

**प्रतापगढ़।** बीते चार दिनों से अपनी मांगों को लेकर धरना रत लोक निर्माण विभाग के कर्मचारियों को आखिरकार सफलता मिल ही गई। उच्चाधिकारियों द्वारा उन्हें स्थायीकरण होने का आदेश मिला है। जिससे कर्मचारियों ने गुरुवार को धरना प्रदर्शन समाप्त कर दिया। बता दें कि उत्तर प्रदेश मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन के बैनर तले लोक निर्माण विभाग के कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर धरनारत थे। चार दिन हड़ताल के बाद वह अपनी मांगों को लेकर बुधवार को प्रयागराज मंडल कार्यालय पर धरना दिए। जहां पर क्षेत्रीय मुख्य अभियंता को ज्ञापन सौंपने पर उनकी मांगों में स्थायीकरण की मांग को मान लिया गया। कर्मचारियों ने खुशी का इजहार करते हुए एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया। जिलाध्यक्ष सत्यजीत सिंह ने बताया कि उनकी मांगों को अधिकारियों ने मान लिया है। यह लड़ाई उनके संघ की सफलता है। इस मौके पर आलोक कुमार, छाया शुक्ला, प्रशांत, अमृतलाल, शिव कुमार, बबलू सिंह, प्रभात, शब्बीर, चंद्रकांत मिश्रा, राजेश, आशीष, अनिल आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

## कठिन मेहनत व लगन ही सफलता का मूल मंत्र

**प्रतापगढ़।** अवध बार एसोसिएशन हाई कोर्ट लखनऊ के कई बार के अध्यक्ष रहे व सीनियर अधिवक्ता हरि गोविन्द सिंह परिहार ने कहा कि सफलता के लिए कठिन मेहनत व लगन की जरूरत होती है। वकालत पेशे के अलावा हर व्यवसाय व कार्य क्षेत्रों में व्यक्ति की कार्यशैली, लगन व मेहनत ही उसके सफलता का मुख्य श्रोत रहा है। उक्त बातें श्री परिहार ने अपनी अधिवक्ता बेटी मीनाक्षी परिहार के जन्म दिन के अवसर पर बुद्धवार को हाईकोर्ट लखनऊ के अवध बार एसोसिएशन के चैंबर में केक काटते हुए कही। प्रतापगढ़ के अधिवक्ताओं ने मीनाक्षी परिहार के जन्म दिन पर उन्हें बधाई संदेश भेजा है। प्रदेश के नामी गिरामी हाईकोर्ट के सीनियर अधिवक्ता श्री परिहार प्रतापगढ़ जिले के मूल निवासी हैं। मृदुभाषी, सरल स्वभाव के कारण प्रतापगढ़ के अधिवक्ता उन्हें सम्मान की नजरों से देखते हैं। उन्हीं के कदमों पर चलकर मीनाक्षी परिहार भी क्लाइंट से लेकर आम लोगों में सोहरत प्राप्त कर रही है। मौजूद अधिवक्ताओं ने मीनाक्षी परिहार को उनके जन्म दिन की बधाई दी। इस मौके पर अपर महाधिवक्ता कुलदीप पति त्रिपाठी, राहुल सिंह, योगेन्द्र मिश्र, अतीश कुमार सिंह, बृजेश कुमार, नीरज सिंह राठौर, अखिलेश सिंह, मनोज कुमार उनके दो दर्जन से अधिक जूनियर अधिवक्ता व अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

## सौ मीटर के दौड़ में जीता शील्ड

**प्रतापगढ़।** कुंडा नगर पंचायत के रजनपुर मोहल्ला निवासी सौरभ पुत्र विजय कुमार मथुरा में चल रही पांचवीं भारतीय शांति खेल महासंघ में प्रतिभाग किया। सौ मीटर की दौड़ प्रतियोगिता में सौरभ ने शील्ड पर कब्जा कर लिया। सौरभ के सफलता की जानकारी मिलते ही परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गई। सौरभ कालाकांकर के लीजेंड अकादमी में अभ्यास करके सफलता हासिल किया है। अकादमी के संचालक सूबेदार महेशचन्द, नगर के पूर्व चेयरमैन शिव कुमार तिवारी समेत अनेक लोगों ने सौरभ को शुभकामनाएं देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना किया है।



# विहिप ने गोकशी को जा रहे गोवंश से भरा ट्रक कराया मुक्त


विहिप के पदाधिकारी व थानाध्यक्ष विजयकांत सत्यार्थी

**प्रतापगढ़।** लालगंज तहसील के थाना उदयपुर क्षेत्र के बैजलपुर गांव में विश्व हिन्दू परिषद् के सोनू सिंह भदौरिया व बजरंग दल के आशु सिंह ने बुधवार की रात में गोकशी के लिए जा रहे एक ट्रक गोवंशो को मुक्त कराया। सूचना पर विश्व हिन्दू परिषद् के डॉ शिवेशानन्द महाराज व सांगीपुर प्रखंड अध्यक्ष मनोज मिश्रा विहिप कार्यकताओं के साथ थाना उदयपुर पहुंचे। विहिप के दोनों पदाधिकारियों सोनू सिंह, आशु सिंह व सहयोग के लिए थानाध्यक्ष उदयपुर विजयकांत सत्यार्थी का माल्यार्पण कर हौसला बढ़ाया। विहिप के सोनू सिंह व आशु सिंह की सूचना पर थानाध्यक्ष उदयपुर आधी रात में फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर लगभग तीस गोवंश को मुक्त कराया। मौके पर ट्रक नंबर यू पी 71-ज 2470 से पशुओं की आंखों में डालने के लिए रखे गए लाल मिर्च को बरामद किया। अंधेरे का फायदा उठाकर सभी आरोपी तस्कर भागने में सफल रहे। पुलिस द्वारा विभिन्न धाराओं में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। गोवंश को बचाने में बजरंग दल प्रखंड संयोजक आशु सिंह को काफी चोट भी लगी है जिसका इलाज किया जा रहा है। डॉ शिवेशानन्द महाराज ने बताया कि उक्त प्रकरण में कुछ स्थानीय लोगों की संलिप्तता की जानकारी प्रमाण के साथ प्राप्त हुई है। उसी आधार पर उच्च अधिकारियों से मिलकर सभी आरोपियों के ऊपर कठोर कार्यवाही कराया जाएगा।

# अधिकारियों की लापरवाही से बर्बाद हुई हेपेटाइटिस की दवा

### खबर छपने के बाद सीएमओ को लौटाई एक्सपायरी दवा

**प्रतापगढ़।** हेपेटाइटिस बी बीमारी से जूझ रहे मरीजों के लिए आई हजारों रुपए की दवा सीएमओ दफ्तर की लापरवाही के चलते बर्बाद हो गई। खबर छपने के बाद सीएमएस ने हेपेटाइटिस की सारी दवाएं सीएमओ को लौटा दी है। पता चला है कि ये दवा जेल में निरुद्ध बंदियों के लिए सीएमओ द्वारा राजा प्रताप बहादुर अस्पताल को गत वर्ष जुलाई महीने में उपलब्ध कराई गई थी। खास बात यह है कि इसकी एक्सपायरी छः महीने बाद यानी जनवरी में होनी है। यह जानते हुए भी दवा स्टोर को दे दी गई। जबकि ड्रग्स इंस्पेक्टर के अनुसार जिस भी दवा की एक्सपायरी में छः महीने रह गया था उसे नियमानुसार अस्पतालों में नहीं भेजना चाहिए। फिर भी सीएमओ दफ्तर से ऐसा क्यों किया गया। अस्पताल के दवा भंडार प्रभारी ने लिया क्यों और एक्सपायरी की सूचना समय पर पत्र के जरिए क्यों नहीं दी गई। प्रभारी भी जिम्मेदार हैं। सीएमओ का कहना है कि दवा जेल के बंदियों के लिए दी गई थी। जो छूट गए वे आए नहीं। दवा बच गई थी। लेकिन दवा भंडार प्रभारी को उन्हें बताना था। फिलहाल एक्सपायरी दवा को अस्पताल से उनके यहां भेज दिया गया है। अब इस बारे में शासन स्तर पर बात करनी पड़ेगी।

#### हेपेटाइटिस के मरीजों की संख्या से अनजान है सीएमओ

जिले में हेपेटाइटिस बीमारी से जूझ रहे मरीजों का आंकड़ा स्वास्थ विभाग के पास नहीं है। इस बारे में सीएमओ दो दिन से कुछ बता भी नहीं रहे हैं। बुधवार को बोले कि गुरुवार को बता दूंगा। गुरुवार शाम तक जब बता नहीं पाए। फिर फोन किया गया बोले कि मंगाया है आंकड़ा। लेकिन नहीं दे पाए। इससे साफ जाहिर होता है कि महकमा मरीजों के स्वास्थ के प्रति कितना जिम्मेदार है।

#### शासन की मंशा पर पानी फेर रहे जिम्मेदार

खतरनाक जानलेवा बीमारियों में शुमार हेपेटाइटिस नामक बीमारी का अगर समय रहते इलाज न किया जाए तो मरीज को बचाया नहीं जा सकता है। इससे पीड़ित मरीजों को राहत देने के लिए शासन स्तर पर पहली बार सरकारी अस्पताल में दवा इत्यादि की व्यवस्था हुई है। मरीजों की मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी सीएमओ और उनके चिकित्साधिकारी की हैं। लेकिन यहां तो मरीजों की संख्या ही पता नहीं। मरीजों का इलाज भी हो रहा कि नहीं अब तो इस पर भी शक हो रहा है। लोगों का कहना है कि ऐसी लापरवाही करने वाले अधिकारी शासन की मंशा पर पानी फेरने का काम कर रहे हैं।

#### सीएचसी और पीएचसी राम भरोसे पर

जिला मुख्यालय की अस्पताल में दवा की बबार्दी का यह आलम है तो ग्रामीण इलाकों की सीएचसी और पीएचसी का क्या हाल होगा। वहां भी ये दवाएं भेजी गई है। हो सकता हो कि बंट भी रही हो। कुछ सही कहना मुश्किल है।

### जिले में निर्मित उत्पादों की लगेगी प्रदर्शनी

**प्रतापगढ़।** उपायुक्त उद्योग दिनेश कुमार चैरसिया ने बताया है कि उ0प्र0 ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के अवसर पर 10 फरवरी को जिला स्तरीय निवेश कुम्भ एवं स्थानीय ओडीओपी उत्पादों एवं हस्तशिल्पियों द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी का आयोजन तुलसी सदन (हादीहाल) में किया जायेगा। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा उ0प्र0 ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 के शुभारम्भ का सजीव प्रसारण सबब 9.30 बजे किया जायेगा। इसी के साथ जनपद स्तर पर विभिन्न विभागों द्वारा निवेश से सम्बन्धित नीतियों एवं योजनाओं की विस्तृत जानकारी निवेशकों, उद्यमियों व व्यापारियों को दी जायेगी। इसके अलावां 12 फरवरी को दोपहर 3 बजे जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला उद्योग बन्धु की बैठक का आयोजन व उ0प्र0 ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के समापन समारोह में राष्ट्रपति के सम्बोधन का सजीव प्रसारण भी दिखाया जायेगा। उन्होंने कार्यक्रम में जिले के लोगों से तुलसीसदन में प्रतिभाग करने की अपील की है।

## शिकायत पर एसपी ने थानेदार को लगाई फटकार

**प्रतापगढ़।** लीलापुर थाने के कोठार मंगोल पुर की पीडिता कंचन सरोज पत्नी राजेश सरोज ने जिले के एसपी व सीएम से जान की गुहार लगाई है। शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया कि पड़ोसी गांव मोतीपुरवा निवासी अभिजीत पुत्र सदाशिव अपने दो साथियों व अपनी मां को लेकर बीते माह 28 जनवरी को पीड़िता के घर पर जानलेवा हमला किया। जहां पीड़िता के साथ अभद्रता करते हुए मां बहन की गालियां दी। पालतू कुत्ते को मारा। पीड़िता जान बचाने के लिए अपने घर में घुस गई। दबंगों ने पीड़िता के दरवाजे को क्षतिग्रस्त कर दिया।मां बेटी को जान से मार देने की धमकी दी। आरोप है कि थाना लीलापुर पुलिस द्वारा पीड़िता के मामले में बराबर लीपापोती की जा रही। कोई कार्यवाही नहीं होने से मां बेटी के जान का खतरा बढ़ गया है। पीड़िता का कहना है यदि समय रहते हमलावरों पर कार्यवाही नहीं की जाती तो हमलावर किसी भी समय पीड़िता के ऊपर पुनः जानलेवा हमला कर देंगे। मामले को संज्ञान में लेते हुए कप्तान ने लीलापुर थानेदार को फोन कर जनकर फटकार लगाई और सख्त लहजे में चेतावनी दी है।

# आशा बहुओं का प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

**लालगंज।** सांगीपुर सीएचसी में गुरूवार को भी आशा बहुओं का पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सांगीपुर सीएचसी अधीक्षक डा. आनन्द तिवारी ने आशा बहुओ तथा आंगनबाडी कार्यकत्रियों को विभिन्न बीमारियों के लक्षण व बचाव से जुडी जानकारियां बतायी। उन्होंने कई बीमारियों प्राथमिक घरेलू उपचार भी सुझाये। अधीक्षक ने आशा बहुओ को गर्भवती महिलाओं की देखभाल, टीकाकरण, गभर्वती महिलाओं की समय समय पर जांच, बच्चों के टीकाकरण के साथ ही परिवार नियोजन को लेकर विस्तार से जानकारियां दिया। इस मौके पर आशीष पाण्डेय, बीसीपीएम बाल मुकुन्द मिश्र, मो. उमर, अशोक रावत, अजय प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।


सांगीपुर सीएचसी में आशा बहुओं को प्रशिक्षण देते अधीक्षक आनंद तिवारी

### कॉलेज का किया औचक निरीक्षण

**पट्टी।** यूपी बोर्ड परीक्षा की तैयारियों को लेकर गुरूवार को जिले के बोर्ड परीक्षा के नोडल अधिकारी व वरिष्ठ विशेषज्ञ राज्य परियोजना कार्यालय लखनऊ राजेंद्र प्रसाद ने औचक निरीक्षण किया इस दौरान मिली खामियों को तत्काल दुरुस्त कराने के निर्देश प्रधानाचार्य रमेश चंद्र मिश्र को निर्देश दिए। जिससे यूपी बोर्ड की परीक्षा सुचितापूर्ण एवं नकल विहीन तरीके से संपन्न कराई जा सके। निरीक्षण के दौरान लाइजनिंग अफसर डॉ विंध्याचल सिंह, डॉ मोहम्मद अली, व डॉ शालिकराम प्रजापति मौजूद रहे।

## सांसद खेल स्पर्धा की सभी तैयारियां पूर्ण : सांसद

**प्रतापगढ़।** प्रधानमंत्री खेलो इंडिया के तहत सांसद खेल स्पर्धा की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। सांसद संगम लाल गुप्ता ने बताया कि सांसद खेल स्पर्धा चार दिनों के लिए आयोजित की गई है। खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ जिले के 13 ब्लॉकों में 10 फरवरी को सुबह होगा। खेल मैदान खिलाड़ियों के लिए तैयार है। सभी ब्लॉकों को खेल संबंधी सभी आवश्यक सामग्री प्रभारिओं को वितरित की जा चुकी है। खेल मैदानों में सफाई व पेयजल आदि से संबंधित आवश्यक व्यवस्थाएं संबंधित विभागों के अधिकारियों से पूर्ण करने का अनुरोध किया गया है। सांसद ने गुरुवार को अपने कार्यालय में आयोजन समिति के पदाधिकारियों व संबंधित अधिकारियों के साथ खेल स्पर्धा की तैयारियों को अंतिम रूप दिया। बैठक में आयोजन समिति के सदस्य अध्यक्ष संगम यूथ फाउंडेशन दिनेश गुप्ता, उप निदेशक नेहरू युवा केंद्र संगठन समर बहादुर सिंह, समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य, सांसद प्रतिनिधि अभिषेक पांडे व अन्य लोग उपस्थित रहे।

## जनसंपादकीय

# हिंदु-मुस्लिम संबंधों पर प्रामाणिक लेखन करने वाला कथाकार

जाहिद खान



छठे-सातवें दशक के प्रमुख कथाकार गुलशेर अहमद खां, हिंदी कथा साहित्य में अपने उपनाम शानी के नाम से जाने-पहचाने जाते हैं। अपने बेहतर लेखन में मध्यम, निम्न मध्यमवर्गीय मुस्लिम समाज का यथार्थपरक चित्रण करने वाले शानी पर ये इल्जाम आम था कि उनका कथा संसार हिंदुस्तानी मुसलमानों की जिंदगी और उनके सुख-दुख तक ही सीमित है। और हां, शानी को भी इस बात का अच्छी तरह से एहसास था। अपने आत्मकथ्य में शानी इसके मुतालिक्क लिखते हैं, 'मैं बहुत गहरे में मुतमइन हूं कि ईमानदार सृजन के लिए एक लेखक को अपने कथानक अपने आस-पास से और खुद अपने वर्ग से उठाना चाहिए।' जाहिर है कि शानी के कथा संसार में किरदारों की जो प्रमाणिकता हमें दिखाई देती है, वह उनके सामाजिक और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि की वजह से ही है।

शानी के कालजयी उपन्यास 'काला जल' की 'सल्लो आपा', संस्मरण 'शाल वनों का द्वीप' की 'रैको', हो या फिर 'जनाजा', 'युद्ध' कहानी का 'वसीम रिजवी' ये किरदार पाठकों की याद में गर आज भी बसे हुए हैं, तो अपनी विश्वसनीयता की वजह से। शानी ने इन किरदारों को सिर्फ गढ़ा नहीं है, बल्कि किरदारों में जो तपिश दिखाई देती है, वह उनके तजुर्बे से मुमकिन हुई है। 'काला जल' की 'सल्लो आपा' को तो कथाकार राजेन्द्र यादव ने हिंदी उपन्यासों के अविस्मरणीय चरित्रों में से एक माना है। हिंदी में मुस्लिम बैकग्राउंड पर जो सर्वश्रेष्ठ कहानियां लिखी गई हैं, उनमें ज्यादातर शानी की हैं। 'युद्ध', 'जनाजा', 'आईना', 'जली हुई रस्सी', 'नंगें', 'एक कमरे का घर', 'बीच के लोग', 'सीढ़ियां', 'चेहलुम', 'छल', 'रहमत के फरिश्ते आएंगे', 'शर्त का क्या हुआ', 'एक ठहरा हुआ दिन', 'एक काली लड़की', 'एक हमाम में सब नंगे' वगैरा कहानियों में शानी ने बंटवारे के बाद के भारतीय मुस्लिम समाज के दुख-तकलीफों, डर, भीतरी अंतर्विरोधों, यंत्रणाओं और विसंगतियों को बड़ी ही खूबसूरती से दर्शाया है। शानी की कहानियों में प्रमाणिकता और पर्यवेक्षित जीवन की अक्कासी है। लिहाजा ये कहानियां हिंदी साहित्य में अलग ही मुकाम रखती हैं। उन्होंने वही लिखा,जो देखा और भोगा। पूरी साफ–गोई, ईमानदारी और सच्चाई के साथ वह सब लिखा जो, अमूमन लोग कहना नहीं चाहते। भाषा इतनी सरल और सीधी कि लगता है, मानो लेखक खुद पाठकों से सीधा रू-ब-रू हो। कोई भी विषय हो, वे उसमें गहराई तक जाते थे और इस तरह विश्लेषित करते थे, जैसे कोई मनोवैज्ञानिक मन की गुत्थियों को परत-दर-परत उघाड़ रहा हो।



बस्तर जैसे धुर आदिवासी अंचल के जगदलपुर में जन्मे शानी को बचपन से ही पढ़ने का बेहद शौक था। पाठ्यपुस्तकों की बजाय उनका मन साहित्य में ज्यादा रमता था। बहरहाल, बचपन का यह जुनून शानी की जिंदगी की किस्मत बन गया। शानी ने खुद इस बारे में एक जगह लिखा है, 'जो व्यक्ति सांस्कृतिक, साहित्यिक या किसी प्रकार की कला संबंधी परंपरा से शून्य बंजर सी धरती बस्तर में जन्मे, घोर असाहित्यिक घर और वातावरण में पले-बढ़े, बाहर का माहौल जिसे एक अरसे तक न छू पाए, एक दिन वह देखे कि साहित्य उसकी नियति बन गया है।' जवान होते ही शानी का साबिका जिंदगी की कठोर सच्चाईयों से हुआ। निम्न मध्यमवर्गीय परिवार में जन्म और पढ़ाई पूरी नहीं करने के चलते, उनकी शुरुआती जिंदगी बेहद संघर्षमय गुजरी। जीवन के अस्तित्व के लिए उन्होंने कई नौकरियां बदलीं। मगर जिंदगी की कश्मकश के इस दौर में भी अदब से उनका नाता बरकरार रहा। शानी की अच्छी कहानियां और उपन्यास का जन्म प्रतिकूल हालात में हुआ। शानी का पहला कहानी संग्रह 'बबूल की छांव' साल 1956 में आया और महज साल साल के छोटे से अंतराल में उनकी सभी खास कृतियां साहित्यिक पटल पर आ चुकी थीं। कहानी संग्रह 'डाली नहीं फूलती'-1959, 'छोटे घेरे का विद्रोह'-1964, और उपन्यास 'कस्तूरी'-1960, 'पत्थरों में बंद आवाज'-1964, 'काला जल'-1965 में आ कर धूम मचा चुके थे। यही नहीं उनका दिल को छू लेने वाला संस्मरण 'शाल वनों का द्वीप' भी इन्हीं गर्दिश के दिनों में लिखा गया।

शानी के लेखन का जो इब्तिदाई दौर था, वह हिंदी साहित्य का काफी हंगामेदार दौर था। लघु पत्रिकाओं से शुरू हुआ, 'नई कहानी' आंदोलन उस वक्त अपने उरूज पर था। गोया कि शानी का शुमार भी 'नई कहानी' के रचनाकारों की जमात में होने लगा था। उनकी कहानियों 'कल्पना', 'कहानी', 'कृति', 'सुप्रभात', 'ज्ञानोदय', 'वसुधा' और 'साप्ताहिक हिंदुस्तान', 'धर्मयुग' जैसी प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में छपकर मशहूर हो रही थीं। अनुभूति की गहराई और शैली की सरलता, बोधगम्यता और प्रवाह के चलते उनकी साहित्यिक हल्के में चर्चा होने लगी थी। शानी ने कहानी में काव्यमयी भाषा के साथ तीखे व्यंग्य को अपना मुख्य हथियार बनाया। अपने आस-पास के परिवेश और व्यक्तित्व अनुभव से वे जो ग्रहण कर रहे थे, उन्होंने उसे ही कहानी का विषय चुना। शानी की कहानियों में अनुभव की जो प्रमाणिकता,प्रवाह और सम्प्रेषण के साथ एक रचनात्मक आवेग दिखाई देता है, दरअसल, वह इसी वजह से है।

जिंदगी के जानिब शानी का नजरिया किताबी नहीं बल्कि अनुभवसिद्ध था। यही वजह है कि वे 'युद्ध', 'जनाजा', 'बिरादरी', 'जगह दो रहमत के फरिश्ते आएंगे', 'हमाम में सब नंगे', 'जली हुई रस्सी' जैसी दिलो-दिमाग को झिंझोड़ देने वाली कहानियों और 'काला जल' जैसा कालजयी उपन्यास हिंदी साहित्य को दे सके। शानी के कथा संसार में मुस्लिम समाज का प्रमाणिक चित्रण तो मिलता ही है, बल्कि हिंदु-मुस्लिम संबंधों पर भी कई मर्मस्पर्शी कहानियां हैं, जो कि भुलाए नहीं भूलतीं। उनकी कहानी 'युद्ध' को तो हिंदी आलोचकों ने हिंदु-मुस्लिम संबंधों के सर्वाधिक प्रमाणित और मार्मिक साहित्यिक दस्तावेजों में से एक माना है। समाज में बढ़ता विभाजन हमेशा शानी की अहम चिंताओं में एक रहा। वे खुद, अपनी जिंदगी में भी इन सवालों से जूझे थे। लिहाजा उन्होंने कई कहानियों में हिंदु-मुस्लिम संबंधों के नाजुक सवालों को बड़ी ईमानदारी और संजीदगी से उठाया है।

शानी आदिवासी अंचल में पैदा हुए और उनका शुरुआती जीवन जगदलपुर में बीता लेकिन उन्होंने आंचलिक कहानियां सिर्फ पांच लिखीं। 'चील', 'फांस', 'बोलने वाले जानवर', 'वर्षा की प्रतीक्षा' और 'मछलियां' कहानियों में वे आदिवासी जीवन के अथाभाव, विषमताओं, पीड़ाओं को पूरी संवेदनशीलता से उकेरते हैं। आदिवासी लोक जीवन को देखने,महसूसने की दृष्टि उनकी खुद की अपनी है। संस्मरण 'शाल वनों के द्वीप' शानी की बेमिसाल कृति है। हिंदी में यह अपने ढंग की बिल्कुल अल्हदा और अकेली रचना है। इस रचना को पढ़ने में उपन्यास और रिपोर्ताज दोनों का मजा आता है। किताब की प्रस्तावना में शानी इसे न तो यात्रा वर्णन मानते हैं और न ही उपन्यास। बल्कि कई बिम्बों से वे इसे कथात्मक विवरण मानते हैं। समाज विज्ञान और नृत्यशास्त्र से अपरिचित होने के बावजूद उन्होंने जिस तरह मनुष्यता की पीड़ा और उल्लास का शानदार चित्रण किया है, वह पाठकों को चमत्कृत करता है। हिंदी साहित्य में आदिवासी जीवन को इतनी समग्रता से शायद ही किसी ने इस तरह देखा होगा।

जहां तक शानी की भाषा का सवाल है, उनकी भाषा सरल एवं सहज है। हिंदी में वे उर्दू-फारसी अल्फाज के इस्तेमाल से परहेज नहीं करते। अपने समय की महत्वपूर्ण पत्रिका 'कहानी' का भी उन्होंने संपादन किया। मध्यप्रदेश सरकार ने शानी के साहित्यिक अवदान का मूल्यांकन करते हुए, अपने सर्वोच्च सम्मान 'शिखर सम्मान' से नवाजा। दिल्ली दूरदर्शन ने उन पर पैंतालीस मिनिट का एक वृत्तचित्र बनाया। शानी की कई कहानियां विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमों में शामिल हैं। 10 फरवरी, 1995 को शानी इस जहान से रुखसत हुए। शानी के मां'नी भले ही दुश्मन हो, लेकिन वे सही मायने में इंसान–दोस्त लेखक थे। उनके संपूर्ण कथा साहित्य का पैगाम इंसानियत और मुहब्बत है। हिंदी कथा साहित्य में इंसानी जज्बात को पूरी संवेदनशीलता और ईमानदारी से पेश करने के लिए शानी हमेशा याद किए जाएंगी।

**( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं, मोबाइल : 94254 89944)**

# हिंडनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट पर हंगामा

## समय- संदर्भ

रविभूषण



पिछले महीने 24 जनवरी को हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट के आने के बाद जो हंगामा जारी है उसके अभी थमने के कोई आसार नहीं है। हिंडनबर्ग रिसर्च एक अमेरिकी वित्तीय शोध कम्पनी है, जिसे छह वर्ष पहले 2017 में नाथन एंडरसन ने स्थापित किया। नाथन एंडरसन ने अमेरिकी की कनेक्टिकट यूनिवर्सिटी से इंटरनेशनल बिजनेस में स्नातक किया है। इसके बाद उसने कुछ समय तक इजराइल में एंबुलेंस ड्राइवर का भी काम किया। फिर एक डाटा रिसर्च कम्पनी में उसने नौकरी की, जहाँ उसका काम रुपये-पैसे के निवेश से जुड़ा था। नौकरी करते समय उसने डाटा और शेयर बाजार को अच्छी तरह समझा, उसकी बारीकियों से परिचित हुआ और यह जाना कि शेयर बाजार दुनिया के तमाम पूंजीपतियों की सबसे बड़ी जगह है। शेयर बाजार में जो कुछ होता है, उसे सामान्य व्यक्ति न जानता है, न समझता है। नाथन एंडरसन को यहाँ काम करते हुए फाइनेंशियल रिसर्च कम्पनी आरंभ करने का विचार आया और उसने 2017 में एंडरसन हिंडनबर्ग नामक एक कम्पनी की शुरूआत की।

फील्ड मार्शल पॉल वॉन हिंडनबर्ग 12 मई 1925 से 2 अगस्त 1934 (मृत्यु-तिथि) तक जर्मनी के राष्ट्रपति थे। उनके बाद ही हिटलर जर्मनी का राष्ट्रपति बना। जर्मन पैसेंजर एयरशिप एल जेड 129 हिंडनबर्ग का नाम जर्मनी के राष्ट्रपति हिंडनबर्ग के नाम पर रखा गया था। संयुक्त राज्य अमेरिका की न्यू जर्सी के मैनचेस्टर टाउनशिप में हिंडनबर्ग हवाई पोत दुर्घटना 6 मई 1937 को हुई थी, जिसमें 36 लोग मरे थे और जो 62 बच गये थे, उनमें 23 यात्री और 39 क्रू मैन (चालक दल) थे। नाथन एंडरसन ने अपनी रिसर्च कम्पनी का नाम यहीं से लिया। उसने डाटा कम्पनी 'फैक्टसेट रिसर्च सिस्टम्स इंक' से अपने कॅरिअर का आरंभ किया। हिंडनबर्ग कम्पनी का मुख्य कार्य शेयर बाजार, इक्विटी, क्रेडिट और डेरिवेटिव्स पर शोध करना है, जिससे शेयर बाजार में गलत तरीके से रुपये-पैसों की हेराफेरी का पता चलता है। शोध के बाद यह कम्पनी एक रिपोर्ट प्रकाशित करती है। कई अवसरों पर इसने अपनी रिपोर्ट से दुनिया भर के शेयर बाजार को प्रभावित किया है। यह शोध कम्पनी एक निजी कम्पनी है, जिसके कर्मचारियों की संख्या पिछले वर्ष 2022 में मात्र नौ थी। नाथन एंडरसन का रोल मॉडल नाथन हैरी माकोपौलोस है, जिसके अनुसार उनका शिष्य नाथन एंडरसन कुछ भी खोद कर सामने लाने में सक्षम है। अगर किसी घपले और धोखाधड़ी की उसे जानकारी मिले तो वह उसका खुलासा कर डालता है।

हिंडनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट का शीर्षक है - "दुनिया का तीसरा सबसे अमीर आदमी किस तरह कॉरपोरेट इतिहास का सबसे बड़ा धोखा कर रहा है"। दुनिया के जिस तीसरे सबसे अमीर आदमी की बात कही गयी है, वह गौतम अदाणी हैं। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में अदाणी ग्रुप पर शेयर बाजार में हेराफेरी करने और हिसाब-किताब (अॅकाउण्ट) में धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया गया है। अदाणी इन्टरप्राइजेज और इसके स्टॉक बाजार पर हिंडनबर्ग ने कई प्रश्न खड़े कर दिये हैं। अदाणी इंटरप्राइजेज के मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) जुगेशिंदर (रॉबी) सिंह ने इस रिपोर्ट को खारिज किया है और उसने हिंडनबर्ग की तुलना जनरल डायर से की है, जिसने जालियाँ वाला बाग नरसंहार किया था। यह पूरे मामले को राष्ट्रवादी रंग देने की एक कोशिश है। हिंडनबर्ग ने दो वर्ष की जाँच-पड़ताल और गहन खोज के बाद अपनी रिपोर्ट जारी की है। अदाणी के पक्ष में अब कुछ पत्रकार भी आ चुके हैं। हिंडनबर्ग के विरोधियों के अपने कई तर्क हैं। उनके अनुसार यूरोप के कई देशों में हिंडनबर्ग की रिपोर्टों को लेकर केस चल रहे हैं यानी अदाणी को बदनाम किया जा रहा है। यह भी कहा जा रहा है कि संसद सत्र के आरंभ होने के समय ही यह रिपोर्ट आई और कुछ समय पहले गुजरात नरसंहार (2002) को लेकर बीबीसी की नरेन्द्र मोदी पर बनी फिल्म भी आई। राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' की समाप्ति के बाद इस रिपोर्ट का आना बहुतों को एक साजिश भी लग रहा है, जबकि रिपोर्ट के निष्कर्ष में 88 प्रश्न हैं। रिपोर्ट में दशकों से शेयरों के हेरफेर और अकाउंट में की गयी धोखाधड़ी के उदाहरण हैं। एक ओर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट है, दूसरी ओर इसकी विश्वसनीयता पर ही सवाल खड़े किये जा रहे हैं।

2014 में अदाणी मात्र 8 बिलियन डॉलर के उद्योगपति थे। विश्व के उद्योगपतियों, पूंजीपतियों और धनाढ्यों में तब उनका स्थान 609वां था। पिछले आठ वर्ष में गौतम अदाणी 609वें स्थान से दूसरे नंबर पर पहुँच गये और जनवरी 2023 में 200 बिलियन डॉलर के मालिक हो गए। यह सब एक झटके में नहीं हुआ। पिछले वर्ष की एक रिपोर्ट (ब्लूमबर्ग की) के अनुसार अदाणी ग्रुप का संयुक्त सम्मिलित मूल्य 255 बिलियन अमेरिकी डॉलर था, जबकि इसके सात फर्म का मूल्य 2 बिलियन अमेरिकी डॉलर से भी कम था। अदाणी ग्रुप में कुल 36 कम्पनियाँ हैं। वहाँ भारतीय बीमा निगम (एलआईसी) की हिस्सेदारी है। दो साल में वे 40वें नम्बर से तीसरे नंबर पर पहुँचे। दो वर्ष पहले उनकी नेटवर्थ (शुद्ध मूल्य) 30.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर था जिसमें 365 प्रतिशत की वृद्धि हुई। तीन वर्ष के भीतर अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (2015 में स्थापित) का शेयर 4 हजार 500 प्रतिशत बढ़ा। दुनिया के दूसरे-तीसरे नंबर पर गौतम अदाणी अपनी कंपनियों के मूल्य के आधार पर थे, न कि लाभ-प्राप्ति के कारण। पिछले वर्ष 2022 में अदाणी की नेटवर्थ 66.2 बिलियन डॉलर बढ़ी, जबकि अंबानी की 04 बिलियन डॉलर। 2022 में बीएसई (बाम्बे स्टॉक एक्सचेंज) में सूचीबद्ध सभी कंपनियों का एमकैप (मार्केट कैप, बाजार पूंजीकरण) 12.74 लाख करोड़ बढ़ा था, और अदाणी समूह की सातों सूचीबद्ध कम्पनियों का एम कैप 10.5 लाख करोड़ बढ़ा। ये सात सूचीबद्ध कम्पनियाँ हैं - अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (2015), अदाणी विल्मर (1999), लिमिटेड (नयी सूचीबद्ध कम्पनी), अदाणी पावर लिमिटेड (1996), अदाणी टोटल गैस लिमिटेड (2004), अदाणी ट्रांसमिशन लिमिटेड (2013), अदाणी पोर्टस एंड सेज (1998) अदाणी इंटरप्राइजेज (1998)। इसके अतिरिक्त तीन प्रमुख सहायक (सब्सिडियरी) हैं- अदाणी विल्मर (फूड प्रोसेसिंग), अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स और अदाणी रोड ट्रांसपोर्ट (रोड डेवलपमेंट)।

अब अमीरों की सूची में अदाणी 22वें नम्बर पर है। अकार पटेल ने अभी अपने एक लेख 'हाउ द माइटी हैव फॉलेन' (नैशनल हेराल्ड, 5 फरवरी, 2023) में 2016 में 'इकॉनॉमिस्ट' पत्रिका द्वारा प्रकाशित 'क्रोनी कैपिटलिज्म इंडेक्स' का उल्लेख किया है, जिसमें भारत का स्थान संसार में नौवाँ था, सबसे बुरा और उस समय हमारे देश के अरबपतियों के पास भारत के सकल घरेलू उत्पाद का 3.4 प्रतिशत था। 2021 में भारत 'क्रोनी कैपिटलिज्म इंडेक्स' में सातवें स्थान पर आ गया और अरबपतियों का प्रतिशत तिगुना (नौ प्रतिशत) बढ़ गया। इसका संबंध मुख्यतः खनन (माइनिंग), कोयला और तेल के साथ आधारभूत संरचना से है, जहाँ सरकार यह निश्चित करती है कि किसे क्या कंट्रैक्ट दिया जाय। हिंडनबर्ग ने अदाणी पर धोखाधड़ी और घोटाले का आरोप लगाया है। हिंडनबर्ग रिसर्च मानव-निर्मित आपदा पर ध्यान देता है। इसने अब तक 16 कंपनियों की गड़बड़ियों का प्रकाशन किया है। इस रिपोर्ट में वित्तीय अनियमितता भी है। इस रिपोर्ट के सामने बोफोर्स, हर्षद मेहता, केतन मेहता कुछ भी नहीं हैं। इस रिपोर्ट के बाद अदाणी को 11.17 लाख करोड़ का नुकसान हो चुका है, जो भारत का रेल, डिफेंस, खाद्य और कृषि बजट से अधिक है। अदाणी ने 10 दिनों में जितना गंवाया है, उतने में देश की 80 करोड़ जनसंख्या 5 वर्ष तक मुफ्त में खाना खा सकती थी। अदाणी की निजी सम्पत्ति 10 दिन में 127 अरब डॉलर से गिर कर 59 अरब डॉलर तक पहुँच चुकी है। केवल तीन घंटे में निवेशकों को 59 हजार 844 करोड़ का नुकसान हो चुका है। भारत के कुल बजट (45.03 लाख करोड़) की एक चौथाई वे गँवा चुके है। विदेश के कई बैंकों ने अदाणी ग्रुप के बांड लेने से इन्कार कर दिया है। इस रिपोर्ट ने भूचाल ला दिया है, सदन के बाहर और भीतर हंगामा खड़ा कर दिया है। विपक्ष ने कई दिनों तक लोकसभा-राज्यसभा नहीं चलने दी। देश के कई हिस्सों में धरना-प्रदर्शन हुआ। संसद में विपक्ष ने अदाणी पर चर्चा करने की माँग की। 16 विपक्षी दलों के नेता गांधी प्रतिमा के सामने इकट्ठे हुए। इस मामले को आम आदमी से जुड़ा मामला कहा जा रहा है क्योंकि एलआईसी और एसबीआई में सामान्य लोगों के पैसे थे। लाखों निवेशकों के करोड़ों रुपये डूब चुके हैं। केवल एलआईसी के खुदरा शेयर होल्डर 34 लाख है। 46 लाख 95 हजार शेयर होल्डर अदाणी ग्रुप से जुड़े हैं। बीएसइ (बम्बई स्टॉक एक्सचेंज) और एनएसई (नेशनल स्टॉक एक्सचेंज) में एनएसई सबसे बड़ा शेयर धारक है। अदाणी ग्रुप्स के स्टॉक्स में एलआईसी का निवेश है, जिसे लेकर सवाल किये जा रहे हैं। एलआईसी ने पिछले कुछ वर्षों में अदाणी ग्रुप की कम्पनी के कुल 30 हजार 129 करोड़ रुपये के शेयरों की खरीद की है।

विपक्ष ने इस मामले पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के गठन की माँग की है। देश के कई बैंकों का अदाणी समूह पर 80 हजार करोड़ रुपये से अधिक का कर्ज है। अदाणी समूह की कंपनियों में गिरावट से एलआईसी के निवेश-मूल्य में भी कमी आ रही है, जिससे चिंतित होना स्वाभाविक है। सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर विशेष जाँच दल (एसआईटी) गठित करने की माँग की जा रही है। निवेशकों और सार्वजनिक उपक्रमों दोनों के हुए आर्थिक नुकसान की जाँच की माँग जायज है। अदाणी समूह के समर्थन में अब आरएसएस भी आ गया है। उसके अनुसार हिंडनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट के पीछे की पटकथा 2016 और 2017 में लिखी गयी थी। संघ के अंग्रेजी मुखपत्र 'ऑर्गनाइजर' में अभी इस प्रकरण पर विचार किया गया है। संघ के अनुसार ऑस्ट्रेलिया में इसके लिए एक वेबसाइट बनायी गयी थी, जिसका नाम 'अदाणी वॉच डॉट ओ आर जी' है। दूसरी ओर कांग्रेस का कैम्पेन है 'हम अदाणी के हैं कौन?' अदाणी के किसी फर्म की जाँच कभी प्रवर्तन निदेशालय ने नहीं की है। जिसका विशेष ध्यान 'मनी लांड्रिंग' (काला धन को सफेद करना) पर रहता है। जहाँ तक अदाणी इंटरप्राइजेज की बात है, उसके पास अपना एक स्वतंत्र लेखा परीक्षक शाह धनधरिया है, जिसके चार साझेदार हैं और वहाँ कर्मचारियों की संख्या मात्र ग्यारह है। अदाणी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से जोड़ कर बहुत पहले से देखा जा रहा है। फाइनेंशियल टाइम्स' के नवम्बर 2020 की एक रिपोर्ट का शीर्षक था 'मोदीज रॉकफेलर गौतम अदाणी एंड द कंसेन्ट्रेशन आर्फ पावर इन इंडिया'। जिस सेक्टर का अदाणी को कोई अनुभव नहीं था, वह उन्हें दिया गया। अभी अदाणी देश के 22 राज्यों में काम कर रहे हैं। अदाणी की सफलता के पीछे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को माना जाता है। सात एयरपोर्ट अब अदाणी के हवाले है। एयरपोर्ट के निर्माण में सारा खर्च सरकार का है, पर लाभ अदाणी को मिलेगा। पचास साल के लिए सरकार ने उन्हें 'लीज' पर दिया है। हिंडनबर्ग रिपोर्ट के सामने वाशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट दब गयी है। वाशिंगटन पोस्ट ने झारखण्ड में अदाणी के 'पावर प्रोजेक्ट' पर सवाल किये थे। उसके अनुसार पर्यावरण की चिंता नहीं की गयी और जिस स्थानीय जन प्रतिनिधि ने इस प्लांट के विरूद्ध भूख हड़ताल की थी, उसे छह महीने तक जेल में रहना पड़ा। यह प्लांट कोयला आधारित है, जिससे बिजली का उत्पादन होगा और यह बिजली बांग्लादेश को दी जाएगी। रिपोर्ट में इसका जिक्र है कि भारत एक ओर प्रदूषण फैलाने वाले कोयला आधारित प्लांट के बजाय ग्रीन एनर्जी की हिस्सेदारी बढ़ाने का लक्ष्य रखे हुए हैं और दूसरी ओर उसने अदाणी पावर प्लांट लगाने के लिए सारे नियम बदल दिये। सरकार को पर्यावरण की नहीं, अदाणी की चिंता है। अदाणी दुनिया में कोयला से चलने वाले पावर प्लांट और कोयला खदान के सबसे बड़े निजी विकासक हैं। वाशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट मोदी सरकार के पूर्व और वर्तमान अफसरों, अदाणी ग्रुप के कर्मचारियों और विशेषज्ञों से इंटरव्यू (दो दर्जन से अधिक) के आधार पर तैयार की गयी है। इस रिपोर्ट में 2015 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बांग्ला देश के दौरे का जिक्र है क्योंकि इस यात्रा के बीच ही अदाणी के गोड्डा प्लांट की नींव पड़ी थी। अदाणी के पास कोयला से चलने वाले चार पावर प्लांट, कोयले की 18 खदानें और बहुत कुछ शामिल है। अदाणी का एक साम्राज्य है। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट से फिलहाल जो हंगामा जारी है, वह क्या रूप लेगा, कुछ कहा नहीं जा सकता।

**(लेखक वरिष्ठ आलोचक एवं सामाजिक, राजनीतिक चिंतक हैं, संपर्क 94311 03960)**

# गांधी का वह 'आचार्य' शिष्य

## स्मरण

डॉ. सुधीर सक्सेना



महात्मा गांधी को जानने-बूझने का दावा कोई कितना भी करे, लेकिन बहुत कम लोग हैं, जो महात्मा को बूझ सके और लंबे समय तक मन, वचन और कर्म से उनसे जुड़े रहे। विनोबा भावे और आचार्य कृपलानी ऐसे ही बिरले और चुनिंदा लोगों में शामिल हैं। विनोबा जहां गांधी के आध्यात्मिक उत्तराधिकारी के तौर पर महाहत हुए, वहीं कृपलानी तीन दशक से भी अधिक समय तक गांधी और कांग्रेस से जुड़े रहे। किन्तु गांधी के जाने के बाद असहमतियों के चलते भिन्न राहों के राही हुए। अपने लंबे जीवन में उन्होंने राजनीति की धूपछांह देखी और जब-तब गुल भी खिलाये। साथ ही वह 'माय टाइम्स' के रूप में आगत पीढ़ियों के लिए समय का दस्तावेज भी छोड़ गये।

पूरा नाम जीवतराम भगवानदास कृपलानी, मगर जाने और पुकारे गए आचार्य कृपलानी, मगर जाने और पुकारे गए आचार्य कृपलानी के नाम से। जन्म बाम्बे प्रेसीडेंसी के सिंध प्रांत में हैदराबाद में 11 नवंबर, सन् 1888 को हुआ। वह दस बच्चों में एक थे। पिता सिंध में सब डिवीजन अफसर थे। आचार-विचार में पिता-पुत्र में कभी निभी नहीं। पिता सरकारी मुलाजिम थे और पुत्र विद्रोही। उसे हर चीज के खिलाफ बगावत करनी पड़ी। यही बगावत उन्हें पिता और सिंध से दूर बिहार ले गयी तथा इसी ने उनके और कांग्रेस तथा पंडित नेहरू के दरम्यान फासले पैदा किए।

भिड़ंत या टकराव से उनका रिश्ता युवावस्था में ही जुड़ गया था। वह विलसन कॉलेज, बम्बई के प्राचार्य से झगड़े, जहां वह छात्र रहे थे। इसी वृत्ति के चलते वह किसी भी संस्थान में अधिक काल तक अध्यापन नहीं कर सके। अलबत्ता उन्हें फर्ग्यूसन कॉलेज, पुणे रास आया, जिसे समर्पित राष्ट्रवादियों ने स्थापित किया था। उन्होंने सिंध के कुछ विद्यालयों में भी अध्यापन किया, लेकिन हुकूमतपरस्त पिता का साया तकलीफदेह था। बकौल कृपलानी, 'मैं अपने पिता से कोई भिड़ंत नहीं चाहता था, सो दूरदराज बिहार में नौकरी कर ली। पिताजी फारसी के विद्वान थे और 85 की उम्र पाई।'

कृपलानी के महात्मा गांधी से जुड़ने का किस्सा बड़ा ही दिलचस्प है। वह सन् 1915 में कलकत्ते में एक मीटिंग में पहलेपहल गांधी से मिले थे। उनके शब्दों में, 'मैं इस अजीब-गरीब इंसान को देखना चाहता था, क्योंकि मैंने दक्षिण अफ्रीका में उनकी उपलब्धियों के बारे में सुना था।' गौर करें कि भारत तब गांधी युग की देहरी से भी तनिक दूरी पर था। बहरहाल, उन्होंने गांधी को देखा और सुना। कृशकाय गांधी ने दीर्घकाय कृपलानी पर असर डाला। दृष्टिसंपन्न गांधी को युवा कृपलानी में कुछ ऐसा कीमती तत्व नजर आया था कि कुछ दिनों बाद कृपलानी को गांधी का तार मिला कि वह चंपारन जाते हुए मुजफ्फरपुर रुकेंगे। कृपलानी तब गवर्नमेंट कॉलेज में इतिहास के प्रोफेसर थे। गांधी के शब्दों में कहें तो, 'उन दिनों मेरे जैसे एक व्यक्ति को शरण देना एक सरकारी व्यक्ति के लिए असाधारण बात थी।' मगर असाधारण घटित हुआ। कृपलानी ने लिखा- 'गांधीजी के आने पर नीचे वाला प्रोफेसर इतना डर गया था कि सामान सहेजा और भाग गया।' जब कृपलानी ने छात्रों को अपने अनूठे अतिथि के बारे में बताया तो वे सब आगवानी को व्यग्र हो उठे। रात काफी बीत चुकी थी। मगर जज्बात जीते। तय हुआ कि गांधी की विधिवत आरती उतारी जाए। प्रश्न था नारियल का। पास ही पेड़ था। कृपलानी पेड़ पर चढ़ गए और नारियल तोड़ लाए। गांधीजी आए। चंपारन सत्याग्रह ने इतिहास रचा। कलेक्टर ने फर्मान जारी किया-'24 घंटे में जगह छोड़ दो। ' आत्मबली गांधी ने कहा-'मैं नहीं जाऊंगा।' यह राष्ट्रीय रंगमंच पर नयी शक्ति का उदय था। गांधी लिखते हैं-'कृपलानी अपनी किस्मत हमारे साथ ही जोड़ सकते थे। वे मेरे प्रमुख दरबान थे। फिलहाल मुझे दर्शनार्थियों से बचाने को उन्होंने अपने जीवन का उद्देश्य बना रखा था। वे कभी अपनी पक्की हास्यवृत्ति और कभी अपनी अहिंसापूर्ण धमकियों का सहारा लेकर लोगों को दूर रखते थे। रात ढलने पर वे अपना अध्यापक का पेशा संभालते। अपने अध्ययन और टिप्पणियों से अपने साथियों का मनोरंजन करते और किसी भी दब्बू दर्शनार्थी को शेरदिल बना देते।'

कृपलानी की राजनीतिक जागरुकता का किस्सा भी कम दिलचस्प नहीं है। पत्रकार-संपादक आरएम लाला को कभी उन्होंने बताया था-'कॉलेज में मैं मस्ती मारा करता था। यह बम्बई में प्लेग का काल था। मैं पता लगाता कि पिछले दिन प्लेग से कितनी मौते हुई, ताकि कॉलेज में छुट्टी कराई जा सके। फिर मैंने एक दिन एक अखबार विपिनचन्द्र पाल द्वारा संपादित 'न्यू इंडिया' को देखा। मैंने उसे पढ़ा। उसने मुझे कायल कर दिया कि भारत में अंग्रेजों की मौजूदगी एक पाप है, जिससे मुक्त होना ही होगा।' 'न्यू इंडिया' ने जमीन गोड़ी। गांधी ने उर्वरा माटी में सरोकारों के उन्नत बीज डाल दिये। लाला ने कृपलानी से अर्सा बाद पूछा-'आप पर गांधीजी का क्या प्रभाव पड़ा?'

बिला शक कह सकते हैं कि इस पुनर्पाठ ने युवा कृपलानी को खांटी सत्याग्रही बना दिया। सत्य की टेक उन्होंने कभी नहीं छोड़ी, गांधी के नहीं रहने पर भी नहीं। वे गांधी के हो गये। मुकम्मल गांधीवादी। महामना मदनमोहन मालवीय ने सन् 1918 में गांधीजी को पत्र लिखकर ऐसे किसी युवक की सेवाएं मांगीं, जो उन्हें काशी हिन्दु विश्वविद्यालय की स्थापना में सहायता दें। बापू ने तत्परता से कृपलानी का नाम सुझाया। सन् 1920 में असहयोग आंदोलन शुरू हुआ। कृपलानी ने विश्वविद्यालय छोड़ दिया। साथ में 25 छात्रों ने भी। उन्होंने ग्रामीण कार्यों के लिए आश्रम की शुरूआत की। जल्द ही राष्ट्रीय आदर्शों का विद्यालय शुरू हुआ, ताकि गांधी के आवाहन पर पढ़ाई त्याग चुके विद्यार्थी अपनी पढ़ाई पूरी कर सकें। इन्हीं छात्रों में नाटे कद का एक जिज्ञासु और मेधावी छात्र भी थे। लालबहादुर नामक इस छात्र ने शास्त्री की उपाधि पाई और चार दशक बाद प्रधानमंत्री बनकर काशी विद्यापीठ का नाम रोशन किया। जब शास्त्री प्रधानमंत्री थे, उनके गुरू कृपलानी विपक्ष की बेंचों पर बैठकर सत्ता पक्ष पर करारे प्रहार किया करते थे। बहरहाल, सन् 1923 में सरदार वल्लभभाई पटेल ने कृपलानी को स्वसंस्थापित राष्ट्रीय शिक्षण-संस्थान गुजरात विद्यापीठ में प्रधानाचार्य का दायित्व संभालने का न्यौता दिया। यहीं कृपलानी आचार्यत्व से मंड़ित हुए और आचार्य कृपलानी नाम से जाने गये। सन् 1928 में उन्होंने अध्यापन छोड़ दिया। सन् 30 और सन् 40 के दशक में आजादी के लिए तीव्र और निर्णायक संघर्ष में वे पहली पंक्ति में सक्रिय रहे। सन् 1934 से 46 तक वह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव रहे। सन् 1947 में देश जब आजाद हुआ, वह कांग्रेस के अध्यक्ष थे। आजादी की लड़ाई में नेताओं की रग-रग से वाकिफ आचार्य ने नेताओं पर दिलचस्प टिप्पणियां कीं। उनकी नजर में नेहरू और जिन्ना दोनों आत्मकेंद्रित थे और सरदार पटेल को असहमति पसंद नहीं थी। पटेल जानते थे कि जवाहर को उनके मुकाबले ज्यादा समर्थन हासिल है। आचार्य अनेकशः जेल गये। नमक सत्याग्रह, असहयोग आंदोलन और भारत छोड़ो से जुड़े। संविधान-सभा और अंतरिम सरकार में रहे। पटेल और नेहरू से उनके मतभेद रहे और उन्होंने अबुल हाशिम और शरतचंद्र बोस की मुखालफत करते हुए पंजाब और बंगाल के विभाजन की हिमायत की। अपनी आत्मकथा 'माई टाइम्स' में उन्होंने गांधी, सीमांत गांधी और डॉ. लोहिया को सराहते हुए अन्य को आड़े हाथों लिया। वह जब चालीस पार कर चुके थे, उन्होंने बीस वर्ष छोटी सुचेता से विवाह किया। बापू ने पहले इसका विरोध किया। अनुमति तो दी, लेकिन आशीष के बजाय कहा कि वह सिर्फ प्रार्थना कर सकते हैं। 40 बाद कृपलानी ने लिखा-'गांधी जी की प्रार्थनाएं ही काफी थी। उनकी प्रार्थनाओं के कारण हम सुखी जीवन जीते रहे।' आजादी के बाद आचार्य के नेहरू से मतभेद बढ़े। वह कांग्रेस के अध्यक्ष पद के चुनाव में सरदार के प्रत्याशी पुरूषोत्तमदास टंडन से हारे। कांग्रेस से विमुख हुए। लेकिन सुचेता कृपलानी उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री बनीं। आचार्य ने किसान मजदूर प्रजा पार्टी की स्थापना की, जिसका सोशलिस्ट पार्टी में विलय हुआ। सन् 1952 में वह फैजाबाद से संसद का चुनाव हारे, किन्तु भागलपुर उपचुनाव में प्रसोपा से जीते। सन् 1957 में वह सीतामढ़ी से जीते, लेकिन सन 51 में बहुचर्चित चुनाव में वीपी मेनन से पराजित हुए। सन् 1963 और सन् 1967 में वह गुना से स्वतंत्र पार्टी से जीते। संसद में उन्होंने अपनी विशिष्ट छाप छोड़ी। उन्हें सन् 1963 में लोकसभा में सरकार के खिलाफ पहला अविश्वास प्रस्ताव पेश करने का श्रेय प्राप्त है।

आचार्य कृपलानी के मनस पर सत्य के पक्ष में अकेले खड़े होने की गांधी की क्षमता ने गहरा असर डाला। गांधी से उन्होंने अकेले खड़ा होना सीखा। सन् 1977 के चुनाव में उन्होंने श्रीमती इंदिरा गांधी के खिलाफ व्यापक प्रचार किया। 26 जून, 1975 को इमर्जेन्सी के तत्काल बाद वह गिरफ्तार कर लिए गए थे। सन् 77 में कांग्रेस हारी तो उन्हें और जेपी को जनता सांसदों से मिलकर प्रधानमंत्री चुनने का जिम्मा सौंपा गया। जेपी का झुकाव बाबू जगजीवन राम की ओर था, किन्तु कृपलानी के सुझाव पर मोरारजी भाई प्रधानमंत्री बने। उन्होंने जनता पार्टी का उत्थान और पतन अपनी आंखों से देखा। सन् 74 में पत्नी के निधन के बाद वह अकेले रह गये थे और मिट्टी के पांवों वाले राजनीतिज्ञों का हश्र देख रहे थे। घटनाप्रधान लंबा जीवन जीकर उन्होंने 19 मार्च, सन् 1982 को देह त्याग दी।

**(लेखक कवि एवं संपादक हैं)**

## व्यंग्य

# हवाई अड्डों पर बहाल हों झाड़- फूंक विशेषज्ञ



नवेन्दु उन्मेष

बाबा बोतलदास अखबार कांख में दबाये हुए सुबह-सुबह मेरे घर पधारे। मैंने उनसे पूछा बाबा क्या हालचाल है। तो उन्होंने अखबार के पन्नों को खोलकर पलटते हुए कहा यह देखो आज का अखबार। इसमें लिखा है कि फ्लाइट में एक महिला कपड़े उतार कर चहलकदमी कर रही थी। खबर पढ़कर ऐसा लगता है गोयाकि वह फ्लाइट में न होकर किसी सौंदर्य प्रतियोगिता के रैम्प पर कैट वाक कर रही हो। मैंने कहा बाबा इनदिनों रोज ब रोज फ्लाइट में चलने वाले यात्रियों के किस्से अखबारों में छप रहे हैं। कोई दारू पीकर विमान के सहयात्री पर पेशाब कर दे रहा है तो कोई गुटका खाकर विंडो खोलना चाहता है। तो किसी को दिल्ली से पटना जाना हो तो उसे उदयपुर पहुंचा दिया जाता है। पढ़कर ऐसा लगता है कि फ्लाइटें बुरी नजरों से गुजर रही हैं। इसके लिए सरकार को फ्लाइट उड़ाने से पूर्व बुरी नजरों को उतारे की व्यवस्था करनी चाहिए। प्रत्येक हवाई अड्डे पर झाड़- फूंक विशेषज्ञ की बहाली होनी चाहिए। हवाई जहाज उड़ाने से पहले उसे तंत्र-मंत्र से झाड़ा जाना चाहिए। अगर इस व्यवस्था में देरी हो तो कम से कम एक नींबू और मिर्चा तो प्रत्येक शनिवार को फ्लाइट के अंदर या बाहर बांधा ही जाना चाहिए। इसके अलावा एक लाल कपड़े में नारियल बांधकर फ्लाइट के अंदर टांगा जाना चाहिए ताकि किसी यात्री या विमान को कोई बुरी नजर नहीं लगे। अगर यात्रियों को बुरी नजर नहीं लगेगी तो वे किसी प्रकार की अशोभनीय हरकत नहीं करेंगे।

बोतलदास ने कहा कोरोना काल के बाद फ्लाइटों की अर्थव्यवस्था चैपट हो गयी है। फ्लाइटों को समुचित मात्रा में यात्री मिल कहां रहे हैं कि यह सब व्यवस्था विमान प्रबंधन विभाग करे।

तब मैंने उन्हें सुझाव दिया कि विमान प्रबंधन विभाग किसी गली-कूचे से उठाकर झाडू और सूप तो ला ही सकता है। इन झाडू और सूप को विमान में बांधा तो जा ही सकता है। इससे भी बुरी नजरें फलाइट से दूर रहेंगी। अगर सबसे सस्ता उपाय मैं बताउं तो विमानों को उड़ाने से पूर्व हनुमान चालीसा का पाठ किया जा सकता है। वैसे हनुमान चालीसा में कहा भी गया है कि भूत पिशाच निकट नहीं आवे, महावीर जब नाम सुनावे, नाशे रोग हरे सब पीडा, जपत निरंतर हनुमत बलबीरा। वे बोले तुम्हारा सुझाव तो अच्छा है, लेकिन विमान प्रबंधन विभाग के अधिकारियों के दिमाग में यह बात आये तब तो फ्लाइटों का कायाकल्प ही हो जाये। इससे लाभ यह भी होगा कि यात्रियों की संख्या में भी इजाफा हो सकता है। घाटे में चल रही विमान कंपनियों का घाटा भी पूरा होगा।

आगे बात बढ़ी तो मैंने बाबा बोतलदास को कहा कि हमारा देश धर्मपरायण देश है। कोई भी शुभ कार्य करने से पूर्व गणेश पूजन की जाती है। ऐसी व्यवस्था फ्लाइटों को उड़ाने से पूर्व की जा सकती है। इससे फ्लाइट के अंदर सब कुछ शुभ होगा। ऐसा करने से फ्लाइटों के अंदर से जो बुरी खबरें आती हैं वह भी बंद हो जायेंगी।

मैंने देखा कि मेरी बातों में बाबा को बड़ा मजा आ रहा है तो मैंने एक और सुझाव दे डाला। कहा जब विमान के यात्री किसी हवाई अड्डे पर उतरें या चढ़े तो कुंवारी कन्याओं के द्वारा उन पर फूल और अच्छत के अलावा गंगा जल का भी छिड़काव किया जाना चाहिए। इससे सब कुछ शुभ होगा और उनकी यात्रा भी मंगलमय होगी।

**(लेखक व्यंग्यकार हैं, संपर्क 9334966328)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# वसूली में शिथिलता बरती तो होगी कार्रवाई : मनीष वर्मा

**बैठक**

**कर-करेत्तर व राजस्व वसूली की समीक्षा बैठक में डीएम का निर्देश**

जनसंदेश न्यूज


समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देशित करते जिलाधिकारी

**जौनपुर।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कर-करेत्तर एवं राजस्व वसूली की मासिक समीक्षा बैठक देर सायं संपन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व वसूली से जुड़े समस्त विभागीय अधिकारियों को दिए गए लक्ष्यों के अनुरूप वसूली सुनिश्चित कराएं, अधिकारियों के द्वारा वसूली में शिथिलता बरती गई तो उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि विशेष रूचि लेकर वसूली करके अपने लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करें। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने पाया कि आबकारी, स्टाम्प द्वारा वसूली लक्ष्य से कम है जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिया कि शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करें। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक दशा में वसूली का लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने राजस्व वसूली, भूमि पट्टा आवेदन, किसान दुर्घटना बीमा, स्वामित्व योजना, खतौनी पुनरीक्षण की भी विस्तृत समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को राजस्व वसूली में तेजी लाने हेतु निर्देशित किया।

उन्होंने उप जिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया कि 5 वर्ष से अधिक लंबित वादों का अभियान चलाकर निस्तारण करें। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी रामअक्षयबर चौहान, मुख्य राजस्व अधिकारी गणेश प्रसाद सहित सभी एसडीएम एवं तहसीलदार उपस्थित रहे।

# संस्कृति और विरासत को संजोयेगा विश्वविद्यालय : प्रो. निर्मला एस. मौर्य

**उपलब्धि**

**विश्वविद्यालय में बनेगी हेरिटेज गैलरी**

**उत्तर प्रदेश सरकार ने 20 लाख रुपये किया स्वीकृत**

**युवा पीढ़ी को विरासत से जोड़ने के लिए कल्चरल क्लब की होगी स्थापना**

जनसंदेश न्यूज



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में प्रदेश की कल्चरल क्लब योजना के अंतर्गत हेरिटेज गैलरी बनेगी। विश्वविद्यालय ने इसके लिए संस्कृति निदेशालय को प्रस्ताव भेजा था जिसकी प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति मिल गई।

विश्वविद्यालय में प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण एवं प्रोत्साहन करने एवं युवा पीढ़ी की समृद्ध विरासत से जोड़ने के लिए कल्चरल क्लब की स्थापना की जाएगी।

विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि यह बहुत खुशी की बात है कि उत्तर प्रदेश संस्कृति निदेशालय ने हमारे विश्वविद्यालय को चयनित किया है. इसके माध्यम से संस्कृति और विरासत को सामने लाया जायेगा। हेरिटेज गैलरी में विश्वविद्यालय के विकास से लेकर उत्कृष्ट कीर्तिमान स्थापित करने वाले पूर्व विद्यार्थियों की फोटो को जगह मिलेगी। विभिन्न पुरस्कार प्राप्त विद्वानों, लेखकों, वैज्ञानिकों की फोटो भी गैलरी में देखने को मिलेगी। स्थानीय संस्कृति एवं विरासत, कलाकृतियों का प्रदर्शन किया जायेगा। उन्होंने हेरिटेज गैलरी की स्थापना के लिए वित्त अधिकारी संजय कुमार राय एवं शिक्षकों के साथ विवेकानंद केंद्रीय पुस्तकालय के नवीन भवन का निरीक्षण कर विविध बिन्दुओं पर चर्चा की।

वित्त अधिकारी संजय कुमार राय ने बताया कि हेरिटेज गैलरी के लिए विश्वविद्यालय द्वारा भेजे गए प्रस्ताव पर बीस लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति मिली है। इस प्रस्ताव को जनसंचार विभाग के शिक्षक डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर द्वारा तैयार किया गया था। इस अवसर पर प्रो. मानस पाण्डेय, प्रो. राम नारायण, डॉ. मनोज मिश्र, डॉ. जान्हवी श्रीवास्तव, अमृत लाल, डॉ. लक्ष्मी प्रसाद मौर्य उपस्थित रहे।

# पीयू की टीम युवा महोत्सव के लिए काशी रवाना


टीम को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करतीं कुलपति

**तैयारी**

**कुलपति ने दिखाई हरी झंडी**

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की टीम महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में अंतर विश्वद्यालयीय युवा महोत्सव उमंग के लिए गुरुवार शाम को टीम प्रबंधक डॉ. विनय वर्मा और ज्योति सिंह के नेतृत्व में रवाना हुई।

कुलपति निर्मला एस. मौर्य, कुलसचिव महेंद्र कुमार और वित्त नियंत्रक संजय राय ने हरी झंडी दिखाकर टीम को रवाना किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने शुभकामना व्यक्त की। कहा कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे ऐसी मुझे उम्मीद है। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में आयोजित अंतर विश्विद्यालयीय युवा महोत्सव उमंग में विश्वविद्यालय की टीम विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे भाषण प्रतियोगिता, काव्य पाठ, समूह गायन, सामूहिक नृत्य, पोस्टर प्रतियोगिता, रंगोली जैसे प्रतियोगिता में भाग लेगी। विश्वविद्यालय की टीम में 20 प्रतिभागी हैं। इस अवसर पर समन्वयक सांस्कृतिक परिषद डॉ. मनोज मिश्र, डॉ. अमरेंद्र सिंह, डा. लक्ष्मी प्रसाद मौर्य समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

## बस की चपेट में आने से स्कूटी सवार की मौत

**जौनपुर।** लाइन बाजार थाना क्षेत्र के मुरादगंज तिराहे के पास रोडवेज बस की चपेट में आने से एक स्कूटी सवार युवक की मौत हो गई। बदलापुर थाना क्षेत्र के भलुवाही गांव निवासी सिद्धार्थ कुमार निगम 25 वर्ष पुत्र मंगला प्रसाद निगम गुरुवार दिन के लगभग 12 बजे अपनी स्कूटी से घर से निकलकर शहर आ रहा था तभी वह जौनपुर की तरफ से जा रही रोडवेज बस की चपेट में आ गया। मौके पर पहुंची लाइन बाजार थाने की कोबरा मोबाइल पुलिस मौके पर पहुंच गई। कुछ ही देर में उसके कुछ रिश्तेदार भी मौके पर आ गए सभी लोग घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गए जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जैसे ही खबर उसके गांव पहुंची उसी समय शुभचिंतक व रिश्तेदार उसके घर पहुंच गए। कुछ देर पूर्व जिस घर में बच्चों की हंसने की किलकारियां गूंज रही थी वहीं मातम छा गया। दूसरी तरफ पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस बारे में इंस्पेक्टर लाइन बाजार से दूरभाष से संपर्क किया गया की रोडवेज की बस पकड़ी गई या नहीं जिसका वह उत्तर नहीं दे पाए।

# पुलिस ने 17 वारंटियों को किया गिरफ्तार


पुलिस द्वारा गिरफ्तार किये गये वारंटी

जनसंदेश न्यूज

**खेतासराय।** पुलिस ने गुरुवार को अभियान चलाकर 17 वारंटियों को गिरफ्तार किया है। आवश्यक कार्यवाही के बाद सभी वारंटियों को न्यायालय भेज दिया गया।

थानाध्यक्ष यजुवेन्द्र सिंह ने बताया कि मानीकला निवासी गौतम पुत्र राजेन्द्र प्रसाद उर्फ बंगा, महेन्द्र कुमार पुत्र रामचन्द्र, अंगद पुत्र झिलगू, चौकिया गुरैनी निवासी गुलाब चन्द पुत्र धर्मराज यादव, मूलचन्द पुत्र धर्मराज यादव, मनेछा निवासी श्याम कन्हैया पुत्र शिवनन्दन, रुधौली निवासी सालिक राम बिन्द पुत्र बिजयी बिन्द, चकमारुफपुर निवासी मिठ्ठू केवट पुत्र हरखू केवट, खुदौली निवासी धन्नी पुत्र जंगली प्रसाद, मन्नी पुत्र जंगली बिन्द, नौली निवासी अशोक कुमार पुत्र छोटे लाल, नदौली निवासी राजकमल पुत्र श्यामदेव, सरिता पत्नी राजकमल, टिकरीकला निवासी अनिल पुत्र बच्चूलाल, प्रदीप पुत्र रामबचन, खेतासराय निवासी छोटेलाल पुत्र जगदेव, अचर्जी देवी पत्नी छोटेलाल को उनके घर से गिरफ्तार किया गया।

## चार गैर जमानती वारंटी गिरफ्तार

**पवांरा।** गैरजमानती वारंटी मिश्री लाल पुत्र स्व. राम निरंजन निवासी सजईकला थाना पवांरा, सिकन्दर, धीरेन्द्र व पप्पू निवासी-सेमरिया को थानाध्यक्ष राज नरायन चौरसिया ने पुलिस टीम के साथ गुरुवार की सुबह विभिन्न स्थानों से गिरफ्तार कर चालान हेतु न्यायालय भेज दिया।

## संक्षेप

### आंचल का कॉलेज में हुआ भव्य स्वागत



**जौनपुर।** मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज के बीए तृतीय वर्ष की छात्रा एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविका आंचल मौर्या पुत्री सुशील मौर्य ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर आरडी परेड में सम्मिलित होने के बाद गुरूवार को अपने मूल जनपद एवं कॉलेज मोहम्मद हसन में पहुंची जिसमें छात्र-छात्राओं ने उनका भव्य स्वागत किया। प्राचार्य डॉ. अब्दुल कादिर खान ने बुके देकर उसे सम्मानित किया। प्राचार्य ने कहा कि आज के वर्तमान समय में छात्राएं सशक्त एवं मजबूत हो रही हैं हर क्षेत्र में अपना एक स्तंभ स्थापित कर रही हैं इसलिए अपना भारत देश पुनः सोने की चिड़िया बनने के लिए अग्रसर है। इस मौके पर वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अजय विक्रम सिंह, डॉ. राकेश कुमार बिंद, डॉ. विवेक विक्रम सिंह, डॉ. शाहिदा परवीन, डॉ. प्रेमलता गिरी, अहमद अब्बास खान एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेविका सेवक एवं सेविका मौजूद रहे।

### टॉप-20 का अपराधी तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार

मछलीशहर। नवागत पुलिस अधीक्षक अजय पाल शर्मा के आदेश के अनुपालन में चलाये जा रहे अपराध की रोकथाम अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत 8/9 फरवरी की रात्रि प्रभारी निरीक्षक किशोर कुमार चौबे के निर्देशन में उपनिरीक्षक अखिलेश कुमार यादव पुलिसटीम के साथ रात्रि गश्त के दौरान रामपुर तिराहा पर पुलिस जीप को देखकर एक व्यक्ति रामपुरकला की ओर तेजी से भागने लगा जिसको पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ लिया। पुलिस ने पकड़े गये अभियुक्त लवकुश तिवारी पुत्र सन्तोष तिवारी निवासी रामपुर कला (भाट का पूरा) थाना मछलीशहर के पास से एक तमंचा व कारतूस बरामद किया। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त लवकुश तिवारी के खिलाफ धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया।

### लेदर बाल क्रिकेट महासंग्राम आज से

**गभिरन।** खुटहन ब्लाक के पोटरिया गांव में अंतर्जनपदीय लेदर बॉल क्रिकेट महासंग्राम का आयोजन 10 फरवरी से होगा। पोटरिया गांव में दस जनवरी से अंतर्जनपदीय लेदर बॉल क्रिकेट महासंग्राम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विभिन्न जनपदों की क्रिकेट टीम प्रतिभाग करेंगी। प्रतियोगिता के आयोजक पोटरिया क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान अबूसाद अहमद ने कहा कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमें सुबह नौ बजे पहुंचकर इंट्री करा लें, ताकि समय से खेल शुरू किया जा सके।

### अज्ञात कारणों से किशोर ने लगा ली फांसी

**चंदवक।** क्षेत्र के गोनौली गांव में बुधवार रात बृजेश यादव उर्फ मन्ना का 14 वर्षीय पुत्र अनंत घर से सटे बाड़ें में स्थित जामुन के पेड़ पर रस्सी के सहारे फांसी लगा कर आत्म हत्या कर लिया। थोड़ी देर बाद उसकी मां पूनम खोजते हुए बाड़ें में गई तो किशोर के फांसी से लटकती लाश देकर होश उड़ गए और शोर मचाने लगीं। शोर सुन परिजन व पड़ोसी पहुंच गए। सूचना पर पहुचीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण हेतु भेज दिया। घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो सका।

### सड़क दुघर्टना में एक घायल

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत मनवल गांव में बाइक की चपेट में आने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने उक्त घायल युवक को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार कराया गया। सुल्तानपुर जनपद के अखंडनगर थाना क्षेत्र के महमदपुर गांव निवासी 40 वर्षीय अखिलेश पुत्र रामदीन मनवल गांव में राजगीर का काम कर रहे थे। किसी काम से सड़क पार कर रहे थे कि सामने से तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मारकर मौके से हो गया। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल युवक की हालत गंभीर देख बेहतर इलाज हेतु जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।

### सऊदी से युवक का शव घर आते ही मचा कोहराम

**खेतासराय।** सऊदी अरब में यहां के एक युवक की एक हादसे में हुई मौत के बाद बुधवार की रात्रि शव घर लाया गया। शव को घर लाए जाते ही परिजनों में कोहराम मच गया। गुरुवार की सुबह शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। नगर के बभनौटी मोहल्ला निवासी 35 वर्षीय कलामुद्दीन पुत्र मुजफ्फर हुसैन उर्फ भोला सऊदी अरब के रियाद में एक फैक्ट्री में सुपरवाइजर था। 25 दिसम्बर को किसी वाहन के उपर चढ़ कर निरीक्षण कर रहा था। असंतुलित होकर गिर जाने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। एक अस्पताल में उसका उपचार चल रहा था जहां उपचार के दौरान 29 दिसंबर को उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी परिजनों को होते ही घर में कोहराम मच गया। परिजन शव को घर ले आने के लिए प्रयासरत थे। वहां रह रहे रिश्तेदारों के सहयोग से बुधवार की रात्रि उसका शव घर लाया गया। शव को घर लाए जाने की प्रक्रिया में लगभग डेढ़ माह लग गया। इस घटना से पूरा परिवार गमगीन है।

### टॉप टेन का शातिर अपराधी गांजे के साथ गिरफ्तार



**सुइथाकला।** थाना क्षेत्र में टाप टेन का शातिर अपराधी गुरूवार को पुलिस द्वारा लगभग दो किलो गाँजे के साथ गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र का सारीजहांगीर पट्टी गांव निवासी मंशूर कंकाली ऊर्फ मुन्शू 24 पुत्र शहाबुद्दीन ऊर्फ छंगू थाना क्षेत्र में टाप टेन का शातिर अपराधी था जिसे गुरूवार को वांछितों और अपराधियों की तलाश के दौरान उपनिरीक्षक सच्चिदानन्द व हमराहियों द्वारा लगभग दो किलो गाँजे के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। मामले में थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने बताया कि अभियुक्त थाना क्षेत्र में टाप टेन का अपराधी है और वह लगभग आधे दर्जन आपराधिक घटनाओं में वांछित था। बरामदगी और गिरफ्तारी के आधार पर अभियुक्त का चालान एनडीपीएस एक्ट के तहत न्यायालय को भेज दिया गया। इस दौरान कान्स्टेबल द्वय संजय कुमार सिंह और अमित कुमार मौजूद रहे।

### मुकदमे की पैरवी के बाद दो पक्षों में मारपीट, एक घायल

**शाहगंज।** तहसील परिसर में आये दो फारियादियों ने मुकदमे में पैरवी के बाद बाहर आने पर दोनों पक्षों में कहासुनी के दौरान मारपीट हो गया जिसमें एक युवक घायल हो गया। उक्त घायल का इलाज राजकीय चिकित्सालय में हुआ। क्षेत्र के सबरहद गांव निवासी बिस्मिल्लाह पुत्र दीन मोहम्मद का नगर के पुराना मछरहट्टा निवासी फैजान पुत्र फैयाज से मुकदमा चल रहा है। गुरुवार को दोनों पक्ष उपजिलाधिकारी कोर्ट में मुकदमे की पैरवी में आये थे। पैरवी के बाद दोनों पक्षों में तहसील परिसर में ही मारपीट हो गयी जिसमें बिस्मिल्लाह घायल हो गए। उक्त घायल ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल का इलाज करा दोषियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

# आठ वारंटियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**कार्रवाई**

**विभिन्न मामलें में चल रहे थे फरार**

जनसंदेश न्यूज


पुलिस की गिरफ्त में वारंटी

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत विभिन्न गांवों से न्यायालयों में वांछित चल रहे आठ की संख्या में वारंटियों को पुलिस ने दबिश दे दबोच लिया। फिलहाल सभी को चालान भेजा गया है। पुलिसिया कार्यवाही से क्षेत्र में हड़कंप मचा है।

पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत सक्रिय हुई कोतवाली पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्यवाही प्रारम्भ कर दिया है। बुधवार की रात प्रभारी निरीक्षक सदानन्द राय के नेतृत्व में मडवामोहिद्दीनपुर गांव में वांछित चल रहे तीन सगे भाईयों संतलाल बिंद, मिठ्ठू बिंद एवं शिव शंकर बिंद पुत्रगण मोती बिंद को गिरफ्तार किया गया। वहीं खनुवाई गांव में श्रीश पुत्र राम किशोर हुसैनाबाद गांव निवासी हंसू पुत्र भूलन को गिरफ्तार किया गया। सबरहद गांव में उजरौटी निवासी दीपक पुत्र राजाराम के घर दबिश दे भाग रहे वांछित को दबोचा गया। लम्बे समय से फरार चल रहे छबवा गांव निवासी राम सूरत सिंह पुत्र राम करन एवं इसी गांव के बाल कृष्ण गौड़ पुत्र राम कुमार गौड़ को पुलिस ने धर दबोचा। सभी फरार वांछितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। इस दौरान गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक सदानन्द राय, उपनिरीक्षक प्रभुनाथ यादव, इसरार अहमद, सुरेश कुमार सिंह, हे.का. राज कुमार यादव, का. विकेश कुमार, बृजेश चौहान, विनोद यादव, रणजीत यादव, अनिल निषाद, नितेश तिवारी आदि पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## फांसी लगाकर अधेड़ ने दी जान

**सुइथाकला।** क्षेत्र के समोधपुर गांव में गुरूवार को एक अधेड़ ने अपने घर में फाँसी लगाकर अपनी जान दे दी। मामले में पुलिस लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के समोधपुर गांव निवासी शेरबहादुर सिंह पुत्र वीरेन्द्र गुरूवार को अपने घर में फांसी के सहारे लटका मिला। उसे लटका देख परिजनों में कोहराम मच गया। परिवार के लोग उसे नीचे उतारकर स्थानीय सीएचसी ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में ले लिया। थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने बताया कि मामले में लिखा पढ़ी के साथ लाश को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद अगली कार्रवाई होगी। मृतक की पत्नी और एक बच्चा घर पर रहता है जबकि बड़ा लड़का कहीं बाहर रहता है। बहरहाल घटना को लेकर सभी स्तब्ध है।

# कूड़ा कलेक्शन के लिए दिया गया प्रशिक्षण


नगर पंचायत कर्मियों को प्रशिक्षण देते अधिकारी

जनसंदेश न्यूज

**खेतासराय।** नगर पंचायत में स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत गुरुवार को नगर पंचायत कार्यालय पर डीपीएम अमित सूर्यमणी द्वारा नगर पंचायत कर्मियों को कूड़ा कलेक्शन हेतु प्रशिक्षण दिया गया जिसमें गीला एवं सूखा कूड़ा पृथकीकरण की जानकारी दी गयी। तत्पश्चात वाड़ों में रैली के माध्यम से जनजागरूकता अभियान अधिशासी अधिकारी डा. रवीन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में चलाया गया।

इस मौके पर प्रमुख रूप से लिपिक कविता श्रीवास्तव अमरेन्द्र यादव, प्रमोद यादव, यावर अली, गुफरान अहमद, दिनेश यादव, रमेश चन्द्र, मो. अम्बर, जावेद आलम, राहुल मथुरिया, बृजनाथ यादव आदि मौजूद रहे।

# बोर्ड परीक्षा को लेकर आयोजित हुई बैठक

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित वर्ष 2023 की हाईस्कूल/ इण्टरमीडिएट की परीक्षा 16 फरवरी से 4 मार्च के मध्य दो पालियों में (प्रथम पाली समय प्रातः 8 बजे से 11.15 बजे तक, द्वितीय पाली सायं 2 बजे से 5.15 बजे तक) आयोजित होगी।

जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित वर्ष 2023 परीक्षा सम्पन्न कराने हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की गयी। उक्त बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद में परिषदीय परीक्षा के दौरान होने वाले कठिनाईयों से सबको परिचित कराया तथा अपने दायित्वों के प्रति अनवरत सतर्क रहने एवं अपने जोनल व सेक्टर में सतर्क दृष्टि रखते हुए भ्रमण करने के अपेक्षा की गयी है। उक्त समीक्षा बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा राज्य स्तर एवं जनपद स्तर पर स्थापित ऑनलाइन मॉनिटरिंग सेल से परीक्षा केन्द्रों के सतत क्रियाशील रहने हेतु नियमित निरीक्षण सम्बन्धित सेक्टर मजिस्ट्रेटों को नजर रखने का निर्देश दिया। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक ने अवगत कराया कि शान्तिपूर्ण, शुचितापूर्ण एवं नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न कराये जाने हेतु समस्त केन्द्र व्यवस्थापकों की एक बैठक/प्रशिक्षण 4 फरवरी को टीडी इण्टर कालेज सभागार में आयोजित की जा चुकी है। उक्त बैठक में जिला विद्यालय ने अवगत कराया कि परीक्षा की समयबद्धता एवं संवेदनशीलता के दृष्टिगत परीक्षा कार्यक्रम हेतु जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक, सम्बन्धित उप जिलाधिकारी व पुलिस उपाधीक्षकगण की आवश्यक बैठक 11 फरवरी को 12 बजे टीडी इण्टर कालेज सभागार में आहूत की जायेगी।

## पुलिस की निगरानी में हुआ कोटे की दुकान का चयन

**खेतासराय।** शाहगंज ब्लॉक की ग्राम पंचायत डोमनपुर में गुरुवार को खुली बैठक ग्राम प्रधान चंद्रावती की अध्यक्षता में हुई। बैठक में ग्राम पंचायत में रिक्त कोटे की दुकान का चयन किया गया। पुलिस की कड़ी निगरानी में ईडब्ल्यूएस के कोटे से आनन्द कुमार का कोटेदार के रूप में चयन किया गया। ग्राम पंचायत डोमनपुर की राशन दुकान अनियमितता के आरोप में निलंबित कर बगल के गांव मजडीहा में अटैच कर दी गई थी। शासन की गाइडलाइन के अनुसार रिक्त कोटे की दुकान के चयन के लिए सामान्य वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के चयन पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई। इसी क्रम में पर्यवेक्षक एडीओ कॉपरेटिव दुर्ग विजय, पंचायत सचिव शिवमूर्ति यादव की टीम पुलिस बल के साथ गुरुवार को गांव के प्राथमिक विद्यालय पर पहुंची जहां खुली बैठक हुई। ईडब्ल्यूएस वर्ग से गांव के अजय पुत्र रामजीत और आनन्द पुत्र प्रमोद कुमार ने आवेदन प्रस्तुत किए। वोटिंग के बाद अजय को 249 और आनन्द को 288 मत मिले। आनन्द को 39 मत अधिक मिलने पर टीम ने इन्हें कोटेदार के रूप में चयनित किया।

# अधिवक्ता संघ ने की नायब तहसीलदार के निलंबन की मांग

**रोष**

**चपरासी से करवाती हैं धन उगाही का लगाया आरोप**


तहसीलदार न्यायालय के सामने धरने पर बैठे अधिवक्ता

**मछलीशहर।** बीते बुधवार को वरिष्ठ अधिवक्ता कैलाश यादव की जूनियर कविता यादव और नायब तहसीलदार मीना गौड़ के चपरासी के बीच हुई घटना के बाद गुरूवार को अधिवक्ताओं ने नायब तहसीलदार मीना गौड़ के खिलाफ मोर्चा खोल दिया।

पीड़ित अधिवक्ता कविता यादव ने संघ को जानकारी देते हुए बताया कि कल उनका चपरासी जितेंद्र कुमार उनसे धन उगाही करने ही आया था। इसी बात को लेकर के बाद विवाद हुआ और मनबढ़ चपरासी ने महिला वकील को पीट दिया। अधिवक्ताओं के धरना प्रदर्शन के बाद आरोपित चपरासी के खिलाफ कोतवाली में मारपीट और छेड़छाड़ का मुकदमा कल ही दर्ज कर लिया गया था। गुरूवार की सुबह तहसील पहुंचने पर अधिवक्ताओं ने नायब तहसीलदार मीना गौड़ की रिश्वतखोरी को लेकर जमकर हंगामा किया और मुर्दाबाद के नारे लगाए। बाद में अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों ने उप जिलाधिकारी राजेश कुमार चौरसिया को ज्ञापन सौंपकर नायब तहसीलदार को रिश्वतखोरी के आरोप में तत्काल निलंबित करने की मांग की। अधिवक्ताओं ने बताया उक्त नायब तहसीलदार दस, बीस और 50 रूपये के लिए भी अपने चपरासी को भेजकर धन उगाही करवाती है। अधिवक्ताओं के बेहद साधारण काम जैसे प्रार्थना पत्र पर अग्रसारित करने का भी पैसा मांगती है और अधिवक्ताओं द्वारा प्रार्थना पत्र सीधे रखने पर अपने चपरासी के जरिए प्रार्थना पत्र भेजने को कहती हैं। अधिवक्ता जब चपरासी के पास जाते हैं तो वह रुपए की मांग करता है। आरोप लगाया कि उक्त नायब तहसीलदार पूरी तरह रिश्वतखोरी में लिप्त है और न्यायालय में बैठकर के धन उगाही करती हैं। इस मौके पर अधिवक्ता संघ अध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद, पूर्व अध्यक्ष दिनेश चंद्र सिन्हा, महामंत्री बनवारी राम मौर्य, प्रेमचंद विश्वकर्मा, हरि नायक तिवारी, अशोक श्रीवास्तव, यज्ञ नारायण सिंह, भरत लाल यादव आलोक विश्वकर्मा, रतन लाल गुप्ता, आदि सैकड़ों अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### पीटी ऊषा ने राज्यसभा के कार्यवाही की अध्यक्षता की, ट्विटर पर वीडियो किया शेयर

**नई दिल्ली।** प्रसिद्ध एथलीट पिलावुल्लाकांडी थेक्केपरम्बिल उषा ने गुरुवार को सभापति और उपाध्यक्ष जगदीप धनखड़ की अनुपस्थिति में राज्यसभा की कार्यवाही की अध्यक्षता की। पीटी उषा ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर उस पल की एक छोटी क्लिप भी पोस्ट की जिसमें उन्होंने इस गर्व के पल का वर्णन किया। पीटी उषा को जुलाई 2022 में भारतीय जनता पार्टी द्वारा उच्च सदन के लिए नामित किया गया था। नवंबर में, उन्हें भारतीय ओलंपिक संघ के अध्यक्ष के रूप में चुना गया था। पीटी उषा ने अपने ट्वीट में लिखा, "जैसा कि फ्रेंकलिन डी. रूजवेल्ट ने कहा था कि महान शक्ति में बड़ी जिम्मेदारी शामिल होती है, इसे मैंने राज्य सभा सत्र की अध्यक्षता के दौरान महसूस किया। मैं आशा करती हूं कि मैं इस यात्रा को अपने लोगों द्वारा निहित विश्वास के साथ पूरा करती रहूंगी।



# पहले दिन भारत ने कसा शिकंजा, जडेजा ने झटके पांच विकेट

## भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का पहला मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया की पारी 177 रन पर सिमटी

**नागपुर।** भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का पहला मुकाबला नागपुर के जामथा स्टेडियम में खेला जा रहा है। ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा (47/5) और रविचंद्रन अश्विन (42/3) की घातक स्पिन गेंदबाजी की बदौलत भारत ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट की पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया को 177 रन पर ऑलआउट कर दिया। दिन का खेल खत्म होने से पहले मेजबान टीम ने कप्तान रोहित शर्मा (56 नाबाद) के अर्द्धशतक की सहायता से एक विकेट के नुकसान पर 77 रन बना लिए।



ऑस्ट्रेलिया को छोटे स्कोर पर समेटने के बाद बल्लेबाजी करने उतरे कप्तान रोहित ने पहले ओवर में 13 रन जोड़कर आक्रामक शुरूआत की। रोहित ने जहां जोखिम उठाते हुए बड़े शॉट खेले, वहीं केएल राहुल ने धैर्य के साथ विकेट पर समय बिताया। राहुल 71 गेंद पर 20 रन बनाकर पवेलियन लौट गये, हालांकि रोहित 56 रन बनाकर नाबाद हैं। रोहित दिन का खेल खत्म होने से पहले 69 गेंदों की अपनी पारी में नौ चौके और एक छक्का लगा चुके हैं, जबकि रविचंद्रन अश्विन शून्य रन के स्कोर पर उनके साथ मौजूद हैं।

ऑस्ट्रेलिया की टीम भारत के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन चाय के बाद पहली पारी में 177 रन पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया की ओर से मार्नस लाबुशेन ने सर्वाधिक 49 रन बनाए। स्टीव स्मिथ ने 37 जबकि एलेक्स कैरी ने 36 और पीटर हैंड्सकॉम्ब ने 31 रन की पारी खेली। भारत की तरफ से रविंद्र जडेजा ने पांच जबकि रविचंद्रन अश्विन ने तीन विकेट चटकाए। मोहम्मद सिराज और मोहम्मद शमी ने एक-एक विकेट लिया। ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन गुरुवार को यहां चाय तक आठ विकेट पर 174 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया की ओर से मार्नस लाबुशेन ने 49, स्टीव स्मिथ ने 37 और एलेक्स कैरी ने 36 रन की पारी खेली। चाय के समय पीटर हैंड्सकॉम्ब (नाबाद 29) और नाथन लियोन (नाबाद 00) क्रीज पर थे। भारत की तरफ से रविंद्र जडेजा ने चार जबकि रविचंद्रन अश्विन ने दो विकेट चटकाए।

***रवींद्र जडेजा ने झटके लगातार दो विकेट***

लंच के बाद रवींद्र जडेजा ने ऑस्ट्रेलियाई टीम को 84 रनों पर लगातार दो विकेट झटके दिए। पहले जडेजा ने मार्नस लाबुशेन को 49 रनों पर स्टम्प आउट कराया। यह विकेटकीपर केएस भरत के करियर की पहली स्टम्पिंग रहीं। फिर दूसरी बॉल पर जडेज़ा ने नए बल्लेबाज मेट रेनशॉ को एलबीडब्ल्यू आउट कर दिया। ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन गुरुवार को यहां लंच तक दो विकेट पर 76 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने सुबह के सत्र में सलामी बल्लेबाजों उस्मान ख्वाजा (01) और डेविड वार्नर (01) के विकेट गंवाए। लंच के समय मार्नस लाबुशेन (नाबाद 47) और स्टीव स्मिथ (नाबाद 19) क्रीज पर थे। भारत की तरफ से मोहम्मद सिराज और मोहम्मद शमी ने एक-एक विकेट चटकाया। शमी ने इंटरनेशनल करियर का 400वां विकेट लिया है।

भारतीय टीम के लिए इस मैच के साथ सूर्यकुमार यादव और विकेटकीपर केएस भरत ने टेस्ट में डेब्यू किया है। ऑस्ट्रेलियाई टीम में टॉड मर्फी को डेब्यू का मौका मिला है। रोहित शर्मा इस मैच में तीन स्पिनर और दो फास्ट बॉलर के साथ उतरे हैं।

***दोनों टीमों की प्लेइंग-11***

**भारतः** रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल, चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, केएस भरत (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन, अक्षर पटेल, मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज।

**ऑस्ट्रेलिया :** पैट कमिंस (कप्तान), डेविड वॉर्नर, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ, मैट रैनशॉ, पीटर हैंड्सकम्ब, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), नाथन लायन, टॉड मरफी और स्कॉट बोलैंड।

## अश्विन ने रचा इतिहास, टेस्ट क्रिकेट में पूरे किए 450 विकेट



**नई दिल्ली।** भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के खिलाफ गुरुवार को नागपुर में शुरू हुए पहले टेस्ट मैच के पहले ही दिन बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। अश्विन ने टेस्ट में अपने 450 विकेट पूरे कर लिए हैं। कंगारू बल्लेबाज एलेक्स कैरी उनके 450वें शिकार बने। अश्विन अपने 89वें टेस्ट में सबसे तेज 450 विकेट लेने वाले वर्ल्ड के दूसरे गेंदबाज बन गए हैं। अश्विन ने भारतीय टीम के पूर्व दिग्गज स्पिनर अनिल कुंबले का रिकॉर्ड तोड़े दिया है। अनिल कुंबले ने 93वें टेस्ट मैच में 450 विकेट हासिल किए थे।

वहीं टेस्ट इतिहास में सबसे तेज 450 विकेट लेने का रिकॉर्ड श्रीलंका के पूर्व दिग्गज मुथैया मुरलीधरन के नाम दर्ज है। मुरलीधरन ने अपने 80वें मैच में 450 विकेट पूरे कर लिए थे। मुरलीधरन के बाद सबसे तेज 450 टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाजों की लिस्ट में अश्विन का नाम शामिल हो गया है। अश्विन ने कुंबले को ही नहीं, बल्कि ग्लेन मैक्ग्रा, शेन वॉर्न और नाथन लियोन को भी इस रिकॉर्ड के मामले में कोसों पीछे छोड़ दिया है।

## गेंदबाजी से बेहद खुश हैं जडेजा, कहा- एनसीए में 10-12 घंटे अभ्यास से मिली मदद

### जडेजा ने मैच के बाद कहा, मैं अपनी गेंदबाजी से बेहद खुश हूं

**नागपुर।** छह महीने के अंतराल के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी कर रहे भारतीय हरफनमौला रविंद्र जडेजा ने पहले टेस्ट की पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया के पांच विकेट चटकाने के बाद गुरुवार को कहा कि उन्होंने राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में अपने प्रवास के दौरान 10-12 घंटे गेंदबाजी की, जो उनके लिये मददगार साबित हुआ। जडेजा ने मैच के बाद कहा, मैं अपनी गेंदबाजी से बेहद खुश हूं। मैंने इसका आनंद लिया। पांच महीने बाद टेस्ट क्रिकेट खेलना मुश्किल होता है। मैंने इससे पहले लंबे समय बाद प्रथम श्रेणी (रणजी) मैच खेलना था, जहां मैंने करीब 42 ओवर गेंदबाजी की थी। उन्होंने कहा, इससे मुझे यहां आकर



टेस्ट क्रिकेट खेलने के लिये काफी आत्मविश्वास मिला। पिच में बिल्कुल उछाल नहीं था, मैं सीधी गेंदबाजी करने की कोशिश कर रहा था। मैं जब बेंगलुरु में एनसीए में था, तब मैं अपनी गेंदबाजी पर बहुत काम कर रहा था। मैं रोज 10-12 घंटे गेंदबाजी करता था जो मेरे लिए बहुत मददगार साबित हुआ। मैंने अपनी लय पर काम किया क्योंकि मैं जानता था कि मुझे टेस्ट मैच खेलना है और लंबे समय तक गेंदबाजी करनी है। घुटने की चोट से उबरने के बाद मैदान पर लौटे जडेजा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दमदार वापसी करते हुए स्टीव स्मिथ और मार्नस लाबुशेन सहित पांच बल्लेबाजों को आउट किया। उनकी और रविचंद्रन अश्विन (42/3) की खतरनाक गेंदबाजी के दम पर भारत ने ऑस्ट्रेलिया को पहले दिन सिर्फ 177 रन पर ऑलआउट कर दिया। भारत ने रोहित शर्मा (56 नाबाद) के अर्द्धशतक के दम पर एक विकेट गंवाकर 77 रन बना लिये हैं और वह ऑस्ट्रेलिया की बढ़त समाप्त करने से सिर्फ 100 रन दूर है।

## भारतीय टीम से बाहर चल रहे मयंक अग्रवाल का धमाका, रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में जड़ा दोहरा शतक



भारतीय टीम से बाहल चल रहे ओपनर बल्लेबाज मयंक अग्रवाल शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में कर्नाटक की ओर से सौराष्ट्र के खिलाफ शानदार दोहरा शतक लगाया। उन्होंने 429 गेंद पर 249 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 28 चौके और छह छक्के लगाए। उनका प्रथम श्रेणी क्रिकेट में यह 15वां शतक है। वह इस रणजी सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज भी बन गए हैं। मयंक ने इस सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में दिल्ली के ध्रुव शोरे को पीछे छोड़ दिया। ध्रुव ने सात मैच की 12 पारियों में 859 रन बनाए थे। उनकी टीम टूनार्मेंट से बाहर हो चुकी है। मयंक के नौ मैच की 12 पारियों में 935 रन हो गए हैं। उन्होंने इस दौरान तीन शतक और पांच अर्धशतक लगाए हैं। मयंक का औसत 85.00 का रहा है। मयंक के शतक की बदौलत कर्नाटक ने पहली पारी में 407 रन बनाए। मयंक के अलावा विकेटकीपर बल्लेबाज श्रीनिवास शरथ ने 66 रनों का योगदान दिया। निकिन जोस ने 18, श्रेयस गोपाल ने 15 और विद्वत कावेरप्पा ने 15 रन बनाए। देवदत्त पडिक्कल नौ और मनीष पांडे सात रन ही बना सके। सौराष्ट्र के लिए पहली पारी में चेतन सकारिया और कुषांग पटेल ने तीन-तीन विकेट लिए।

## सीरीज के पहले दिन विवाद, ऑस्ट्रेलियाई मीडिया ने जडेजा के खिलाफ रची 'साजिश', वॉन-पेन ने किया समर्थन

**नागपुर।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चार मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला नागपुर में खेला जा रहा है। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी में जडेजा ने पांच विकेट लिए। यह उनके टेस्ट करियर का पांचवां फाइव विकेट हॉल (पारी में पांच विकेट) रहा। जडेजा ने मैच में 22 ओवर गेंदबाजी की और अपनी फिरकी में कंगारू बल्लेबाजों को उलझाए रखा। हालांकि, भारत-ऑस्ट्रेलिया टेस्ट या यूं कहें सीरीज के पहले दिन ही बड़ा विवाद सामने आ रहा है। रवींद्र जडेजा की गेंदबाजी से डरकर ऑस्ट्रेलियाई मीडिया ने उनके खिलाफ बड़ी साजिश रची है। इसका वीडियो भी खूब वायरल हो रहा है।



दरअसल, वीडियो में मैच के दौरान जडेजा मोहम्मद सिराज के हाथों से कुछ लेकर अपने अंगुलियों पर लगाते हुए दिख रहे हैं। यह बाम जैसी कोई चीज है। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया के मीडिया आउटलेट फॉक्स स्पोर्ट ने ट्वीट करते हुए इसका वीडियो पोस्ट किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा- मजेदार। एक विवाद शुरू हो गया है, जिसमें भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पहले टेस्ट के दौरान एक सवाल खड़े करने वाला मामला सामने आया।

इस ट्वीट और विवाद को इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन और ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान टिम पेन ने भी समर्थन दिया है। वॉन ने फॉक्स स्पोर्ट के ट्वीट को रीशेयर करते हुए लिखा- जडेजा अपने स्पिनिंग फिंगर पर यह क्या लगा रहे हैं? मैंने ऐसा पहले कभी नहीं दिखा। भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया। वहीं, टिम पेन ने लिखा- मजेदार। ऑस्ट्रेलियाई मीडिया, वॉन और पेन के बेबुनियाद ट्वीट से सोशल मीडिया पर बहस शुरू हो गई है, जबकि वीडियो में ऐसा कुछ भी नहीं है, जिससे विवाद हो।

आईसीसी के नियम के अनुसार गेंद पर कुछ भी लगाना मना है। वीडियो में जडेजा ऐसा कुछ करते हुए भी नहीं दिख रहे हैं। एक फिंगर स्पिनर जब गेंदबाजी करता है तो उसकी अंगुली में दर्द या स्किन का हट जाना आम बात है। ऐसे में हो सकता है कि जडेजा भी उसी स्थिति से गुजर रहे हों। ऐसे में सिराज उन्हें कोई क्रीम या बाम लाकर देते हैं।

इस पर भी ऑस्ट्रेलियाई मीडिया ने विवाद शुरू कर दिया है।

दरअसल, भारतीय खिलाड़ी पर आरोप लगाने वाली ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों पर खुद ही बॉल टेम्परिंग के आरोप लग चुके हैं। डेविड वॉर्नर, स्टीव स्मिथ और कैमरन बेनक्रॉफ्ट बॉल टेम्परिंग में फंस चुके हैं और सजा काट चुके हैं। वहीं, 2020/21 में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को उसके घर में चार मैचों की टेस्ट सीरीज में 2-1 से हराया था। इसके अलावा नागपुर में पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज कुछ खास नहीं कर सके और 177 रन पर ऑलआउट हो गए।

इन सभी मामलों से बौखलाई ऑस्ट्रेलियाई मीडिया को अब नया मुद्दा मिल चुका है। हाल ही में ऑस्ट्रेलियाई मीडिया और टीम ने पिच को लेकर भी विवाद खड़ा किया था। उनका आरोप था कि भारत ने पिच से जानबूझकर छेड़छाड़ ताकि टीम को मदद मिल सके। इस पर कई क्रिकेट एक्सपर्ट्स ने ऑस्ट्रेलियाई मीडिया और टीम की आलोचना की थी।

## सूर्या-भरत ने एक साथ डेब्यू कर रचा इतिहास, तोड़ दिया 71 साल पुराना यह अनोखा रिकॉर्ड



**नई दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट सीरीज के पहला टेस्ट नागपुर में खेला जा रहा है। पहले दिन के खेल खत्म होने तक भारतीय टीम का स्कोर 77/1 रहा। बता दें कि इस मैच में भारतीय टीम की तरफ से दो खिलाड़ियों ने डेब्यू किया, जिसमें सूर्यकुमार यादव और केएस भरत शामिल है। दरअसल, भारतीय टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में 71 साल बाद किसी टेस्ट में 29 साल से ज्यादा की उम्र के दो खिलाड़ियों को एक टेस्ट में डेब्यू करने का मौका मिला है।

दरअसल, ऑस्ट्रेलिया टीम के कप्तान पैट कमिंस ने पहले टेस्ट में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया ने 177 रन बनाए। इसके जवाब में भारत ने पहले दिन का खेल खत्म होने तक 1 विकेट के नुकसान पर 77 रन बना लिए हैं। ऑस्ट्रेलिया टीम 100 रनों से आगे चल रही है। इस मैच में टीम इंडिया के दो खिलाड़ियों को टेस्ट में डेब्यू करने का मौका मिला, जिनमें सूर्यकुमार यादव और केएस भरत का नाम शामिल है। बता दें कि भारतीय टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में 71 साल बाद 29 साल से ज्यादा की उम्र के दो खिलाड़ियों को एक ही टेस्ट में डेब्यू करने का मौका मिला है। केएस भरत ने टेस्ट के पहले दिन इस मौके को भुनाते हुए शानदार स्टंपिंग का नजारा पेश किया।

## केविन पीटरसन ने कहा- नियमों में बदलाव को लेकर एसए20 की राह पर चल सकता है आईपीएल

***पीटरसन ने कहा, मुझे नए नियमों से कोई समस्या नहीं है।***

***मुझे लगता है कि नए नियम बेहद अच्छे हैं। टॉस काफी अधिक भूमिका नहीं निभाता***



**जोहानिसबर्ग। इंग्लैंड** के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) एसए20 की राह पर चलते हुए इस नवीनतम टी20 लीग के नियमों में बदलाव को अपना सकता है और लीग को और अधिक रोमांचक बना सकता है। पीटरसन ने एसए20 लीग में लागू किए गए बदलावों का समर्थन किया है जिसमें टॉस के समय 13 खिलाड़ियों को नामित करना और फिर बाद में अंतिम एकादश का चयन शामिल है। पीटरसन ने कहा, मुझे नए नियमों से कोई समस्या नहीं है। मुझे लगता है कि नए नियम बेहद अच्छे हैं। टॉस काफी अधिक भूमिका नहीं निभाता। एसए20 खेल में जो नयापन लाया है वह मुझे पसंद है। मुझे लगता है कि यह शानदार है। उन्होंने कहा, बोनस अंक देना भी शानदार है। आप देख सकते हैं कि बोनस अंक यहां भूमिका निभा रहा है। मेरे कहने का मतलब है कि आप नियमों में बदलाव करना चाहते हैं जिससे कि यह सभी के लिए और अधिक रोमांचक बने। इंग्लैंड के अति आक्रामक रवैये और इससे टीम को मिली सफलता पर पीटरसन ने कहा कि भारत को भी इसी तरह से खेलने के बारे में सोचना चाहिए। उन्होंने कहा, यह मानसिकता है। मुझे लगता है कि उनके पास एक कोच है जो यह सुनिश्चित कर रहा है कि वे असफल होने से नहीं डरें। उन्हें असफलता की चिंता नहीं है। वे जब क्रीज पर होते हैं तो संभवतः आउट होने के बारे में नहीं सोचते। वे बस असफलता के डर के बिना खेलते हैं। पीटरसन ने कहा, मुझे लगता है कि भारत को भी ऐसा ही करना चाहिए। मुझे लगता है कि अच्छे खिलाड़ियों की मौजूदगी के बावजूद भारत बहुत धीमी बल्लेबाजी करता है। उनके पास खिलाड़ी हैं लेकिन फिर भी। उन्हें मैदान पर उसे दोहराना चाहिए जो इंग्लैंड कर रहा है। पीटरसन ने एक टी20 लीग फ्रेंचाइजी खरीदने की कोशिश की लेकिन धन की कमी के कारण सफल नहीं हो सके। हालांकि इस दिग्गज बल्लेबाज ने भविष्य में किसी टीम के स्वामित्व से इनकार नहीं किया। उन्होंने कहा, मैं बोली लगाने वालों में से एक था। हां, मैं किसी एक टीम को खरीदना चाहता था। लेकिन मेरे पास टीम का मालिक होने के लिए पर्याप्त धन नहीं था। यह पूछे जाने पर कि क्या क्रिकेट का खेल एकदिवसीय प्रारूप के बिना बेहतर होगा, विशेषकर द्विपक्षीय मुकाबलों के बिना तो पीटरसन ने कहा कि फिलहाल किसी निश्चित निष्कर्ष पर पहुंचना मुश्किल है। उन्होंने कहा, हम यह नहीं कह सकते कि वनडे के बिना क्रिकेट बेहतर होगा क्योंकि हम अभी तक उस स्थिति में नहीं पहुंचे हैं। लेकिन हम भविष्य में ऐसा देख सकते हैं, हालांकि विश्व कप अभी काफी लुभावाना टूनार्मेंट है। सबसे छोटे प्रारूप के बारे में बात करते हुए पीटरसन ने कहा कि मनोरंजन के अलावा मुख्य रूप से इससे जुड़े पैसे के कारण यह प्रारूप बना रहेगा। उन्होंने कहा, यह यहां रहने के लिए है, टी20 में बहुत अधिक पैसा है। अब 50 ओवर का प्रारूप क्रिकेट के बहुत लंबे दिन की तरह लगता है। मुझे नहीं लगता कि आपको 50 ओवर के खेल में उतना मनोरंजन मिलता है जितना आपको टी20 में मिलता है। इस पर गौर करने की जरूरत है। पीटरसन ने कहा, मैं टेस्ट क्रिकेट के लिए भी डरता हूं। और मैं लंबे समय से कह रहा हूं कि मैं टेस्ट क्रिकेट को लेकर चिंतित हूं और मुझे लगता है कि जो तत्काल संतुष्टि हम सभी चाहते हैं वह टेस्ट क्रिकेट को नुकसान पहुंचा सकती है।

## 'विश्वास करना मुश्किल...', नागपुर टेस्ट में ट्रेविस हेड को नहीं खिलाने से मैथ्यू हेडन और स्टीव वॉ हैरान



**नागपुर।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान मैथ्यू हेडन और स्टीव वॉ ने भारत के खिलाफ पहले टेस्ट की टीम से ट्रेविस हेड को बाहर किए जाने पर हैरानी जताई। हेडन ने कहा कि यह बल्लेबाज स्वयं भी यह जानने के बाद हैरान था कि वह नहीं खेल रहा। ऑस्ट्रेलियाई टीम प्रबंधन ने 2021-22 एशेज श्रृंखला के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी हेड की जगह दाएं हाथ के बल्लेबाज पीटर हैंड्सकॉम्ब को चुना। हेड को नहीं खिलाने का कारण संभवतः यह था कि वह बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं। मैच के लिए अंतिम एकादश की घोषणा के बाद फॉक्स क्रिकेट पर हेडन के हवाले से कहा गया, मुझे इस पर (हेड को बाहर करने पर) विश्वास नहीं हो रहा। मार्क वॉ उसके साथ बैठे थे और हेड को भी इस पर विश्वास नहीं हो रहा था। हेडन ने कहा, मेरे लिए वह गर्मियों के सत्र का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी था। मुझे पता है कि ब्रिसबेन के गाबा में पूरी तरह से अलग परिस्थितियां थी लेकिन ब्रिसबेन में उसके 90 रन (दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ) शानदार थे। उसने ऐसे रन बनाए जैसे वह सपाट विकेट था लेकिन ऐसा नहीं था। वह घास से भरी हरी पिच थी। स्टीव वॉ ने महसूस किया कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के चयनकताओं के अध्यक्ष जॉर्ज बेली और मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने शायद विकेट को लेकर हो रही चर्चा को अधिक तवज्जो दे दी। स्टीव वॉ ने इंस्टाग्राम पर लिखा, विश्वास करना मुश्किल है कि हम दुनिया में चौथे नंबर के टेस्ट बल्लेबाज को बाहर कर सकते हैं और शायद पिछले 12 महीनों में हमारे सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज को और साथ ही वह औसत ऑफ स्पिन से बेहतर गेंदबाजी करता है। इंतजार करते हैं और देखते हैं। शायद ऑस्ट्रेलिया के चयनकर्ता जीनियस हैं।

# स्वास्थ्य कर्मियों पर हमलों को लेकर रास में जताई गई चिंता, कानून को कठोर बनाने की हुई मांग

## द्रमुक सदस्य तिरुचि शिवा ने कहा, करीब 70 फीसदी स्वास्थ्य कर्मियों को कभी न कभी हिंसा का सामना करना पड़ा है और ज्यादातर मामलों में यह हिंसा मरीजों के परिजन की ओर से की गई



नई दिल्ली। स्वास्थ्य कर्मियों पर हमले की घटनाओं पर चिंता जताते हुए बृहस्पतिवार को द्रविड़ मुनेत्र कषगम के एक सदस्य ने राज्यसभा में कहा कि अपनी जान जोखिम में डाल कर, निस्वार्थ सेवाएं देने वालों पर ऐसे हमले रोकने के लिए कानून में कड़े प्रावधान किए जाने चाहिए। उच्च सदन में शून्यकाल के दौरान यह मुद्दा उठाते हुए द्रमुक सदस्य तिरुचि शिवा ने कहा कि भारतीय चिकित्सा संघ (इंडियन मेडिकल एसोसिएशन) के एक सर्वे में बताया गया है कि करीब 70 फीसदी स्वास्थ्य कर्मियों को कभी न कभी हिंसा का सामना करना पड़ा है और ज्यादातर मामलों में यह हिंसा मरीजों के परिजन की ओर से की गई। उन्होंने कहा स्वास्थ्य कर्मी निस्वार्थ हो कर काम करते हैं। कोविड काल में हमने देखा कि किस तरह स्वास्थ्य कर्मियों ने अपनी जान जोखिम में डाल कर लोगों के इलाज में कोई कमी नहीं आने दी। इन स्वास्थ्य कर्मियों में डॉक्टर, नर्स और स्वास्थ्य के क्षेत्र से जुड़े अन्य लोग आते हैं जो सम्मान और सुरक्षा के हकदार हैं। शिवा ने कहा कि स्वास्थ्य कर्मियों के खिलाफ हिंसा के मामले बढ़ रहे हैं जो चिंताजनक हैं। उन्होंने मांग की कि अस्पतालों में उनकी सुरक्षा के लिए अनुकूल माहौल होना चाहिए, वहां सीसीटीवी कैमरों का इंतजाम होना चाहिए और साथ ही जागरुकता अभियान भी चलाया जाना चाहिए ताकि स्वास्थ्य कर्मियों के खिलाफ किसी तरह की हिंसा न हो। उन्होंने कहा जरूरत होने पर कानून में आवश्यक संशोधन भी किया जाए और कठोर प्रावधान शामिल किया जाना चाहिए। शून्यकाल में ही राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की डॉ फौजिया खान ने वायु गुणवत्ता से जुड़ा मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि उत्तर पश्चिमी हवाएं अपने साथ प्रदूषक ले कर आती हैं जो सांस के साथ अंदर जाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदूषण के कारण श्वास नली में संक्रमण और हृदय संबंधी बीमारी के बढ़ते मामलों को लेकर डॉक्टर भी चिंतित हैं। उन्होंने मांग की कि स्वास्थ्य संबंधी अवसंरचना को इन समस्याओं से निपटने के लिए मजबूत बनाना चाहिए, साथ ही जागरुकता अभियान चलाया जाना चाहिए ताकि लोग वायु प्रदूषण से अपना बचाव भी कर सकें। निर्दलीय सदस्य कार्तिकेय शर्मा ने निजी अस्पतालों में इलाज का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि महंगा इलाज करने वाले ये अस्पताल मरीजों के अधिकारों को नजर अंदाज करते हैं। उन्होंने कहा कि जब तक भारी-भरकम बिल का भुगतान न हो, तब तक ये अस्पताल मरीज को डिस्चार्ज नहीं करते। उन्होंने कहा यहां तक कि, मरीज की मृत्यु होने के बाद भी पूरा भुगतान लिए बिना, शव नहीं ले जाने दिया जाता। लगातार ऐसी खबरें आती हैं और लोग इन पर अपना गुस्सा भी जाहिर करते हैं। लेकिन यह सिलसिला थमता नजर नहीं आता। उन्होंने मांग की कि ऐसे नियम बनाए जाने चाहिए कि निजी अस्पताल मरीजों के अधिकारों का हनन न करें और संवेदनहीन न बनें। मनोनीत सदस्य डॉ धर्मस्थल वीरेंद्र हेगड़े ने आयुर्वेद से जुड़ा मुद्दा उठाया। उन्होंने मांग की कि स्वस्थ जीवन शैली के लिए आयुर्वेद और योग का प्रचार करना चाहिए, साथ ही लोगों और स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए।

### चुनावी साल में सीएम अशोक गहलोत शुक्रवार को पेश करेंगे बजट

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत शुक्रवार को अगले वित्त वर्ष का बजट पेश करेंगे। चुनावी साल में आ रहा 'बचत, राहत एवं बढ़त' थीम वाला यह बजट युवाओं और महिलाओं पर केंद्रित होगा। गहलोत ने बृहस्पतिवार को ट्वीट किया, बचत, राहत, बढ़त.. आ रहा है। 10 फरवरी को पूर्वाह्न 11 बजे राजस्थान बजट पेश किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि गहलोत के पास वित्त विभाग भी है। उनका यह मौजूदा कार्यकाल का पांचवां एवं अंतिम बजट होगा। राज्य में इस साल के आखिर में विधानसभा चुनाव होने हैं। गहलोत कह चुके हैं कि आगामी (वित्त वर्ष 2023-24) बजट युवाओं एवं महिलाओं पर केंद्रित होगा और राज्य के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करेगा। जानकारों के अनुसार इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर ऐसा माना जा रहा है कि बजट में सरकार युवाओं और समाज कल्याण के लिए कई नई योजनाएं और कार्यक्रम पेश कर सकती है। मुख्यमंत्री पहले ही ऐलान कर चुके हैं कि राज्य सरकार महंगाई के असर को कम करने के लिए गरीब परिवारों को 500 रुपये प्रति सिलेंडर की दर से साल में 12 सिलेंडर देगी।

### नेपोटिज्म की बच्ची कहने पर छलका जाह्नवी कपूर का दर्द, बोली- हां मैं मानती हूं...



नई दिल्ली। फिल्म धड़क से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर आज फिल्म इंडस्ट्री की टॉप एक्ट्रेस की लिस्ट में शुमार हैं। पिछले 5 साल के करियर में जाह्नवी कपूर अब तक कई फिल्मों में नजर आ चुकी हैं और अदाकार ने अपनी एक्टिंग से लोहा मनवाया है। हालांकि फिर भी सोशल मीडिया पर काफी ट्रोल होती हैं, जिसका दर्द उन्होंने अब खुद शेयर किया है। जाह्नवी कपूर ने एक इंटरव्यू में अपने करियर पर खुलकर बातें की और कहा कि- 'लोग समझते हैं कि स्टार किड होने से मुझे आसानी से मौके मिलते हैं, लेकिन मैं इस वजह से काफी नुकसान में हूं। एक्ट्रेस ने कहा- जब मैं अपने किरदार के लिए कड़ी मेहनत करती हूं, दूसरी तरफ मानसिक उथल-पुथल से गुजर रही होती हूं। ऐसे में सोशल मीडिया पर एक्टिंग स्किल्स पर लोग सवाल उठाते है या 'नेपोटिज्म की बच्ची...' जैसे कमेंट्स करते हैं। ऐसे में बहुत दुख होता है।' आगे जाह्नवी कपूर ने कहा, 'लोग अनुमान लगाते हैं कि मुझे सब कुछ बहुत आसानी से मिल गया है, लेकिन मेहनत करना मेरी प्राथमिकता रही है। मैं अपनी मां की विरासत को जीना चाहती हूं, यह घमंड की बात नहीं है, बल्कि यह मेरी इच्छा है।'

## खास खबर

### लखनऊ: एसटीएफ ने तीन लोगों को 16.5 किलोग्राम चरस के साथ किया गिरफ्तार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने तीन लोगों को करीब 80 लाख रुपये मूल्य की 16.5 किलोग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। एसटीएफ ने एक बयान में बृहस्पतिवार को बताया कि बुधवार को कानपुर के ग्रीनपार्क स्टेडियम द्वार पर अमित, शिवम कश्यप और सूरज कुमार को 16.5 किलोग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया गया। इसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 80 लाख रुपये मूल्य है।

### पुंछ में एक गुप्त ठिकाने से गोला-बारूद, विस्फोटक सामग्री बरामद

पुंछ/जम्मू। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में सुरक्षा बलों ने बृहस्पतिवार को एक गुप्त ठिकाने का भंडाफोड़ किया और गोला-बारूद तथा विस्फोटक सामग्री बरामद की। सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सेना की सहायता से पुलिस की एक टीम ने नाका मंजरी इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया। टीम ने गुप्त ठिकाने का भंडाफोड़ करते हुए गोला-बारूद तथा विस्फोटक सामग्री बरामद की। अन्य सामग्री बरामद की गई।

### बर्फ से ढके किश्तवाड़ से गर्भवती महिला को निकाला

जम्मू। जम्मू-कश्मीर में बर्फ से ढके किश्तवाड़ जिले के नवापाची इलाके से भारतीय सेना के जवानों ने गुरुवार को भारतीय वायु सेना के साथ मिलकर गंभीर हालत में एक गर्भवती महिला को निकाल कर अस्पताल पहुंचाया। रक्षा प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल देवेंद्र आनंद ने यहां बताया कि महिला को किश्तवाड़ शहर में स्थानांतरित किया, जहां उसका उपचार जिला अस्पताल में किया जा रहा है। उन्होंने कहा, भारतीय सेना इस चुनौतीपूर्ण क्षेत्र में लोगों को उनकी परेशानियों से निजात दिलाने में मदद कर रही है, जहां बेहद खराब मौसम और कठिन परिस्थिति बनी हुई है।

## सुक्खू सरकार का बड़ा फैसला, पोस्टिंग वाले स्थानों पर अब अफसर नहीं खरीद सकेंगे भूमि-फ्लैट

**फरवरी 2016 से पोस्टिंग वाले स्थानों पर भूमि और फ्लैट की खरीद की अफसरों को छूट दी थी**




नई दिल्ली। हिमाचल प्रदेश में मंडलायुक्त, डीसी, एसपी सहित 50 से अधिक श्रेणी के अफसर अब अपनी पोस्टिंग वाले स्थानों पर भूमि और फ्लैट नहीं खरीद सकेंगे। सरकार ने इस संबंध में 15 फरवरी 2016 को जारी निर्देशों को रद्द करने और 12 जनवरी 1996, 16 अगस्त 1997 और 26 सितंबर 2012 के निर्देशों को बहाल करने का निर्णय लिया है। नए निर्देशों के अनुसार कोई भी अधिकारी अब अपने नाम या परिवार के किसी सदस्य के नाम पर तैनाती के संबंधित क्षेत्राधिकार में भूमि, भवन-अचल संपत्ति नहीं खरीद सकता है। साथ ही, जिन अधिकारियों का तबादला कर दिया गया है, उन्हें भी हाल ही के अधिकार क्षेत्र के भीतर भूमि, भवन व अचल संपत्ति खरीदने की अनुमति नहीं दी जाएगी। खरीद विलेख को पद का प्रभार छोड़ने की तारीख से दो वर्ष की अवधि तक संबंधित अधिकारी व उसके परिवार के सदस्य के नाम पर पंजीकृत करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। कार्मिक विभाग ने सभी प्रशासनिक सचिवों, सभी विभागाध्यक्षों, मंडलीय आयुक्त व डीसी को इन संशोधित निर्देशों की कड़ाई से अनुपालन के लिए सभी संबंधितों के ध्यान में लाने को कहा है। इन निर्देशों को कार्मिक विभाग की वेबसाइट पर भी देखा जा सकता है। प्रदेश में फरवरी 2016 से पोस्टिंग वाले स्थानों पर भूमि और फ्लैट की खरीद की अफसरों को छूट दी थी। इस दौरान कई अफसरों ने प्रदेश में जगह-जगह अचल संपत्ति खड़ी कर दी है। उद्योग, श्रम, राजस्व, कृषि, जल शक्ति और कर एवं आबकारी विभाग के कई अधिकारी भूमि और फ्लैट खरीदने वालों में सबसे आगे हैं। इन सब मामलों पर संज्ञान लेते हुए प्रदेश सरकार ने अब सख्ती बरतना शुरू कर दी है।

### कर्नाटक के शिमोगा एयरपोर्ट का नाम इस पूर्व सीएम के नाम पर रखा जाएगा, बोम्मई ने किया ऐलान

बेंगलुरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने कहा है कि राज्य के मंत्रिमंडल ने शिमोगा एयरपोर्ट का नाम राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री बी.एस. येदियुरप्पा के नाम पर रखने का फैसला किया है। गौरतलब है, राज्य सरकार ने पिछले साल भी येदियुरप्पा के नाम पर इस एयरपोर्ट का नाम रखने का प्रस्ताव दिया था लेकिन उन्होंने इसके लिए मना कर दिया था। मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने कहा कि मंत्रिमंडल ने पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता बीएस येदियुरप्पा के नाम पर शिवमोगा हवाई अड्डे का नाम रखने का फैसला किया है और प्रस्ताव को मंजूरी के लिए केंद्र को भेजा जाएगा। विभिन्न विकास कार्यों की आधारशिला रखते हुए उन्होंने कहा कि यह येदियुरप्पा के प्रयासों के कारण है कि केवल 18 महीनों में हवाई अड्डे का निर्माण किया गया है। एक बार जब हवाईअड्डा चालू हो जाएगा, तो यह क्षेत्र में शिक्षा, उद्योग, पर्यटन और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 27 फरवरी को इसका उद्घाटन करेंगे।

# मॉस्को में पुतिन से मिले डोभाल: एनएसए बोले- लश्कर-जैश जैसे आतंकियों से मिलकर निपटें

## भारत-रूस की रणनीतिक साझेदारी पर भी चर्चा



मास्को। एनएसए अजित डोभाल ने गुरुवार को मॉस्को में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन से मुलाकात की। दोनों ने भारत और रूस के बीच रणनीतिक भागीदारी और आपसी संबंधों पर चर्चा की। मॉस्को में भारतीय दूतावास ने जानकारी दी कि इस दौरान एनएसए ने लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद और दाएश जैसे आतंकी संगठनों से निपटने के लिए इंटेलिजेंस और सिक्योरिटी अलायंस पर जोर दिया। अजित डोभाल अफगानिस्तान पर सुरक्षा परिषदों के सचिवों की पांचवीं बैठक में शामिल होने मॉस्को पहुंचे हैं। डोभाल ने कहा- अफगानिस्तान एक कठिन दौर से गुजर रहा है और जरूरत के समय भारत, अफगानिस्तान के लोगों को अकेला नहीं छोड़ेगा। भारत ने संकट के समय 40 हजार मीट्रिक टन गेहूं, 60 टन दवाइयां और पांच लाख कोविड टीके अफगानिस्तान भेजे हैं। एनएसए डोभाल ने कहा- अफगानिस्तान के लोगों की भलाई और मानवीय जरूरतें भारत की प्रायोरिटी है। आतंकवाद बड़ा खतरा बन गया है। हम नहीं चाहते कि कोई भी देश अफगानिस्तान के रास्ते आतंकवाद फैलाए। अफगानिस्तान के नेचुरल रिसोर्सेज का इस्तेमाल उसके नागरिकों के वेलफेयर के लिए किया जाना चाहिए। भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने पिछले साल अगस्त में रूस के एनएसए निकोलाई पत्रुशेव से मुलाकात की थी। इस दौरान अफगानिस्तान, आतंकवाद और रूस-यूक्रेन जंग पर बातचीत हुई थी। तालिबान ने पिछले साल 15 अगस्त को काबुल पर कब्जे के साथ ही पूरे अफगानिस्तान पर हुकूमत कायम कर ली थी। अब तक किसी देश ने इस हुकूमत को मान्यता नहीं दी है। तालिबानी कब्जे के बाद देश के हालात बदतर हो गए हैं। वहां आर्थिक और मानवाधिकार संकट बढ़ रहा है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार के मुताबिक देश के 2 करोड़ 83 लाख लोग, यानी करीब दो तिहाई आबादी को जिंदा रहने के लिए तुरंत मदद की जरूरत है। अफगानिस्तान सरकार को खर्च चलाने के लिए अमेरिका समेत दूसरे देशों से 75% से भी ज्यादा फंड मिलता था, लेकिन 2021 में करीब 20 साल बाद अमेरिका ने अफगानिस्तान से अपनी सेना वापस बुला ली। इस फैसले के बाद फंडिंग की व्यवस्था चरमरा गई। हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि मानवीय आधार पर आर्थिक मदद दे सकते हैं, लेकिन सीधे तौर पर कोई इकोनॉमिक सपोर्ट या सेंट्रल बैंक के असेट्स को डीफ्रीज करने का फैसला तालिबान के रवैए पर निर्भर होगा। तालिबान के कब्जे के बाद अफगानिस्तान के सेंट्रल बैंक की करीब 10 अरब डॉलर की संपत्तियां विदेशों में फ्रीज कर दी गई थीं। इंटरनेशनल मॉनिटरी फंड ने भी 44 करोड़ डॉलर का इमरजेंसी फंड ब्लॉक कर दिया। ऐसे में संयुक्त राष्ट्र ने कहा था कि अफगानिस्तान इस वक्त करेंसी की वैल्यू में गिरावट, खाने-पीने की चीजों, पेट्रोल-डीजल की कीमतों में भारी इजाफा और प्राइवेट बैंकों में नकदी की कमी जैसे संकटों का सामना कर रहा है। यहां तक कि संस्थाओं के पास स्टाफ को वेतन देने तक के पैसे नहीं हैं।

## साल 2011 के बाद 16 लाख से अधिक लोगों ने छोड़ी भारतीय नागरिकता

**राज्यसभा में विदेश मंत्री ने दी जानकारी**



नई दिल्ली। साल 2011 के बाद से 16 लाख से अधिक भारतीयों ने अपनी भारतीय नागरिकता छोड़ी है। केंद्र सरकार ने सरकारी आंकड़ों के हवाले से गुरुवार को राज्यसभा को यह जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने क्रमबद्ध तरीके से नागरिकता छोड़ने वाले भारतीयों को हर साल का आंकड़ा पेश किया। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक सवाल के लिखित जवाब में कहा कि साल 2011 के बाद से 16 लाख से अधिक भारतीयों ने अपनी भारतीय नागरिकता छोड़ी है, जिसमें पिछले साल 2,25,620 शामिल थे, जो इस अवधि के दौरान सबसे अधिक थे, जबकि 2020 में सबसे कम 85,256 थे। उन्होंने बताया कि साल 2015 में भारतीय नागरिकता छोड़ने वाले भारतीयों की संख्या 1,31,489 थी, जबकि 2016 में 1,41,603 लोगों ने नागरिकता छोड़ी और 2017 में 1,33,049 लोगों ने नागरिकता छोड़ी। उनके मुताबिक 2018 में यह संख्या 1,34,561 थी, जबकि 2019 में 1,44,017, 2020 में 85,256 और 2021 में 1,63,370 भारतीयों ने अपनी नागरिकता छोड़ दी थी। मंत्री के अनुसार, 2022 में यह संख्या 2,25,620 थी। जयशंकर ने कहा कि संदर्भ के लिए 2011 के आंकड़े 1,22,819 थे, जबकि 2012 में यह 1,20,923, 2013 में 1,31,405 और 2014 में 1,29,328 थे। वर्ष 2011 के बाद से भारतीय नागरिकता छोड़ने वाले भारतीयों की कुल संख्या 16,63,440 है।

## छत्तीसगढ़ में सड़क हादसे में 7 स्कूली बच्चों की मौत: ट्रक ने बच्चों को ले जा रहे ऑटो को मारी टक्कर, ड्राइवर और 8 बच्चे सवार थे

**भीषण हादसे में ऑटो के परखच्चे उड़े, बच्चे बीएसएनएन डिजिटल पब्लिक स्कूल में पढ़ते थे, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जताया शोक**



नई दिल्ली। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के कोरर के पास भीषण सड़क हादसे में 7 स्कूली बच्चों की मौत हो गई है। स्कूल की छुट्टी होने के बाद ऑटो चालक 8 बच्चों को लेकर जा रहा था, तभी एक ट्रक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए। बच्चे बीएसएनएन डिजिटल पब्लिक स्कूल में पढ़ते थे। हादसा गुरुवार को कोरर के चिलहटी चौक के पास हुआ। सभी बच्चों की उम्र 5 से 8 साल के बीच थी। 2 बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं 5 बच्चों ने कोरर अस्पताल में दम तोड़ा। ड्राइवर और एक बच्चे की हालत गंभीर है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। शवों का पोस्टमॉर्टम कराकर उन्हें परिजनों को सौंपा जाएगा। इधर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कांकेर के कोरर चिलहटी चौक पर ऑटो और ट्रक की टक्कर से 7 स्कूली बच्चों की आकस्मिक मौत पर दुख जताते हुए ट्वीट किया है। उन्होंने लिखा कि समाचार बेहद दुःखद है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा हर मुमकिन मदद दी जा रही है। ईश्वर परिवारजनों को हिम्मत दे। प्रशासन को हरसंभव मदद के निर्देश दिए गए हैं। बच्चे बीएसएनएन डिजिटल पब्लिक स्कूल में पढ़ते थे। सभी बच्चों के परिजनों को सूचना दे दी गई है। बच्चे प्राइमरी कक्षा में पढ़ते थे। पुलिस-प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे हुए हैं। कांकेर एएसपी अविनाश ठाकुर ने बताया कि ट्रक भानुप्रतापपुर की ओर से आ रहा था। ट्रक ड्राइवर फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है, वहीं ट्रक को जब्त कर लिया गया है।

## पक्षियों के विमानों से टकराने की घटनाओं को रोकने के उपाय किए जा रहे हैं : ज्योतिरादित्य सिंधिया

**उपायों में पक्षियों को भगाने वाला यंत्र, साउंड गन और अन्य तरीके शामिल**



नई दिल्ली। केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बृहस्पतिवार को कहा कि हवाई अड्डों पर पक्षियों के विमानों से टकराने की घटनाओं को रोकने के लिए सभी उपाय किए गए हैं। उन्होंने कहा कि हवाई अड्डों साफ-सुथरा रखने की जरूरत होती है। मंत्री ने कहा कि विमानों से पक्षियों के टकराने के मामले सामने आते रहते हैं। हवा में विमान के उतरते समय इस तरह की घटनाएं अधिक होती हैं। सिंधिया ने कहा, हमने हवाई अड्डों पर पक्षियों के विमान से टकराने के मामलों को रोकने के सभी उपाय किए हैं। इन उपायों में पक्षियों को भगाने वाला यंत्र, साउंड गन और अन्य तरीके शामिल हैं। सिंधिया ने यहां संवाददाताओं को वन्यजीव संरक्षण के लिए पिछले लगभग नौ वर्षों में सरकार की तरफ से उठाए गए कदमों के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा, पक्षी कुछ स्थानों, विशेष रूप से हवाई अड्डों पर इसलिए आते हैं क्योंकि वे उस स्थान पर अपना घर बनाने के बजाय कुछ वस्तुओं की ओर आकर्षित होते हैं। इसलिए ऐसे स्थानों को साफ रखना महत्वपूर्ण है। पक्षियों को आने से रोकने के लिए सभी कदम उठाए जाने चाहिए क्योंकि इससे विमान के लिए खतरा पैदा हो सकता है।

# त्रिपुरा विधानसभा चुनाव 2023 : बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने जारी किया पार्टी का घोषणापत्र, बोले- भाजपा की प्रतिबद्धताओं को समझते हैं लोग


**नड्डा ने कहा कि त्रिपुरा कभी नाकाबंदी और उग्रवाद के लिए जाना जाता था, लेकिन अब राज्य शांति, समृद्धि और विकास के लिए जाना जाता है।**




अगरतला (त्रिपुरा)। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अगरतला में पार्टी का घोषणापत्र जारी किया। इस दौरान उनके साथ त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा उपस्थित रहे। इससे पहले जेपी नड्डा ने उदयपुर स्थित गोमती में त्रिपुर सुंदरी मंदिर के दर्शन किए और पूजा की। बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा, संकल्प पत्र की चर्चा के साथ ही इसके महत्व की भी चर्चा करता हूं। दूसरी पार्टी घोषणा पत्र लाती है तो उसे उनकी पार्टी के लोग ही महत्व नहीं देते लेकिन बीजेपी कोई प्रतिबद्धता देती है तो उसे लोग समझते हैं, देश के लोग इंतजार करते हैं कि बीजेपी का संकल्प पत्र क्या होगा। 70 साल में कभी आपने सुना था कि नेता अपना रिपोर्ट कार्ड लेकर आता है। लेकिन जब भाजपा का नेता सामने आता है तो अपना रिपोर्ट कार्ड लेकर आता है और आगे का रोडमैप बताता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि त्रिपुरा कभी नाकाबंदी और उग्रवाद के लिए जाना जाता था, लेकिन अब राज्य शांति, समृद्धि और विकास के लिए जाना जाता है। त्रिपुरा में अब तक 13 लाख आयुष्मान भारत स्वास्थ्य कार्ड दिए गए हैं, जिसमें सेटलमेंट में 107 करोड़ रुपये दिए गए हैं। भाजपा ने गुरुवार को वादा किया कि त्रिपुरा में लगातार दूसरी बार सत्ता में आने पर वह आदिवासी क्षेत्रों के लिए अधिक स्वायत्तता, किसानों की आर्थिक सहायता और रबर आधारित उद्योग के विशिष्ट-विनिर्माण क्षेत्रों में वृद्धि करेगी। राज्य में 16 फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने पार्टी का घोषणापत्र जारी करते हुए कहा कि धार्मिक गुरु अनुकूल चंद्र के नाम पर सभी के लिए पांच रुपये की भोजन योजना शुरू करने के साथ ही अगरतला में एक क्षेत्रीय चिकित्सा विज्ञान संस्थान की स्थापना भी की जाएगी। नड्डा ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम त्रिपुरा को डीटीएच - विकास (डिवलपमेंट), परिवर्तन (ट्रांसफॉर्मेशन) और सद्भाव (हार्मनी) के रास्ते पर ले जाएंगे। घोषणापत्र में कहा गया है कि प्रत्येक बालिका को 50,000 रुपये का बालिका समृद्धि बांड दिया जाएगा, जबकि आदिवासी भाषा कोकबोरोक को सीबीएसई और आईसीएसई पाठ्यक्रम में विषय के रूप में शामिल किया जाएगा। नड्डा ने कहा, हम रबर और बांस पर आधारित उद्योग-विशिष्ट विनिर्माण क्षेत्र स्थापित करेंगे। 6,000 रुपये की प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि को बढ़ाया जाएगा और राज्य सरकार द्वारा 2,000 रुपये और प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा सत्ता में वापस आती है, तो आदिवासी क्षेत्रों के लिए विधायी, कार्यकारी और वित्तीय शक्तियों सहित अधिक स्वायत्तता दी जाएगी।



**हिमाचल प्रदेश में येलो अलर्ट के बीच गुरुवार को रोहतांग, कुंजुम दर्रा, अटल टनल सहित ऊंची चोटियों पर ताजा बर्फबारी हुई। राजधानी शिमला में दिन भर बादल छाए रहे। शुक्रवार को भी प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में बारिश और बर्फबारी का पूर्वानुमान जारी हुआ है। कुल्लू-लाहौल में हिमस्खलन की चेतावनी भी जारी हुई है। 11 फरवरी तक मौसम खराब रहने का पूर्वानुमान है। 12 फरवरी से प्रदेश में मौसम साफ रहने की संभावना है। गुरुवार शाम तक प्रदेश में 132 सड़कों पर आवाजाही ठप रही।**



**सेंसेक्स**
142 अंकों की तेजी के साथ 60,806 के स्तर पर



**सोना**
सोना वायदा 0.56 प्रतिशत की बढ़त के साथ 56,900 रुपये पर

# लगातार दूसरे दिन शेयर बाजार में तेजी:सेंसेक्स 142 अंक बढ़कर 60,806 पर बंद, निफ्टी 21 अंक चढ़ा

## अडाणी एंटरप्राइजेज 11% टूटा, बजाज फिनसर्व-हिंडाल्को टॉप गेनर

**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार में हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन, यानी गुरुवार (9 फरवरी 23) को तेजी देखने को मिली। सेंसेक्स 142 अंकों की तेजी के साथ 60,806 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी भी 21 अंक बढ़कर 17,893 के स्तर पर आ गया है। लगातार दूसरे दिन बाजार में यह तेजी आई है। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 20 शेयरों में तेजी और सिर्फ 10 शेयरों में गिरावट रही।



वहीं अडाणी ग्रुप की कंपनियों के शेयरों में जबरदस्त उतार-चढ़ाव देखने को मिला। अडाणी विल्मर 5% चढ़ा है। ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज का शेयर 11.19% की गिरावट के साथ 1,922 रुपए पर बंद हुआ। इसके अलावा अडाणी पोर्ट्स 2.94%, टोटल गैस, पावर और ग्रीन 5-5% टूटा है।

अडाणी ग्रुप की हाल ही में खरीदी गई कंपनी एनडीटीवी में 4.98%, एसीसी में 3.03% और अंबुजा सीमेंट में 6.86% की गिरावट आई है। 24 जनवरी को हिंडनबर्ग की रिपोर्ट सामने आने के बाद से अडाणी ग्रुप के शेयरों में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है।

बजाज फिनसर्व, हिंडाल्को, एचडीएफसी लाइफ, एशियन पेंट्स, इंडसइंड बैंक, बजाज फाइनेंस, इंफोसिस और एसबीआई लाइफ समेत निफ्टी-50 के 25 शेयरों में तेजी रही। अडाणी एंटरप्राइजेज, अडाणी पोर्ट्स, हीरो मोटोकॉर्प, सिप्ला, जेएसडब्ल्यू स्टील, भारती एयरटेल और अल्ट्रा टेक सीमेंट समेत 25 शेयरों में ही गिरावट देखने को मिली है।

एनएसई के 11 सेक्टोरल इंडेक्स में से 5 में तेजी और 6 में गिरावट देखने को मिली। बैंक, फाइनेंशियल सर्विसेज, आईटी, मीडिया और प्राइवेट बैंक सेक्टर में मामूली तेजी रही। वहीं मेटल सेक्टर में सबसे ज्यादा 1.58% की गिरावट आई है। इसके अलावा ऑटो, एफएमसीजी फार्मा, पीएसयू बैंक और रियल्टी सेक्टर में भी गिरावट देखने को मिली।

निफ्टी के टॉप गेनर्स शेयरों में बजाज फिनसर्व और हिंडाल्कों में दो-दो प्रतिशत की बढ़त आई। आईआरसीटीसी के शेयर अच्छे नतीजों के बाद 1.5% के ऊपर बंद हुए। बीएसई के आंकड़ों के अनुसार एक्सचेंज में 3613 शेयरों का लेन-देन किया गया। इनमें से करीब 1711 शेयर सपाट कारोबारी सेशन के बावजूद हरे निशान पर बंद होने में सफल रहे। इनमें से 172 शेयर गुरुवार के कारोबारी सेशन के दौरान अपर सर्किट लगाने में सफल रहे। बीएसई के लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप इस दौरान 268.48 करोड़ रुपये हो गया है।

### *बुधवार को भी तेजी में बंद हुआ था बाजार*

इससे पहले शेयर बाजार में हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन, यानी बुधवार (8 फरवरी 23) को भी तेजी रही थी। सेंसेक्स 378 अंकों की तेजी के साथ 60,664 के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी 150 अंकों की तेजी के साथ 17,872 के स्तर पर पहुंच गया था।

## पेमी यूपी में करेगा 200 करोड़ का निवेश दो हजार को मिलेगी नौकरी

**गोरखपुर।** फिनटेक के क्षेत्र में देश में तेजी से उभरते पेमी ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है। कंपनी ने उत्तर प्रदेश सरकार के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किया है। मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग के तहत पेमी यमुना अथॉरिटी में 200 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। निवेश के जरिये करीब दो हजार युवाओं को रोजगार मिलेगा। फोकस प्रशिक्षण और स्किल विकसित करने के संसाधनों पर होगा। समझौते पर आठ फरवरी 2023 को यमुना अथॉरिटी के ऑफिस में हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर प्रदेश सरकार की ओर से यूपी इनवेस्टर्स समिट के नोडल ऑफिसर व यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रीयल डेवलपमेंट अथॉरिटी के ओएसडी शैलेंद्र भाटिया और पेमी की तरफ से कंपनी के डायरेक्टर मानव मुंजाल व एचआर के वाइस प्रेसीडेंट विशाल रंजन मौजूद रहे। पेमी के संस्थापक व सीईओ महेश शुक्ला ने प्रदेश से अपने जुड़ाव का जिक्र करते हुए इस मौके पर कहा कि वह गोरखपुर के रहने वाले हैं। जो कि उत्तर प्रदेश का एक टायर टू जिला है। वहां अच्छा शिक्षा प्राप्त कर नौकरी हासिल



करने के पर्याप्त मौके नहीं थे। अब समाज को कुछ वापस करने का समय आया है। यह हमारी जिम्मेदारी बनती है कि उत्तर प्रदेश इनवेस्टर समिट इनिशिएटिव का हिस्सा बनें। हमारा लक्ष्य प्रदेश की उन्नति और विकास की यात्रा में सहभागी बनना है। हमारी कंपनी की ओर से 200 करोड़ रुपए के निवेश से फिनेटक के क्षेत्र में 2000 नौकरी पैदा होंगी। कंपनी नौकरियों के सृजन में तेज गति से बढ़ोतरी करने में सफल साबित होगी।

पिछले सालों को मुकाबले करीब छह गुना अधिक इजाफा किया जाएगा। कंपनी का अनुमान है कि अगले पांच साल में पांच हजार रोजगार पैदा किए जाएंगे। उन्होंने कहा उत्तर प्रदेश कारोबार को सुगम बनाने की श्रेणी में चमकता हुआ राज्य है। महेश शुक्ला ने कहा हम इस निवेश को लेकर रोमांचित हैं और जल्द इसे शुरू करने के उत्सुक हैं।

## नीरव मोदी के बहनोई से जुड़ी याचिका बॉम्बे हाईकोर्ट के पास भेजी गई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने भगोड़े नीरव मोदी के बहनोई मैनक मेहता को विदेश जाने की अनुमति दिए जाने को चुनौती देने वाली याचिका बॉम्बे उच्च न्यायालय के पास भेजी। सुप्रीम कोर्ट ने उच्च न्यायालय से नीरव मोदी के बहनोई मैनक मेहता को हांगकांग जाने की अनुमति देने के खिलाफ सीबीआई की याचिका पर चार सप्ताह में फैसला करने को कहा।

कोर्ट ने मामले में अदालत से चार सप्ताह में नए सिरे से फैसला सुनाने को कहा। नीरव मोदी पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) धोखाधड़ी मामले में आरोपी है। सीबीआई का आरोप है कि मेहता ने पीएनबी धोखाधड़ी मामले में बड़ी मात्रा में हेराफेरी की राशि को अपने व अपनी पत्नी के बैंक खाते में भेज दिया था।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला की पीठ ने कहा कि सीबीआई और मेहता दो सप्ताह की अवधि के भीतर हाईकोर्ट में अतिरिक्त दस्तावेज दाखिल कर सकते हैं और उसके बाद दो सप्ताह के भीतर याचिका पर फैसला किया जाएगा।

## दुनिया की सबसे बड़ी इंटरनेशनल प्लास्टिक एग्जीबिशन प्लास्टइंडिया 2023 सफलतापूर्वक संपन्न हुई

### पांच दिनों में 3.60 लाख विजिटर्स की उपस्थिति देखी गई

**लखनऊ।** अब दुनिया की सबसे बड़ी प्लास्टिक एग्जीबिशन बन चुकी इंटरनेशनल प्लास्टिक एग्जीबिशन प्लास्टइंडिया 2023 का 11वां एडीशन शानदार रूप से सफल रहा। 5-दिवसीय सम्मेलन (1 फरवरी से 5 फरवरी) में 3.60 लाख विजिटर्स की भारी भीड़ देखी गई। प्लास्टिक इंडस्ट्री के लिए सबसे व्यापक एग्जीबिशंस में से एक, लगभग 1800 एग्जीबिटर ने प्लास्टइंडिया 2023 में अपने लेटेस्ट विश्व-स्तरीय प्रोसेसिंग मशीनरी, रॉ मैटेरियल, रिसाइक्लिंग टेक्नोलॉजी और लेटेस्ट ऑटोमेशन टेक्नोलॉजी का प्रदर्शन किया। एग्जीबिटर्स सफलतापूर्वक पोटेंशियल कस्टमर्स तक पहुंचे और अपने व्यवसाय को बढ़ाने के लिए नए एवेन्यू की पहचान की। 5 दिनों में कई हाई वैल्यू ट्रांजेक्शन किए गए। माननीय रसायन और उर्वरक और स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री मनसुख भाई मंडाविया की अध्यक्षता में हाई-पावर्ड सीईओ कॉन्क्लेव का आयोजन एग्जीबिशन वेन्यू पर किया



गया। कॉन्क्लेव में 90 से अधिक इंडस्ट्री लीडर्स और सीईओ ने भाग लिया और इस बात पर विचार-विमर्श किया कि भारतीय प्लास्टिक इंडस्ट्री अपनी पूरी क्षमता तक कैसे पहुंच सकती है। इस बात पर सहमति हुई कि उद्योग और नीति निमार्ता हाथ से हाथ मिलाकर चलेंगे ताकि नीतियां उद्योग के लिए हतोत्साह करने के बजाय उत्साहजनक हो सकें। भारतीय प्लास्टिक इंडस्ट्री को ग्लोबल सोर्सिंग हब बनने के लिए एक उपयुक्त वातावरण प्रदान करने के लिए यदि कुछ बदलाव किए जाने हैं तो नीति निमार्ता इस बारे में विचार करने के लिए तैयार हैं। इस अवसर पर रसायन और उर्वरक मंत्रालय के रसायन विभाग के संयुक्त सचीव श्री अरुण बरोका भी मौजूद थे। एग्जीबिशन के दौरान, प्लेक्सकॉनसिल के सहयोग से आरबीएसएम मीटिंग्स भी आयोजित की गईं, जिसमें भारत से अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विभिन्न देशों के 300 से अधिक खरीदारों ने भाग लिया। आरबीएसएम सफलतापूर्वक प्लास्टिक उत्पादों/मशीनरी और मोल्ड के संभावित विदेशी खरीदारों को भारत लाया। सफल एग्जीबिशन पर बोलते हुए, प्लास्टइंडिया फाउंडेशन के अध्यक्ष श्री जिगीश दोशी ने कहा, रमुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि प्लास्टइंडिया का अब तक का सबसे बड़ा एडिशन - प्लास्टइंडिया 2023 को एक शानदार सफलता मिली है। चूंकि यह एक बिजनेस-ऑनली एग्जीबिशन थी, जिसमें इंडस्ट्री से लेकर कच्चे माल, मशीनरी और तैयार माल की पूरी रेंज एक ही छत के नीचे प्रदर्शित की गई थी, जिसे एग्जीबिटर और विजिटर्स दोनों ने बहुत फायदेमंद पाया।

## एनएसई फोन टैपिंग मामले में दिल्ली हाई कोर्ट ने चित्रा रामकृष्ण को जमानत दी,

**मुंबई।** एनएसई फोन टैपिंग से जुड़े धनशोधन के मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय ने चित्रा रामकृष्ण को जमानत दे दी है। उनपर मनी लाउंड्रिंग के आरोप थे। चित्रा रामकृष्ण कथित फोन टैपिंग मामले में सीबीआई मामले में पहले से ही जमानत पर हैं। विस्तृत आदेश का पालन करना है। न्यायमूर्ति जसमीत सिंह ने कहा कि आवेदक को जमानत दी जाती है।

उन्होंने कहा, "आवेदन स्वीकार किया जाता है। एनएसई की पूर्व प्रबंध निदेशक को पहले कथित एनएसई को-लोकेशन घोटाले में सीबीआई ने गिरफ्तार किया गया था। इस मामले प्रवर्तन निदेशालय ने पिछले साल 14 जुलाई को उन्हें गिरफ्तार किया था। उच्च न्यायालय ने पिछले साल सितंबर में सीबीआई से जुड़े मामले में उन्हें जमानत दे दी थी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मौजूदा मामले में उनकी जमानत याचिका का इस आधार पर विरोध किया था कि वह साजिश के पीछे 'मास्टरमाइंड' हैं।

## अडाणी की ज्यादातर कंपनियों के घाटे में शेयर, अडाणी एंटरप्राइजेज 20% गिरा

**नई दिल्ली।** अडाणी समूह की ज्यादातर कंपनियों के शेयर बृहस्पतिवार को शुरूआती कारोबार में घाटे में नजर आए। समूह की प्रमुख कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज के शेयर 20 प्रतिशत गिए गए। अडाणी समूह की लगभग नौ कंपनियां लाल निशान में कारोबार कर रही थीं, जबकि एक कंपनी हरे निशान पर कारोबार कर रही थी। अडाणी एंटरप्राइजेज के शेयर 20 प्रतिशत की गिरावटर के साथ 1,834.90 रुपये प्रति शेयर पर थे, जो बीएसई पर उसका निचला स्तर है। कंपनी का बाजार पूंजीकरण शुरूआती कारोबार में घटकर 2.38 लाख करोड़ रुपये रह गया। अडाणी पोर्ट्स और स्पेशल इकोनॉमिक जोन के शेयर 5.59 प्रतिशत गिर गए और प्रति शेयर की कीमत 565.95 रुपये रह गई। सुबह के सत्र में, अडाणी पावर के शेयर पांच प्रतिशत गिरकर 172.90 रुपये प्रति शेयर रह गया। इसी तरह अडाणी



ट्रांसमिशन, अडाणी ग्रीन एनर्जी और अडाणी टोटल गैस भी शुरूआती कारोबार में पांच-पांच प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार कर रही थीं। अंबुजा सीमेंट के शेयर 5.44 प्रतिशत गिरकर 363.45 रुपये पर, एनडीटीवी के शेयर 2.09 प्रतिशत गिरकर 223 रुपये पर और एसीसी के शेयर 3.63 प्रतिशत गिरकर 1,901.85 रुपये पर कारोबार कर रहे थे। अडाणी समूह की 10 सूचीबद्ध कंपनियों में से सिर्फ एक कंपनी- अडाणी विल्मर हरे निशान में कारोबार कर रही थी। अडाणी विल्मर के शेयर पांच प्रतिशत बढ़त के साथ बीएसई पर 440.30 रुपये प्रति शेयर पर कारोबार कर रहे थे।

## दिसंबर तिमाही में एलआईसी का शुद्ध मुनाफा 8334 करोड़ रुपये रहा

**नई दिल्ली।** भारतीय जीवन बीमा निगम ने अपनी दिसंबर तिमाही के आंकड़े जारी कर दिए हैं। जीवन बीमा निगम के अनुसार इस दौरान उसका शुद्ध मुनाफा बढ़कर 8334 करोड़ हो गया है। पिछले साल इसी तिमाही में कंपनी का मुनाफा 235 करोड़ रुपये रहा था। जुलाई से सितंबर के क्वार्टर के दौरान बीमा क्षेत्र की दिग्गज कंपनी का शुद्ध मुनाफा 15952 करोड़ रुपये रहा था।

वहीं अप्रैल से जून की तिमाही में बीमा कंपनी का शुद्ध मुनाफा 682.9 करोड़ रुपये था। दिसंबर तिमाही में कंपनी का नेट प्रीमियम इनकम बढ़कर 1.11 लाख करोड़ हो गया है। पिछले वर्ष की इसी तिमाही में यह 97,620 करोड़ रुपये था। इसमें 14.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। कंपनी का पहले साल का प्रीमियम यानी नया बिजनेस प्रीमियम दिसंबर तिमाही में बढ़कर 9724.71 करोड़ करोड़ रुपये हो गया है। पिछले वर्ष दिसंबर तिमाही में यह 8,748.55 करोड़ रुपये था।

## मेटा ने जी20 स्टे सेफ ऑनलाइन कैंपेन के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के साथ साझेदारी की

**नई दिल्ली।** मेटा ने जी20 स्टे सेफ ऑनलाइन कैंपेन के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के साथ साझेदारी की है। इलेक्ट्रॉनिक्स और आई मंत्रालय मंत्रालय के साथ अपनी साझेदारी के तहत, मेटा विभिन्न चैनलों के माध्यम से अलग-अलग भारतीय भाषाओं में मददगार संसाधनों का निर्माण कर उन्हें साझा करेगा। इसका मकसद ऑनलाइन सुरक्षित रहने के बारे में जागरुकता फैलाना है। जी20 स्टे सेफ ऑनलाइन के तहत संसाधनों द्वारा कई थीम्स को कवर किया जाएगा। इसमें ऑनलाइन धोखाधड़ी से निपटने, हानिकारक सामग्री की रिपोर्ट करने के तरीकों, ऑनलाइन बातचीत करते समय खुद को सुरक्षित रखने के सुझावों और ऐसे बहुत सारे विषयों को शामिल किया जाएगा। भारत एक ट्रिलियन डॉलर की डिजिटल अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है और ऐसे समय में जब भारत जी20 की अध्यक्षता कर रहा है, यह रणनैतिक साझेदारी न केवल मौजूदा इंटरनेट यूजर्स की सहायता करेगी और उन्हें आवश्यक जानकारियों से सुसज्जित करेगी, बल्कि भारत में तेजी से बढ़ते नए इंटरनेट यूजर्स के लिए भी फायदेमंद होगी। माईगवर्नमेंट के सीईओ, आकाश त्रिपाठी ने कहा कि, भारत के टेकएड संबंधी प्रधान मंत्री मोदी के विजन के अंतर्गत, हम डिजिटल को तेजी से अपनाते हुए देख रहे हैं और इस वृद्धि के साथ आसानी से उपलब्ध टूल्स एवं संसाधन तैयार करने की जरूरत है ताकि यूजर्स को बढ़ते साइबर अपराधों से बचाया जा सके।

इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय में हमने भारत की जी20 की अध्यक्षता के इस वर्ष में एक स्टे सेफ ऑनलाइन कैंपेन डिजाइन किया है और हमें खुशी है कि मेटा जैसी टेक कंपनियां गंभीर ऑनलाइन खतरों से सुरक्षित समावेशी डिजिटल स्पेस का निर्माण करने के सरकार के सपने में सहयोग करने के लिए आगे आ रही हैं।

## बजट 2023 भारत के एसएमई और स्टार्टअप ईकोसिस्टम को बढ़ावा देगा



**नई दिल्ली।** स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के मुख्य निवेश अधिकारी अमित पमनानी ने कहा कि हम 2023-24 बजट घोषणाओं का खुले दिल से स्वागत करते हैं। उद्योग, स्टार्टअप्स, वेतनभोगी और बिजनेस क्लास जैसे अधिकांश सेगमेंट को बजट में सेविंग्स का उपहार दिया गया है। भारत अब वैश्विक स्तर पर तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप ईकोसिस्टम है और उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) द्वारा देश भर में मान्यता प्राप्त 100+ यूनिकॉर्न और 80,000 से अधिक स्टार्टअप्स के साथ इनोवेशन में दूसरे स्थान पर है। 2023 के बजट का मकसद कर लाभों का फायदा उठाकर एक मजबूत ईकोसिस्टम बनाना है। तीन साल की कर लाभ योजना का लाभ उठाने के लिए स्टार्टअप के गठन की तारीख को एक और साल यानी 31 मार्च, 2024 तक बढ़ाया जा रहा है। इसके अलावा, भविष्य में होने वाले लाभ से भरपाई करने के लिए घाटे को आगे ले जाने की अनुमति अब 7 साल के बजाय 10 साल के लिए दी जाएगी। इससे लाभान्वित होने वाले प्रमुख क्षेत्र में कृषि तकनीक शामिल है। आम बजट 2023 को किसान समर्थक बजट के रूप में देखना उत्साहजनक है, जिसमें युवा उद्यमियों द्वारा एग्री-स्टार्टअप्स को प्रोत्साहित करने के लिए एग्रीकल्चर एक्सीलेटर फंड की स्थापना के साथ ही वित्त मंत्री ने पशुपालन, डेयरी और मत्स्यन क्षेत्र के लिए कृषि ऋण लक्ष्य को 20 लाख करोड़ रुपये तक बढ़ाने की घोषणा की है। 'अमृत काल' के लिए सरकार का दृष्टिकोण मजबूत सार्वजनिक वित्त और सुदृढ़ वित्तीय क्षेत्र के साथ फिनटेक उद्योग में इनोवेशन को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। इसे बढ़ावा देने के लिए, सरकार डिजी-लॉकर के दायरे का विस्तार कर रही है ताकि व्यक्तियों, स्टार्टअप्स और चैरिटेबल संगठनों को अपने यूजर्स को तत्काल सेवाएं प्रदान करने के लिए अधिक दस्तावेज उपलब्ध कराए जा सकें। यह योजना मूलभूत पहचान के रूप में डिजी लॉकर, पैन और आधार का उपयोग करके स्थापित की जाने वाली विभिन्न एजेंसियों द्वारा मेनटेंन किए गए पहचान के मिलान और अपडेटिंग के लिए वन स्टॉप समाधान प्रदान कर रही है। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 के अंतर्गत अगले तीन वर्षों के भीतर लाखों युवाओं को कौशल प्रदान करने का लक्ष्य है। भारतीय युवा-केंद्रित यह योजना, उद्योग 4.0 के लिए कोडिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, मेक्ट्रोनिक्स, आईओटी, 3डी प्रिंटिंग, ड्रोन तथा अन्य सॉफ्ट स्किल्स जैसे नए जमाने के पाठ्यक्रम प्रदान करने पर जोर देगी। ऐसे स्किल सेट्स और स्मार्ट क्लास मॉडल की लर्निंग के बढ़ते ट्रेंड से एडटेक स्टार्टअप्स को बढ़ावा मिलेगा।

## गूगल को चैटबॉट बार्ड बनाना पड़ा महंगा:प्रमोशनल वीडियो के सवाल का गलत जवाब दिया, 8250 अरब रुपए का नुकसान



गूगल को अपने चैटबॉट बार्ड रिवील करने के बाद नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। इसके चलते बुधवार को गूगल की पैरेंट कंपनी अल्फाबेट के शेयर्स में भारी गिरावट आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बार्ड की लॉन्चिंग के बाद करीब 100 अरब डॉलर यानी 8250 अरब रुपए का नुकसान हुआ है। बताया जा रहा है कि इसकी वजह गूगल का प्रमोशनल वीडियो है, जिसमें गलती देखी गई है।

दरअसल, लॉन्चिग के प्रमोशनल वीडियो में बार्ड से एक सवाल पूछा गया था, जिसमें था कि 9 साल के बच्चे को जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप की नई डिस्कवरी के बारे में क्या बताया जाना चाहिए? एआई बार्ड ने इसका जवाब दिया कि जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप का यूज मिल्की वे के बाहर के ग्रहों की फोटो लेने के लिए किया जाता है। हालांकि बार्ड का यह जवाब गलत है। चेटजीपटी से मुकाबला करने के लिए गूगल ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर 6 साल काम करने के बाद अपना चैटबॉट 'बार्ड रिवील किया है। एक ब्लॉग पोस्ट में गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने बताया था कि बार्ड क्या है और इसके कुछ बेसिक फंक्शानिटी के बारे में जानकारी दी थी। बार्ड एक एक्सपेरिमेंटल कन्वरसेशनल एआई सर्विस है। यह यूजर से कन्वर्सेशन के लिए कंपनी के लेंगवेज मॉडल डायलोग एप्लीकेशन पर रन करता है। पिचाई ने बताया कि 'बार्ड' वेब से इन्फॉर्मेशन हासिल करने में सक्षम होगा, जबकि चैटजीपीटी से ये पॉसिबल नहीं है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई पर काम करने वाली कंपनी ओपेनउआई ने एक नया चैटबॉट बनाया है। चैटबॉट यानी मशीन से चैट करना, लेकिन इसमें आपको इंसान से बात करने जैसी फीलिंग आएगी। इसका नाम है चैटजीपीटी यानी जेनेरेटिव प्रेट्रेन्ड ट्रांसफॉर्मर। यह एक कन्वर्सेशनल अकहै। एक ऐसा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जिसके साथ आप इंसानों की तरह बातचीत कर सकते हैं। यानी आप उससे कुछ भी पूछोगे तो वो आपको इंसानों की तरह डिटेल में लिखकर उस सवाल का जवाब क्रिस्प तरीके से देगा। यह काफी एक्यूरेट होगा। इसे 30 नवंबर 2022 को लॉन्च किया गया था।

## संक्षेप

### वी ने पेश किया गया कॉन्टेस्ट टेस्ट्स लगाओ, इनाम पाओ

**नई दिल्ली।** रोजाना होने वाली इस क्विज के जरिए छात्र अपने ज्ञान में सुधार ला सकते हैं और आकर्षक पुरस्कार जीत सकते हैं रिपोर्ट्स से पता चला है कि मस्ती, उत्सुकता और सक्रियता के साथ छात्रों के लर्निंग के स्तर में सुधार होता है। इसी दृष्टिकोण के साथ जाने-माने दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने सरकारी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सबसे भरोसेमंद एजुकेशनल ऐप परीक्षा के साथ साझेदारी में एक्सक्लुजिव रूप से वी ऐप पर विशेष प्रतियोगिता टेस्ट्स लगाओ, इनाम पाओ का लॉन्च किया है वी की ओर से पेश किया गया कॉन्टेस्ट टेस्ट्स लगाओ, इनाम पाओ एक डेली क्विज प्रतियोगिता है, जिसे विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के विषय को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। रोजाना 5 विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार और इनाम जीतने का मौका मिलेगा। इस प्रतियोगिता के माध्यम से यूजर टेस्ट्स में अपने परफोर्मेन्स के आधार पर पॉइन्ट्स हासिल कर सकते हैं और स्कोर बना सकते हैं रोजाना में टॉप स्कोर हासिल करने वाले विजेताओं को रु 500 का स्पेशल गिफ्ट वाउचर मिलेगा वहीं दूसरी ओर शेष चार विजेताओं (दूसरे से पांचवें स्थान पर आने वाले) को रु 249 के 1 साल के वी अनलिमिटेड पास दिए जाएंगे। यह प्रतियोगिता 10 फरवरी 2023 को समाप्त होगी।

### आईसीआरए ने द्वारिकेश शुगर की लॉन्गटर्म क्रेडिट रेटिंग एए प्लस से एए- में अपग्रेड की

**नई दिल्ली।** द्वारिकेश शुगर इंडस्ट्रीज लिमिटेड की लॉन्गटर्म रेटिंग को अपग्रेड किया है, जो 800 करोड़ रुपए की बैंक ऋण सुविधाओं के लिए लागू है। यह रेटिंग अब आईसीआरए ए प्लस से आईसीआरए एए- हो गई है। लॉन्गटर्म रेटिंग के आउटलुक को भी 'पॉजिटिव' से 'स्टेबल' में संशोधित किया गया है। इसके अलावा, आईसीआरए ने कंपनी के 300 करोड़ रुपए की कर्मशियल पेपर फैसेलिटी की रेटिंग आईसीआरए ए1 प्लस की फिर से पुष्टि की है। 'नए डवलपमेंट की रिव्यू के आधार पर, आईसीआरए की रेटिंग समिति ने उचित विचार के बाद, लॉन्गटर्म रेटिंग को आईसीआरए ए प्लस (उच्चारण आईसीआरए ए प्लस) से आईसीआरए एए- (उच्चारण आईसीआरए डबल ए माइनस) (रेटिंग) में अपग्रेड किया है। आईसीआरए की रेटिंग समिति ने उचित विचार के बाद आईसीआरए ए1 प्लस (उच्चारण आईसीआरए ए वन प्लस) पर शॉर्टटर्म रेटिंग की फिर से पुष्टि की है।' द्वारिकेश शुगर इंडस्ट्रीज लिमिटेड (डीएसआईएल) के ऋण कार्यक्रम का रेटिंग अपग्रेडेशन अनुकूल निर्यात संभावनाओं के अलावा इथेनॉल की ओर शुगर के बढ़ते मोड़ के साथ कार्यशील पूंजी में कम उधार जैसे सुधार के कारण है। परिचालन आय में डिस्टिलरी खंड के बढ़ते योगदान से नकदी प्रवाह में अधिक स्थिरता आ रही है, इसके अलावा इन्वेंट्री डेज में संकुचन हो रहा है, जिसके परिणामस्वरूप कार्यशील पूंजी चक्र में सुधार हो रहा है।'

### वीवो ने वीवो इग्नाइट के विजेताओं की घोषणा की

**नई दिल्ली।** इनोवेटिव ग्लोबल स्मार्टफोन ब्रांड वीनो ने अपनी देशव्यापी पहल - वीवो इग्नाइट, साइंस एंड इनोवेशन अवाड्र्स के नेशनल विनर्स की घोषणा मुख्य अतिथि राजेंद्र प्रसाद सिंह, मिनिस्ट्री ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के सीएसआईआर के आईएमडी हेड और चीफ साइंटिस्ट की उपस्थिति में द ग्रैंड, वसंत कुंज, नई दिल्ली में की। 25 नेशनल फाइनलिस्ट में से साइंटिफिकली रूप से सबसे इनोवेटिव और सोश्ली रिलेवेंट प्रोजेक्ट को प्रस्तुत करने वाले टॉप 10 स्टूडेंट को नेशनल विनर घोषित किया गया और 75,000 रुपए से 5,00,000 रुपए तक के कैश प्राइज के साथ ट्रॉफी और सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। वीवो इंडिया के ब्रांड स्ट्रेटजी हेड योगेंद्र श्रीरामुला ने कहा कि हम देश भर में वीवो इग्नाइट, साइंस एंड इनोवेशन अवाड्र्स के सभी प्रतिभागियों और इसके नेशनल वीनर्स को उनकी सफलता पर बधाई देते हैं। यह देखकर खुशी होती है कि भारत का भविष्य इतना आशाजनक है और ऐसे युवाओं के सक्षम हाथों में है, जो वर्ल्ड क्लास लीडर्स, थिंकर्स और इनोवेटर बनकर सामाजिक रूप से प्रासंगिक समस्याओं को हल करने की क्षमता रखते हैं। इस पहल के माध्यम से, हमारा उद्देश्य भारत की अगली पीढ़ी को अपने आइडिया प्रस्तुत करने के लिए एक प्लेटफार्म प्रदान करने के साथ-साथ इनोवेशन और क्रिएटिविटी को बढ़ावा देना है और युवाओं में प्रॉब्लम सॉल्विंग एप्रोच को प्रोत्साहित करना है। वीवो इग्नाइट की अवधारणा समाज पर सकारात्मक प्रभाव डालने वाले इनोवेशन के कल्चर को बढ़ावा देने के व्यापक दृष्टिकोण के साथ की गई थी। यह इनीशिएटिव क्लास 8 से 12 तक के सभी भारतीय स्टूडेंट के लिए खुली थी और सितंबर 2022 से फरवरी 2023 के बीच तीन स्टेज में आयोजित की गई थी, जहां छात्रों ने सिनॉप्सिस के साथ अपने आइडिया पेश किए।

### एनएसई फोन टैपिंग : चित्रा रामकृष्ण को धन शोधन मामले में मिली जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के कर्मचारियों की कथित जासूसी व फोन टैपिंग से जुड़े धन शोधन के मामले में एनएसई की पूर्व प्रमुख चित्रा रामकृष्ण को बृहस्पतिवार को जमानत दे दी। न्यायमूर्ति जसमीत सिंह ने कहा, आवेदन स्वीकार किया जाता है। आवेदक को जमानत दी जाती है। रामकृष्ण को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने कथित एनएसई को-लोकेशन घोटाले में गिरफ्तार किया था। उन्हें 14 जुलाई को ईडी ने हिरासत में लिया था। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मौजूदा मामले में उनकी जमानत याचिका का इस आधार पर विरोध किया था कि वह मुख्य साजिशकर्ता थीं। ईडी के अनुसार, फोन टैपिंग मामला 2009 से 2017 के बीच का है जब एनएसई के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) रवि नारायण, रामकृष्ण, कार्यकारी उपाध्यक्ष रवि वाराणसी, प्रमुख (परिसर) महेश हल्दीपुर तथा अन्य ने एनएसई तथा उसके कर्मचारियों से धोखाधड़ी करने की कथित साजिश रची थी। रामकृष्ण ने जमानत याचिका में दलील दी थी कि उनके खिलाफ कोई अनुसूचित अपराध नहीं बनता है और आरोप भी धन शोधन निवारण अधिनियम के दायरे में नहीं आते हैं। रामकृष्ण को 2009 में संयुक्त प्रबंध निदेशक (एमडी) एनएसई के रूप में नियुक्त किया गया था और 31 मार्च 2013 तक वह पद पर बनी रही। उन्हें एक अप्रैल 2013 को एमडी और सीईओ के रूप में पदोन्नत किया गया। एनएसई में उनका कार्यकाल दिसंबर 2016 में समाप्त हुआ था।

### इनफिनिटी रियलकॉन और सनहेवन एग्रो की परिसंपत्तियां नीलाम करेगा सेबी

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने बृहस्पतिवार को कहा कि निवेशकों के पैसे की वसूली के लिए वह आगामी 13 मार्च को चार कंपनियों- इनफिनिटी रियलकॉन, भारत कृषि समृद्धि इंडस्ट्रीज, रवि किरन रियल्टी इंडिया और सनहेवन एग्रो इंडिया की नौ परिसंपत्तियों की नीलामी करेगा। इन कंपनियों ने नियामकीय नियमों का पालन किए बिना निवेशकों से धन जुटाया था। सेबी ने एक अधिसूचना में बताया कि जिन नौ संपत्तियों की नीलामी की जाएगी, उनमें पूरे पश्चिम बंगाल में स्थित कुछ जमीन और एक बहुमंजिला इमारत शामिल हैं। इन संपत्तियों की कीमत तीन करोड़ रुपये आंकी गई है।

### ग्लोबल मार्केट में ईंधन सस्ता हुआ तो देश में घटेंगी एलपीजी कीमतें, स्मार्ट सिटी पर सरकार ने ये कहा

केंद्र सरकार ने गुरुवार को लोकसभा में कहा कि यदि अंतरराष्ट्रीय बाजार में ईंधन की कीमत 750 डॉलर प्रति मीट्रिक टन से नीचे आती है तो घरेलू एलपीजी को और भी किफायती दरों पर बेचा जा सकता है।केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने निचले सदन में कहा, 'अंतरराष्ट्रीय कीमत कई कारकों से तय होती है और मैंने जो विश्लेषण पढ़ा उसमें से एक में कहा गया है कि कुछ साल में यह सब बीते जमाने की बात हो जाएगी क्योंकि तक काफी मात्रा में गैस उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा, "लेकिन हमें अगले दो या तीन साल वर्तमान जैसी वैश्विक स्थिति से गुजरना होगा पर चीजें बेहतर हो रही हैं। केंद्रीय मंत्री उन सदस्यों के प्रश्नों का उत्तर दे रहे थे जिसमें पूछा गया था कि घरेलू गैस सिलेंडरों की लागत कम क्यों नहीं की जा रही है।

# 10 वर्ष से 7 करोड़ की लागत से 32 बेड का सीएचसी नहीं हो पाया हैण्डओवर

**यह है हाल**

**सीएमओ ने स्वास्थ्य केंद्र सहित सीएचसी का किया औचक निरीक्षण**



कर्मचारियों से वार्ता करते सीएमओ

**हलिया।** गुरुवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेंद्र प्रसाद गुप्ता ने हलिया विकास खंड के उच्च कृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गलरा का औचक निरीक्षण किया। उच्च प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आशा संगिनीयों एएन एम के प्रशिक्षण में भाग लिया तथा उन्होंने उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इसके बाद कोविड रजिस्टर को देखा बताया एएन एम को कहा कि नौनिहाल बच्चों को समुचित टीकाकरण कराया जाए। छोटे बच्चों को किटाणु की दवा भी दी जाए। जिससे अनेक बीमारियों से निजात मिल सकती है। इसके बाद उन्होंने 10 वर्ष से निष्क्रिय पड़ी लगभग 7 करोड़ की लागत से 32 वेड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गलरा का निरीक्षण किया। अधूरे निर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र वर्ष 2008 में कार्य प्रारंभ हुआ था जहां पर निर्माण निगम के ठेकेदार द्वारा अधूरे कार्य कर-के ही छोड़ दिया। अधूरे कार्यों की वजह से अस्पताल हैंडोवर नहीं हो पाई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अभी तक वायरिंग टाइल्स एवं कर्मचारियों के आवास अधूरे पड़े हैं। जिसके संबंध में संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई के बाद स्पेशल इन वी कैन टीम द्वारा जांच भी की जा रही है। अस्पताल का हैंडोवर न होने के कारण जिलाधिकारी के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने मौके की जांच कर रिपोर्ट जिलाधिकारी सहित शासन को सौंपने की बात कही है। इस दौरान चिकित्सक अभिषेक जायसवाल, पूर्व ग्राम प्रधान अरुण मिश्र आदि रहे।

## 25 हजार की वसूली, 12 कनेक्शनों का किया गया विच्छेदन

**लालगंज।** जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में राजस्व वसूली एवं बिजली चोरी रोकने के लिए गुरुवार को दोपहर लालगंज के लहंगपुर में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग अभियान के तहत बड़े बकायेदारों से 25 हजार की वसूली करते हुए 12 कनेक्शन विच्छेदन किया गया। चेकिंग में उपस्थित जेई रामकेश पटेल ने बताया कि यह अभियान प्रति दिन चलेगा।

जिन लोगों का 50 हजार के ऊपर विद्युत बिल बकाया है वह लोग तत्काल विद्युत उपकेंद्र लहंगपुर पर पहुंचकर विद्युत बिल जमा कर दें अन्यथा विद्युत चेकिंग में पकड़े जाने पर कनेक्शन काटते हुए उनके खिलाफ आरसी की कार्रवाई की जाएगी।

चेकिंग अभियान में रामकेश पटेल, यूपीसीएल के सर्वेश दुबे, लाइनमैन गुड्डू, राकेश विश्वकर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## होमगार्ड के जवानों को एसपी ने किया टार्च का वितरण

**जमालपुर।** पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने गुरुवार को जमालपुर थाने का वार्षिक निरीक्षण किया और पुलिस कर्मियों को जरुरी दिशा निर्देश दिए। इससे पूर्व पुलिस बल द्वारा एसपी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मालखाना, कम्प्यूटर कक्ष, बैरक, हवालात, मैस, शौचालय, लेखाकार कक्ष व अभिलेखों को बारिकी से देखा और परिसर के साफ सफाई का निरीक्षण करते हुए पुलिस के समक्ष उत्पन्न समस्यायों से अवगत हुए थाना प्रभारी मनोज कुमार से विभिन्न मामलों के बारे में जानकारी लेते हुए निरीक्षण में शस्त्र के बारे में पुलिस कर्मियों से सम्बंधित जानकारी लिया जिसके बाद थाना अदलहाट, चुनार एवं थाना



जमालपुर पुलिस सैनिकों एवं होमगार्डो का सम्मेलन किया गया। वही होमगार्ड के जवानों को टार्च का वितरण किया। जिसके बाद स्थानीय बाजार का पैदल रुट मार्च करते हुए बाजारवासियों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। इस दौरान सीओ चुनार उमा शंकर सिंह, अदलहाट थाना प्रभारी विजय कुमार चौरसिया, राकेश सिंह, इन्दु भूषण मिश्रा, विनय यादव, प्रधान हरिशरण मिश्रा, नरसिंह चौहान सहित तमाम पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## संक्षेप

### उत्साह के साथ मनाया गया हमारे आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम



**चील्ह।** विकास खंड कोन के पूर्व माध्यमिक विद्यालय तिलठी के प्रांगण में गुरुवार को ब्लाक स्तरीय हमारे आंगन हमारे बच्चे उत्सव बेसिक शिक्षा परिषद के मार्गदर्शन में उत्साह के साथ मनाया गया। मां सरस्वती के पूजन अर्चन के पश्चात मुख्य अतिथि खण्ड विकास अधिकारी कोन श्रीराम पाल व प्रधानाचार्य श्रमोद सिंह, सीडीपीओ कोन अनुसुइया सिंह व खण्ड शिक्षा अधिकारी कोन बृजेश कुमार राय व जन प्रतिनिधि ग्राम प्रधान तिलठी ओमप्रकाश दूबे का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी कोन बृजेश कुमार राय ने कार्यक्रम पर प्रकाश डाला। मेरे आंगन मेरे बच्चे कार्यक्रम में खण्ड विकास अधिकारी कोन ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी बच्चों को जो तीन साल के है उन्हें आंगनबाड़ी केंद्र से जोड़ा जाय व जो बच्चे छ वर्ष के हो गये है उन्हें प्राथमिक विद्यालय से अवश्य जोड़ा जाय। कार्यक्रम में निपुण बच्चों और उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में रामबहादुर खुशियाल, अली हुसैन, नवीन, ए आर पी जगदम्बा, राजेश, रमाकान्त, नौशीन, शालिनी, विष्णु कांत, आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में खण्ड शिक्षा अधिकारी कोन ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन ए आर पी विवेक कुमार पाठक ने किया।

### संदिग्ध परिस्थितियों में किसान की मौत

**राजगढ़।** स्थानीय थाना क्षेत्र अन्तर्गत एक किसान की बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार राजगढ़ थाना क्षेत्र अन्तर्गत निकरिका गांव निवासी कल्लू गुप्ता उम्र लगभग 45 वर्ष की बीती रात मौत हो गई। परिजनों ने उसे सुबह मृतावस्था में देखा तो उनके होश उड़ गए। परिजनों में हड़कंप मच गया। इसके बाद परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया। इस घटना के बाद आस पास में चर्चाओं का बाजार गर्म है। इस संबंध में थाना प्रभारी राणा प्रताप यादव ने बताया कि मृतक के परिजनों ने कोई जानकारी नहीं दिया है लेकिन मौत के कारणों का पता लगाया जा रहा है। इसके बाद कानूनी कार्रवाई किया जाएगा।

### 2 महिला समेत एक अवैध वेंडर को आरपीएफ ने किया गिरफ्तार

**मीरजापुर।** ट्रेन में चेकिंग के दौरान आरपीएफ पुलिस ने 2 महिला समेत एक अवैध वेंडर को गिरफ्तार किया। गुरुवार को ताप्ती गंगा एक्सप्रेस ट्रेन में आरपीएफ पुलिस द्वारा उच्चाधिकारियों के निर्देशन पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। जहां भीख मांगने वाली महिलाएं, ट्रेनों में अवैध तरीके से खाद्य सामग्री बेचने वाले अवैध पुरुष व महिलाओं के विरुद्ध कार्रवाई की गई। बताते चलें कि गुरुवार को ताप्ती गंगा एक्सप्रेस ट्रेन में चेकिंग के दौरान मीरजापुर चुनार की संयुक्त टीम ने 2 महिला विमला व रज्जो सहित एक अवैध वेंडर को गिरफ्तार किया गया। आरपीएफ द्वारा इन लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई की गई। इस मौके पर आरपीएफ उप निरीक्षक गौरव समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### छत से गिरकर बालक घायल

**लालगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के रामपुर कामता गांव निवासी 4 वर्ष का बालक गुरुवार को छत पर खेलते समय गिर जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया। घर पर मौजूद परिजन आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज ले गए। जहां पर चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद स्थिति गंभीर देखते हुए मंडलीय अस्पताल के लिए रेफर कर दिए। रामपुर कामता निवासी अनीश 4 वर्ष पुत्र भगवान दास मकान के ऊपर छत पर खेल रहा था कि अचानक फिसल कर नीचे गिर गया बालक को गिरते ही मौजूद परिजन आनन-फानन में लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज पहुंचे जहां पर चिकित्सक प्राथमिक उपचार किए जाने के बाद स्थिति गंभीर देखते हुए मंडलीय अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

### महाशिवरात्रि पर होगा भव्य श्रृंगार, 3 गरीब कन्याओं की होगी शादी

**मीरजापुर।** प्यारेलाल पोखरा चंदईपुर भगवान शिव के महाशिवरात्रि के अवसर पर भव्य श्रृंगार 3 जोड़ी गरीब कन्याओं की शादी 18 फरवरी को आहूत की गई है। यह वार्षिक श्रृंगार प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रखा गया है। यह जानकारी देते हुए समाजसेवी दिलीप सिंह गहरवार ने बताया कि शाम सायंकाल 6:00 भगवान भोलेनाथ का श्रृँगार होगा उसके उपरांत 3 गरीब कन्याओं की शादी कराई जाएगी।

### चबूतरा बना रहे 4 लोगों का पुलिस ने किया चालान

राजगढ़। विकास खंड क्षेत्र अन्तर्गत वन विभाग की जमीन पर कुछ लोग चबूतरा निर्माण कर रहे थे जिसकी जानकारी मिलते ही पुलिस प्रशासन ने गिरफ्तार कर शांति भंग की धारा में चालान कर दिया। थाना क्षेत्र अन्तर्गत चौखड़ा गांव के वन क्षेत्र में अवैध रूप से वन विभाग की जमीन पर कब्जा कर चबूतरा बना रहे थे। स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन को सूचित कर दिया। जिसके बाद मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने संजय कुमार पुत्र स्व राजेंद्र प्रसाद, नवमी पुत्र दादे, यशवंत राव पुत्र सूरज, प्रकाश पुत्र लालबहादुर निवासी चौखड़ा को गिरफ्तार कर एसडीएम अश्विनी कुमार सिंह के समक्ष पेश कर दिया। जिसके बाद एसडीएम ने शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए चारों व्यक्तियों का चालान कर दिया।

## बन्दियों को कौशल विकास योजनान्तर्गत किया जायेगा प्रशिक्षित : जिलाधिकारी



बैठक में शामिल अधिकारियों को संबोधित करतीं डीएम

**मीरजापुर।** उत्तर प्रदेश कौशल विकास योजनान्तर्गत जिला कारागार में कौशल विकास द्वारा बन्दियों को विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण दिलाये जाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आहूत की गयी।

बैठक में सी.जे.एम. रत्नेश श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी वि./रा. शिव प्रताप शुक्ल, जेल अधीक्षक, जिला विकास अधिकारी श्रवण कुमार राय, परियोजना निदेशक डी.आर.डी.ए.अनय मिश्रा के अलावा जिला कार्यक्रम प्रबन्धक इकाई के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा जेल अधीक्षक को निर्देशित करते हुये कहा कि कारागार में प्रशिक्षण प्रदान करने के लिये उचित कक्ष की व्यवस्था तथा कैदियों की इच्छित ट्रेड में कांउसलिंग कराते हुये बैच व समूह का निर्माण किया जाय। बैच व समूह का निर्माण करते हुये समय कैदियों के आवश्यक दस्तावेज एवं फोटो प्रशिक्षण प्रदाता को उपलब्ध कराया जाय। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशिक्षण में उपस्थिति दर्ज कराने के लिये बायोमैट्रिक उपस्थिति के लिये आधार का होना भी आवश्यक किया जाय। उन्होने प्रशिक्षण प्रदान करने वाले चयनित प्रशिक्षण प्रदाताओं की सूची जेल अधीक्षक को उपलब्ध करा दी जाय। बैठक में यह भी बताया गया कि पंजीकृत कैदियों का मूल्यांकन किया जाय तथा मूल्यांकन के उपरान्त ही उतीर्ण कैदियों को प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जायेगा। बन्दी कैदियों की अवधि (कोर्स की अवधि के अनुसार) कम से कम तीन माह से छः माह तक होना चाहियें।

### 1 लाख 80 हजार के अवैध गांजा के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान तथा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री पर अंकुश लगाते हुए तस्करी में संलिप्त आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्ष को निर्देश दिया गया। उक्त निर्देश के अनुक्रम में बुधवार को प्रभारी निरीक्षक मड़िहान मय पुलिस बल द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर मड़िहान थाना क्षेत्र से 02 आरोपी अनिल कुमार सोनकर पुत्र साधुराम सोनकर निवासी राजपुर आमघाट थाना कोतवाली देहात मीरजापुर व मुकेश मौर्या पुत्र ललई मौर्या निवासी कतरन पहाड़ी थाना को0देहात मीरजापुर को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 08 किलो 150 ग्राम अवैध गांजा कीमत करीब 1.80 लाख बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना मड़िहान पर धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया। पकड़े गये आरोपियों ने पूछताछ में बताया गया कि हम लोग रायपुर छत्तीसगढ़ से गांजा खरीद कर लाते है और जिसे छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर घूमकर व अपने आस-पास के क्षेत्रों में बिक्री करते है। जिससे अर्जित धनराशि को आपस में बाँटकर अपनी भौतिक सुख सुविधाओं की पूर्ति एवं जीविकोपार्जन करते है।

# सपा जिलाध्यक्ष को भरना पड़ा 2.39 लाख का ब्याज

**जुर्माना**

**धोबी समाज की जमीन का मिला था 38.5 लाख का मुआवजा**

**अपने खाते में लिया था सपाध्यक्ष ने, जिला प्रशासन ने की कार्रवाई**



समाज की धर्मशाला

**मीरजापुर।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी को 2 लाख 39 हजार 25 रुपया व्याज जमा करना पड़ा। विन्ध्य कारिडोर के लिए धोबी की जमीन के मुआवजा का मिला 38,49,398 लाख अपने बैंक खाता में जमा कराया था। जिस पर धोबी समाज के सुनील चौधरी ने धन हड़पने का आरोप लगाया था। जिस पर जिला प्रशासन ने धन वापसी के साथ ही ब्याज देने का आदेश दिया था।

विन्ध्य रजक धोबी सुधार समिति का विंध्याचल में धर्मशाला स्थित है। जिसका कुछ हिस्सा विंध्य कारिडोर में लिया गया। जिसके मुआवजा के तहत समाज को 38,49,398 लाख दिया गया। समाज समिति का नवीनीकरण न होने के कारण यह धनराशि देवी प्रसाद चौधरी जो सपा के भी जिलाध्यक्ष हैं ने अपने खाते में ले लिया। करीब डेढ़ साल से अधिक का समय बीत गया। समाज को रुपया न मिलने पर समाज के लोगों ने उन पर धन हड़पने की शिकायत जिलाधिकारी से किया। आरोप लगाया कि मुआवजा की धनराशि हड़पने के लिए अलग से समाज का संगठन बनाने की साजिश में लगे है। जबकि कुछ लोग पुराने संगठन का नवीनीकरण कराना चाहते है। समाज की करोड़ों की संपत्ति को अपना बताकर रजिस्ट्री किया गया था। उसके धन को भी अपने खाते में जमा किया गया। अब नया संगठन बनाकर अपना वर्चस्व कायम रखने के लिए साजिश किया जा रहा है।

शिकायत के बाद पर्यटन अधिकारी ने देवी प्रसाद चौधरी को मूल धन ब्याज के साथ वापस करने का निर्देश दिया था। जिस पर उन्होंने स्पेशल लैण्ड एक्विसन आफिसर के सरकारी खाता में रुपया जमा किया। इसकी जानकारी जिलाधिकारी दिव्या मित्तल से मुलाकात कर दिया।

## संक्षेप

### गेहूं खरीद की तैयारी शुरू

**ज्ञानपुर।** किसानों को गेहूं उपज बेचने में कोई परेशानी न हो। साथ ही उन्हें अपनी उपज का अच्छा मूल्य भी मिले। शासन ने किसानों के गेहूं का समर्थन मूल्य को 110 रुपये बढ़ा दिया है। केंद्रों पर पिछले वर्ष 2015 रुपये प्रति क्विंटल गेहूं खरीदा गया था। जबकि इस बार 2125 रुपये क्विंटल मूल्य निर्धारित किया गया है। उधर शासन की ओर से एक अप्रैल से गेहूं खरीद शुरू करने के लिए तय किए गये समय को देखते हुए विपणन विभाग तैयारी में जुट चुका है। जिला विपणन अधिकारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि अभी कितने गेहूं की खरीद होगी। कितने केंद्र बनेंगे। इसका लक्ष्य नहीं तय किया गया है। वैसे विपणन विभाग के हाट गोदामों पर तैयारी करने का निर्देश दिया गया है और जितने केंद्र बनाने का निर्देश आएगा, उसके अनुरूप कार्रवाई तय की जाएगी। भले ही अभी गेहूं की फसल तैयारी की ओर बढ़ रही हो लेकिन शासन गेहूं उपज की खरीद को लेकर तैयारी शुरू करने का निर्देश जारी कर दिया है। इस बार समर्थन मूल्य में भी वृद्धि की गई है।

### गैरइरादतन हत्या के आरोपी गिरफ्तार

**ज्ञानपुर।** थाना कोइरौना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बनकट निवासी गैर इरादतन हत्या के आरोपी ह्रदय नारायण चौबे पुत्र केदार नाथ चौबे द्वारा लापरवाही पूर्वक दीवार गिराने से दो सगे भाइयों की मृत्यु हो गयी थी।घटना के संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना कोइरौना पर आरोपी के विरुद्ध सम्बन्धित धाराओं में नामजद मुकदमा पंजीकृत कर विवेचनात्क कार्यवाही प्रचलित की गई। एसपी के निर्देश पर कोइरौना पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए उक्त अभियोग से संबंधित आरोपी ह्रदय नारायण चौबे को बनकट मोड़ से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के उपरांत चालान न्यायालय किया गया।

### शिव सती के महामिलन का पर्व है महाशिवरात्रि

**ज्ञानपुर।** भारतीय संस्कृत में हिंदू धर्म शास्त्रों के अनुसार ब्रह्मा विष्णु और महेश त्रिदेव में भगवान शिव संपूर्ण ब्रह्मांड के पालनहार अकाल मृत्युहर्ता तथा सर्व सिद्धीदाता माने गए हैं। भगवान शिव की महिमा में फाल्गुन मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी के दिन महाशिवरात्रि का पर्व हर्षोल्लास से मनाने की परंपरा है। शिव महापुराण के अनुसार प्रजापति दक्ष की कन्या सती का विवाह भगवान शिव से इसी दिन हुआ था। पौराणिक मान्यता है कि चतुर्दशी तिथि के दिन निशा बेला में भगवान शिव ज्योतिर्लिंग के रूप में अवतरित हुए थे जिसके फलस्वरूप महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाता है। प्रमुख ज्योतिषविद गोपाल जी शुक्ल ने बताया कि फाल्गुन कृष्ण पक्ष चतुर्दशी तिथि 18 फरवरी शनिवार की रात्रि 8.30 मिनट पर लगेगी जो अगले दिन 19 फरवरी रविवार को दिन में 4.19 तक रहेगी। चंद्रोदय व्यापिनी चतुर्दशी तिथि महा निशिथ मां अनिश्चितकाल रात्रि 11.43 से 12.33 तक मध्य रात्रि में भगवान शिव की पूजा विशेष फलदाई होती है। महाशिवरात्रि से ही प्रत्येक मांह हर मासिक शिवरात्रि का व्रत प्रारंभ किया जाता है। ऐसी धार्मिक मान्यता है कि मासिक शिवरात्रि व्रत से सुख सौभाग्य की प्राप्ति होती है।

### रोडवेज बसों की रात्रि कालीन सेवा बहाल

**भदोही।** घने कोहरे के चलते बीते दिनों उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों की बंद सेवा को बहाल कर दिया गया है। अब रात मे भी बसे चल सकेगी। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम ने नवंबर माह के अंतिम सप्ताह में रात्रि कालीन बस सेवा को बंद कर दिया था। निगम का मानना था कि घने कोहरे के चलते रात मे दृश्यता कम हो जाती जिससे सड़को पर हादसे भी हो रहे थे। यात्रियो के जानमाल की सुरक्षा को ध्यान में रखकर निगम की ओर से रात्रि कालीन सेवा बंद कर दी गई थी। निगम की ओर से यह निर्देश दिया गया था कि बस संचालन के दौरान रास्ते में जहां कोहरा दिखे बस को पास के ही डिपो पुलिस थाना या फिर किसी ढाबे पर खड़ी कर दी जाए। कोहरी छटने या फिर सुबह होने पर बस को संचालित किया जाए। निगम के रात्रि कालीन सेवा बहाली पर आलू कारोबारी लालचंद ने कहा कि वह कानपुर छिबरामऊ से आलू का कारोबार करते थे दिन भर मार्केट करने के बाद रात को बस से गंतव्य तक पहुच जाते थे। दिन भर खरीदारी कर रात मे चल देते थे उनका एक दिन का समय बच जाता था।

जनसंदेश टाइम्स प्रा. लि. के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** 8/6 ताशकंद मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
स्थानीय सम्पादक - प्रवीण कुमार कुशवाहा
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. -0532 - 2400063
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46202**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13.

# बिजली विभाग के चेकिंग अभियान में 6 पर एफआईआर

**सख्ती**

**बिजली विभाग की टीम ने 50 लोगों का कनेक्शन काटा , 5 लाख 51 हजार रुपए वसूला सम्मन शुल्क**

जनसंदेश न्यूज

**भदोही।** बिजली विभाग ने गुरुवार को अभियान चलाकर भदोही नगर के लगभग सभी मोहल्लों में सघन चेकिंग की।

चेकिंग के दौरान बिजली विभाग 125 उभोगताओं की जांच की जांच में टीम ने 50 लोगो का कनेक्शन काटा , 5 लाख 51 हजार रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया।

आधा दर्जन लोगो पर एफआईआर दर्ज कराया गया। अवर अभियंता प्रमोद चौहान ने मशाल रोड मेन रोड तकिया कल्लन शाह, अजीमुल्ला चौराहा, काजीपुर आदि इलाके में चेकिंग की, चेकिंग के दौरान 13 लोगो का कनेक्शन कटा, वसूली 1.75 लाख सम्मान शुल्क वसूला। अवर अभियंता ज्योति प्रकाश ने चौरी रोड, रजपुरा, पिपरिस, राघोपुर में चेकिंग की, 18 लोगो का कनेक्शन काटा 1.75 लाख रुपए की वसूली की साथ ही छह लोगो पर एफआईआर दर्ज किया गया।



मेन रोड पर अवर अभियंता प्रमोद चौहान के नेतृत्व में जांच करती विद्युत विभाग की टीम

अवर अभियंता सुजीत पटेल ने मामदेवपुर, नई बाजार में चेकिंग करते हुए 8 लोगों का कनेक्शन काटा, 1.26 लाख की वसूली की। इसी तरह अवर अभियंता मनोज कुमार ने दारोपुर, काशीपुर में चेकिंग करते हुए 11 कनेक्शन काटा साथ ही 75 हजार रुपये की वसूली किया। बिजली विभाग की चेकिंग के दौरान शहर के विभिन्न मोहल्लों में अफरा तफरी मची रही। कई जगह लोग अपने कनेक्शन आदि ठीक करते देखे गए।

## तमंचे के बल पर मिनी बैंक संचालक से 80 हजार की लूट

**बेखौफ**

**दिनदहाड़े लूट की वारदात से मची सनसनी, एसपी ने सीओ को लगाई फटकार**



जनसंदेश न्यूज

**ज्ञानपुर।** सुरियावां थाना क्षेत्र के विजईपुर में नकाबपोश दो बदमाशों ने गुरुवार को मिनी बैंक संचालिका से तमंचे के बल पर 80 हजार रुपये लूट लिए। दिनदहाड़े हुई इस वारदात से इलाके में सनसनी मच गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार और अपर पुलिस अधीक्षक राजेश भारती मौके पर पहुंचे। मिनी बैंक संचालिका से पूछताछ की। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर जांच कर रही है।

घटना के सम्बन्ध में बताया जाता हैं कि विजईपुर निवासी सविता देवी केवला देवी कॉलेज के पास बैंक ऑफ बड़ौदा का मिनी बैंक चलाती हैं। दोपहर करीब दो बजे दो युवक उनके काउंटर पर पहुँच कर तमंचे के बल पर पैसा छीन लिए और भागने लगे। महिला के अनुसार उन्हें रोकने की कोशिश की तो बदमाशों ने धक्का देकर गिरा दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पूरे इलाके में सनसनी मच गई। मौके पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार महिला से बातचीत कर घटना की जानकारी ली। वहीं क्षेत्राधिकारी भदोही अजय चौहान को फटकार लगाते हुए गशत बढ़ाने का निर्देश दिया। केवला देवी कॉलेज के आसपास लगे सीसीटीवी की फुटेज को खंगाला जा रहा है। पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि घटना के हर पहलू की जाँच की जा रही हैं शीघ्र ही मामले का जल्द खुलासा कर दिया जाएगा।

## डीएम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय स्थायी समिति की बैठक संपन्न

**भदोही।** जिला स्तरीय स्थायी समिति की बैठक जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता मे कलेक्ट्रेट कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक में जिला प्रशासन एव पत्रकारो के मध्य सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाये जाने के उद्देश्य से चर्चा की गयी। पत्रकारो द्वारा बताया गया कि वर्तमान समय में जनपद में पत्रकारो के उत्पीड़न से सम्बंधित एक भी मामला विचाराधीन नही है बल्कि प्रशासन के साथ सौहार्दपूर्ण सम्बंध कायम है।

शासन के निर्देश के क्रम में स्थायी समिति के गठन में डीएम अध्यक्ष, पुलिस अधीक्षक पदेन सदस्य, जिला सूचना अधिकारी पदेन सचिव तथा मान्यता प्राप्त पत्रकार होगे।

इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी डॉ. पंकज कुमार सहित सभी मान्यता प्राप्त प्रेस प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## रेकी कर वाहनों की लूट करने वाले दो शातिर चढ़े पुलिस के हत्थे

**सफलता**

**शातिर लुटेरों के विरुद्ध जनपद सहित महाराष्ट्र राज्य में चोरी, लूट जालसाजी व हत्या के प्रयास सहित डेढ़ दर्जन अभियोग हैं पंजीकृत**

जनसंदेश न्यूज

**भदोही।** गत 27 जनवरी की रात्रि में थाना भदोही क्षेत्र अन्तर्गत रजपुरा फेस 1 से अज्ञात चोरों द्वारा बाहर खड़ी की गयी सेवरेले बीट कार चोरी कर लिया गया। घटना के सम्बन्ध में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी।

थाना भदोही व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त टीम द्वारा अथक प्रयास व इलेक्ट्रानिक साक्ष्य संकलित कर घटना में शामिल 02 शातिर अन्तर्राज्यीय वाहन चोरों रविशंकर पाल पुत्र छोटेलाल पाल निवासी रूद्रपुर धौरहरा थाना व जिला भदोही, अनिल यादव पुत्र बब्बू यादव निवासी कंचनपुर थाना खीरी जिला प्रयागराज को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारशुदा वाहन चोरों के कब्जे से थाना स्थानीय पर वाहन चोरी की घटना के सम्बन्ध में पंजीकृत 02 अभियोगों से सम्बन्धित चोरी की एक अदद सेवरेले बीट कार व मोटरसाइकिल पैशन प्रो कीमती करीब 04 लाख 20 हजार रुपये बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर पंजीकृत अभियोग का सफल अनावरण करते हुए शत-प्रतिशत माल की बरामदगी सुनिश्चित की गयी। गिरफ्तारशुदा अन्तर्राज्यीय अभियुक्त वाहन चोरी व लूट करने के अभ्यस्त अपराधी है, जिनके विरुद्ध जनपद सहित महाराष्ट्र राज्य में चोरी, लूट,जालसाजी व हत्या के प्रयास सहित गम्भीर अपराधों के लगभग डेढ़ दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उ.नि. महेश कुमार सिंह (प्रभारी चौकी रजपुरा), हे.का.अबरार अहमद,प्रभारी स्वाट टीम उ.नि.प्रदीप कुमार, हे.का.तुफैल अहमद, हे.का. नरेन्द्र सिंह, हे.का. नागेन्द्र यादव , का. मन्नू सिंह रहे।

# जनपद स्तरीय निवेश कुम्भ कालीन एक्सपो मार्ट में आज से

**तैयारी पूरी**

**उद्यमी, निर्यातक एवं इच्छुक निवेशक कार्यक्रम में मौजूद रहकर विभिन्न योजनाओं से होंगे लाभांवित**

जनसंदेश न्यूज



कालीन एक्सपो मार्ट

**भदोही।** जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र के उपायुक्त उद्योग उमेश चन्द्र वर्मा ने बताया कि 10 से 12 फरवरी तक जनपद भदोही के कारपेट एक्सपो मार्ट, कारपेट सिटी भदोही में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के परिपेक्ष्य में तीन दिवसीय ₹जनपद स्तरीय निवेश कुम्भ₹ का आयोजन किया जा रहा है। जिसका उद्घाटन शुक्रवार को पूर्वान्ह 10 बजे एवं समापन 12 फरवरी को होगा।

इस कार्यक्रम में जनपद भदोही में निवेश करने वाले उद्यमियों को प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न पालिसियों के अन्तर्गत जैसे-होटल, वाटर पार्क, मैरिज लान, रिसार्ट आदि में निवेश करने पर पर्यटन पालिसी के अन्तर्गत टेक्सटाइल सेक्टर में इकाई स्थापित करने पर टेक्सटाइल पालिसी के अन्तर्गत, डेयरी सेक्टर सम्बन्धित इकाईयों की स्थापना में निवेश करने पर डेयरी प्रोडक्शन पालिसी के अन्तर्गत इसी तरह हास्पिटल मेडिकल कालेज, स्कूल, डायग्नोसिस सेन्टर आदि में निवेश करने वाले को सम्बन्धित पालिसियों में लाभ दिये जाने हेतु एवं विभिन्न विभागों में संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दी जायेगी।

जनपद के उद्यमियों, निर्यातकों एवं इच्छुक निवेशको से अपील किया कि उक्त कार्यक्रम में उपस्थित होकर शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर उसका लाभ उठायें।

# हंटर के साथ मानवीय पहल हमारी कार्यशैली

**खास मुलाकात**

रवि प्रकाश सिंह

शासन की मंशा के तहत महिलाओं की सुरक्षा हो या अपराध पर लगाम लगाने के लिए कमिश्नरेट पुलिस की पहल और कार्रवाई तो जारी है लेकिन ये तब और सार्थक हो जाता है जब इसकी कमान एडीसीपी वूमेन क्राइम कमिश्नरेट ममता रानी के हाथ में हो। चाहे नारी मिशन शक्ति की बात हो या एंटी रोमियो टीम की कार्रवाई, दो परिवारों को टूटने से बचाना हो। छात्राओं को उनके अधिकार और पुलिस सहायता के बारे में जानकारी देनी हो या महिलाओं को जागरूक करना हो। इतना ही नहीं ड्यूटी से हटकर मानवीय पहल इनके काम को अलग पहचान देता है। यहीं वजह है कि यहां आने वाले मामलों को ना केवल गंभीरता से लिया जाता है बल्कि जांच कर कार्रवाई और उस कार्रवाई की डे टू डे रिपोर्ट की जांच एडीसीपी ममता रानी करती हैं। जन संदेश टाइम्स से खास मुलाकात में ममता रानी ने महिलाओं से जुड़े मामले और अपराध के प्रति कार्रवाई की बात को खुलकर सामने रखा।

**महिला अपराध पर नजरिया संवेदनशील रखने की चुनौती**



## 72 फीसद मामले विवाहेत्तर संबंध से जुड़े

वैवाहिक संबन्धों से हटकर विवाहेत्तर संबंध पति और पत्नी के बीच बिखराव और दरार की वजह बन रहे हैं। महिला अपराध में 72 फीसद मामले एक्टा मैरिटल अफेयर के हैं। एडीसीपी वूमन क्राइम ममता रानी बताती हैं कि ऐसे में अगर शिकायतें मिलती हैं तो दोनों पक्षों को बुलाकर काउंसलिंग करायी जाती है ताकि बिखराव और टकराव को रोका जा सके। वहीं दूसर नंबर पर दहेज उत्पीड़न के मामले और तीसरे नंबर पर बेटी का पैदा होना भी महिला अपराध की वजह बन रही है।

## ट्रांसजेंडरों के अधिकारों को मिलेगा संरक्षण और सुरक्षा

ट्रांसजेंडरों के अधिकार और सुरक्षा के लिए छह सदस्यीय टीम गठित की गयी है। जिसमें जिलाधिकारी के निर्देशन में नोडल अधिकारी ममता रानी को बनाया गया है साथ ही सामाजिक सेवा से जुड़े दो लोगों को भी शामिल किया गया है। टीम ने वर्क शुरु कर दिया है हालांकि अभी ट्रांसजेंडरों से जुड़ा कोई मामला सामने नहीं आया है।

## पहले रेड नोटिस फिर यलो, इसके बाद जेल

एक तरफ एंटी रोमियो टीमें थानेवार तो काम कर ही रही हैं दूसरी तरफ जिला स्तरीय एंटी रोमियो टीमें एडीसीपी ममता रानी के अंडर में काम करती हैं। उन्होंने बताया कि महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित कराने के लिए एंटी रोमियो की टीम लगातार काम कर रही है। पहले पकड़े गये शोहदों को रेड कार्ड नोटिस दिया जाता है फिर यलो नोटिस के साथ कार्रवाई। जनवरी महीने की बात की जाय तो कमिश्नरेट में चेकिंग की कुल कार्रवाई 2207 स्थानों पर की गयी। इस दौरान 7954 लोगों से पूछताछ, 489 को रेड कार्ड यानी चेतावनी देकर छोड़ा गया, साथ ही आईपीसी 294 के तहत पांच को नामजद किया गया और कार्रवाई हुई।

**जनसंदेश टाइम्स की 11 साल की बेमिसाल विकास यात्रा में उल्लेखनीय सहयोग प्रदान करने वाले नगर की प्रमुख विज्ञापन एजेंसियों के अधिष्ठाता हुए सम्मानित**



मीडियाथीम- शशिभूषण तिवारी



अशिवा मीडिया सलूशन (ए.एम.एस.)- धर्मेन्द्र त्रिपाठी



मारवाह एडवरटाइजिंग प्रा.लि. - विशाल मारवाह



व्यापार प्रचार संस्थान - आलोक दूबे



डीएस लिंक मीडिया - राजेन्द्र दूबे



क्रिएटिव मीडिया- पीयूष त्रिपाठी



एम.एस.ए. - शेखर/मनीष श्रीवास्तव



नेटवर्क मीडिया - अश्वनी



यूनिवर्सल एडवरटाइजिंग- भगवान दास अढ़तिया

# भारतीय सिद्धांतों से ही नई दुनिया बनेगी : डॉ. कर्ण सिंह

**विश्व शांति का सपना साकार करना है तो भारतीय सिद्धांतों को जानना जरूरी : इन्द्रेश कुमार**

**अध्यात्म और विज्ञान के समन्वय से ही दुनिया में शांतिः डॉ. विश्वनाथ कराड**

**ज्ञान, विज्ञान, अध्यात्म के विश्व सम्मेलन का विश्वनाथ धाम में हुआ उद्घाटन**





**वाराणसी।** बीएचयू के पूर्व कुलाधिपति पद्मविभूषण डॉ. कर्ण सिंह ने कहा कि नया समाज और नई दुनिया बनाने के लिए वसुधैव कुटुंबकम और बहुजन सुखाय बहुजन हिताय जैसे भारतीय सिद्धांत बहुत महत्वपूर्ण है। इसी के बदौलत संपूर्ण मानव का कल्याण होने वाला है। माईर्स एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी, पुणे, की ओर से काशी विश्वनाथ धाम कारिडोर के त्रंबकेश्वर हाल में आयोजित त्रिदिवसीय 9वें ज्ञान, विज्ञान, अध्यात्म और दर्शनशास्त्र के प्रथम दिन गुरुवार को उद्घाटन के मौके पर डॉ. कर्ण सिंह बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। डॉ. कर्ण सिंह ने कहा कि ज्ञानयोग, भक्ति योग, कर्मयोग और राजयोग इन सिद्धांतों के पालन करने से संपूर्ण मानव जाति का उद्धार होगा। सृष्टि के सारे धर्मों में मानव कल्याण की बात कही गई है। सभी भारतीय संत एवं दार्शनिकों ने राजयोग के बदौलत मानव कल्याण के कार्य करते हुए उन्हें नई राह दिखाई है। राजयोग आत्मिक शक्तियों की कुंजी है। इन्हीं के बदौलत नई सृष्टि का निर्माण होने वाला है। कार्यक्रम में मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के अध्यक्ष इंद्रेश कुमार ने कहा कि विश्व शांति का सपना साकार करना है तो भारतीय सिद्धांतों को जानना जरूरी है। इंसान होते हुए भी कुछ लोगों ने बुराई का हाथ थामा है वह गलत है। आम आदमी को सम्मान, शिक्षा व रोटी-कपड़ा व मकान चाहिए। लेकिन कुछ लोग हाथों में बम-गोली भी रखते हैं। कुछ लोग नफरत व गुस्सा रखते हैं। अगर लोग नफरत व गुस्सा छोड़ दे तो विश्व शांति हो सकती है। अगर हर धर्म दूसरे धर्म की अच्छाई बताये तो मानवता आ जायेगी। चाइना ने कोरोना से मानव जाति को मारने का प्रयास किया लेकिन भारत ने उन्हें बचाने का प्रयास किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी के संस्थापक डॉ. विश्वनाथ डी. कराड ने कहा कि अध्यात्म और विज्ञान के समन्वय से ही दुनिया में शांति आ सकती है। सारी दुनिया को सुख, शांति और समाधान का मार्ग केवल भारत माता ही दिखाएंगी। यह कॉरिडॉर अब ज्ञान की भाषा में तब्दिल होना चाहिए. धर्म ग्रंथ ही जीवन ग्रंथ होता है. इसलिए अंतिम सत्य की खोज में लगना है। योगी साधक अमरनाथ ने कहा कि जहां ज्ञान है वहां विद्वता होती है. प्राचीन सिद्धांतों पर अनुसंशोधन कर दुनिया के सामने रखने का समय आ गया है. सदियों से ज्ञान प्राप्त है अब विज्ञान उसी के आधार पर नई नई खोज कर रही है। इसके मंथन से जो निकलेगा उससे ही मानव कल्याण होने वाला है। अब हमें आत्मिक ढंग से सोचने की जरूरत है। डॉ. योगेंद्र मिश्र ने कहा, प्रत्येक व्यक्ति सुख की खोज में है। ऐसे में पुणे के एमआईटी डब्ल्यूपीयू की ओर से जो विश्व शांति का सराहनीय कार्य चल रहा है। इसलिए सारी दुनिया विश्व कल्याण की अपेक्षा भारत के पास है। जीवन में अकड़ों मत सदैव झुके रहिये। सत्य पर चलते हुए समय का सद्?उपयोग करना चाहिए। जीवन में व्यसन का तिरस्कार और वैराग्य का प्रयास करना चाहिए। प्रो.डॉ. गौतम बापट ने सूत्र संचालन और प्रो. स्वाती कराड चाटे ने सभी का आभार व्यक्त किया।





## संकट मोचन दरबार में कर्ण सिंह ने टेका मत्था

बीएचयू के पूर्व कुलाधिपति डॉ. कर्ण सिंह ने बुधवार दोपहर संकट मोचन हनुमत दरबार में मत्था टेका। मंदिर के महंत प्रो. विश्वंभर नाथ मिश्र से मुलाकात की। करीब डेढ़ घंटे की मुलाकात के दौरान उन्होंने काशी में गंगा की स्थिति पर विमर्श किया। प्रो. विश्वंभर नाथ मिश्र ने कहा कि गंगा को प्रदूषित होने से बचाने के लिए प्रभावी कदम उठाने की जरूरत है। गंगा में गिरते नाले पर भी उन्होंने चिंता जताई।

# सूर्य ने बदली अपनी चाल, 13 से होंगे शनि संग

राधेश्याम कमल

**वाराणसी।** भारतीय ज्योतिष में सूर्य ग्रह का नवग्रहों में प्रमुख स्थान माना जाता है। सूर्य ग्रह के राशि परिवर्तन से जनमानस को व्यापक प्रभाव देखने को मिलता है। ज्योतिष गणना के मुताबिक मेष से मीन राशि तक सूर्य ग्रह हर मास अपनी राशि बदलते हैं। जिसका व्यापक असर पूरे विश्व क्षितिज पर देखने को मिलता है। प्रख्यात ज्योतिषविद् पं. विमल जैन के मुताबिक सूर्य ग्रह मकर से कुंभ राशि में 13 फरवरी सोमवार को प्रातः 9.45 मिनट से प्रवेश करेंगे। जो कि 15 मार्च बुधवार को प्रातः 6.34 मिनट तक इसी राशि में रहेंगे। एस एक माह की अवधि कुंभ संक्रांति के नाम से जानी जायेगी। इस दिन सूर्य, बुद- मकर राशि में, चन्द्रमा,केतु-तुला राशि में, मंगल-वृषभ राशि में, गुरु मीन राशि में, शुक्र, शनि-कुंभ राशि तथा राहू-मेष राशि में विराजमान रहेंगे।

**अप्रत्याशित घटनाओं की रहेगी भरमार**

**मेष, वृषभ, कन्या व धनु राशि वाले को मिलेगी विशेष कामयाबी**

## विश्व में होगी राजनीतिक उथल-पुथल

इसके फलस्वरूप विश्व में अनेक अप्रत्याशित घटनाओं से जनमानस को रूबरू होना पड़ेगा। विश्व में राजनैतिक उथल-पुथल देखने को मिलेगी। राजनीति में आपसी खींचतान का जोर बढ़ेगा। सत्ता पक्ष व विपक्ष में किसी मुद्दे विशेष से वैचारिक विशमताएं व तनाव देखने को मिलेगी। कहीं-कहीं पर राजनैतिक अस्थिरता भी बनी रहेगी। नये राजनैतिक व आर्थिक घोटाले भी सामने आयेंगे। शेयर, वायदा, मुद्रा व धातु बाजार में घटा-बढ़ी के साथ तेजी व मंदी का रुख रहेगा। कई बार तो निवेशक हतप्रभ रह जायेंगे।

## द्वादश राशियां होंगी प्रभावित

पं. विमल जैन के अनुसार नवग्रहों के परिवर्तन से द्वादश राशियां भी प्रभावित होंगी। मेष, वृषभ, कन्या व धनु राशि वाले विशेष लाभान्वित होंगे। जबकि मिथुन, कर्क, सिंहतुला, वृच्छिक, मकर, कुंभ व मीन राशि वालों को सूर्य ग्रह के विपरित प्रभाव से रूबरू होना पड़ेगा।

मेष- नवयोजना का शुभारंभ, उपहार या सम्मान का लाभ, राजकीय पक्ष से लाभान्वित।
वृषभ- सामयिक सिद्धि के लिए प्रयत्नशील, कठिनाइयों में कमी, परिवार में मंगल आयोजन।



मिथुन- उन्नति में बाधा, सामयिक सिद्धि का प्रयास निष्फल, स्वजनों में तनाव।
कर्क- व्यय की अधिकता, स्वास्थ्य सुख में व्यतिक्रम, वाहन से चोट चपेट, शत्रुओं से कष्ट।
सिंह- विचारित कार्यों में विलंब, आपसी अनबन, जीवन में तनाव।
कन्या- नवसंपर्क लाभदायक, धनागम का सुअवसर, शत्रु परास्त, आरोग्य सुख।
कन्या- कार्यों में बाधा, पारिवारिक अशांति, यात्रा अशाफल, मित्रों से अनबन।
तुला- व्यवसायिक प्रगति में अड़चन, संतान को लेकर चिंता, पारिवारिक मतभेद उजागर।
वृश्चिक-कार्यों में बाधा, पारिवारिक अशांति, यात्रा अशाफल, मित्रों से अनबन, अनावश्यक भ्रमण।
धनु- नवीन योजना का श्रीगणेश, ज्ञान विज्ञान में अभिरूचि, बुद्धि चातुर्य से विवाद का समापन, विविध पक्षों में सफलता।
मकर- स्वास्थ्य सुख में व्यतिक्रम, व्यय की अधिकता, लाभ में कमी, आपसीजनों से कष्ट, यात्रा में निराशा।
कुंभ- व्यक्तिगत परेशानी, क्रोध की अधिकता, आर्थिक लाभ में कमी, आपसीजनों से कष्ट।
मीन- उन्नति में बाधा, सिद्धि का प्रयास निष्फल, स्वजनों से तनाव, व्यय में अधिकता, व्यर्थ भ्रमण।